वर्ष 69 ▸▸ अंक 199 ▸▸ पृष्ठ 12+8= 20
भोपाल, शनिवार 18 अप्रैल, 2026
▸▸ वैशाख शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2083
▸▸ महानगर ▸▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"दुश्मन को माफ करना आसान है, लेकिन दोस्त को माफ करना ज्यादा कठिन होता है।
- विलियम ब्लेक

## ऑफ बीट

### ज्यादा शराब पिलाने पर 2.3 करोड़ मुआवजा



*अमेरिका में एक क्रूज यात्रा के दौरान महिला को जरूरत से ज्यादा शराब परोसना एक कंपनी को भारी पड़ गया। अदालत ने कंपनी को दोषी मानते हुए पीड़िता को लगभग 2.3 करोड़ रुपए (करीब 2.7 लाख डॉलर) का मुआवजा देने का आदेश दिया है। मामला 45 वर्षीय डायना सैंडर्स से जुड़ा है, जो जनवरी 2024 में क्रूज यात्रा पर गई थीं। उन्हें महज 9 घंटे के भीतर कम से कम 14 शॉट्स टकीला परोसी गईं। इस अत्यधिक शराब सेवन के बाद जब वे बार से बाहर निकलीं, तो कुछ ही देर में सीढ़ियों से गिर गईं। इस हादसे में उनके सिर और पीठ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद डायना ने कंपनी के खिलाफ अदालत में मामला दर्ज कराया।*

## आईपीएल में आज

**दिल्ली बनाम बेंगलुरु**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से
**हैदराबाद बनाम चैन्नई**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियोहॉटस्टार पर

**परिणामः गुजरात ने कोलकाता को 5 विकेट से हराया।**

# महिला आरक्षण से संबंधित 131वां संविधान संशोधन बिल गिरा, पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट

# विपक्ष का नहीं मिला साथ, '54' से चूकी सरकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** महिला आरक्षण से जुड़े संविधान (131वां संशोधन) बिल को लोकसभा में आवश्यक बहुमत नहीं मिल पाया और यह 54 वोटों से गिर गया। लगभग 21 घंटे की लंबी बहस के बाद इस बिल पर वोटिंग कराई गई। कुल 528 सांसदों ने मतदान किया। इनमें से 298 वोट पक्ष में आए जबकि विपक्ष में 230 सांसदों ने वोटिंग की।

संविधान संशोधन बिल होने के कारण इसे पारित करने के लिए दो-तिहाई बहुमत यानी 352 वोटों की जरूरत थी। लेकिन सरकार को केवल 298 वोट ही मिल सके। इस तरह बिल 54 वोटों से गिर गया। लोकसभा की कुल 543 सीटों में से कुछ सीटें खाली होने के कारण प्रभावी संख्या कम थी, लेकिन फिर भी सरकार आवश्यक आंकड़ा जुटाने में नाकाम रही। सरकार को पहले से अंदाजा था कि उसके पास आवश्यक संख्या नहीं है। इसके बावजूद अंतिम समय तक समर्थन जुटाने की कोशिशें जारी रहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन अलग-अलग मौकों पर सांसदों से अपील की। उन्होंने 13 अप्रैल को सांसदों को पत्र लिखकर समर्थन देने की अपील की। 16 अप्रैल को लोकसभा में कहा- 'हमें क्रेडिट नहीं चाहिए, विपक्ष ले ले।' 17 अप्रैल को सोशल मीडिया पर अंतरात्मा की आवाज से वोट देने की अपील की। गृहमंत्री अमित शाह ने भी सदन में जोरदार भाषण दिया और कहा कि अगर बिल पास नहीं हुआ तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष पर होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि देश की महिलाएं इस फैसले को याद रखेंगी।

(नंबर गेम सरकार के खिलाफ था, नैरेटिव सेट करने लाए विधेयक- पेज-11)



### पहली बार महत्वपूर्ण बिल पारित नहीं करा सकी मोदी सरकार

*यह पिछले 12 वर्षों में पहली बार है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसी महत्वपूर्ण विधेयक को सदन में पारित कराने में असफल रही है। सरकार महिला आरक्षण को लागू करने की दिशा में इस बिल को महत्वपूर्ण मान रही थी। इसके तहत लोकसभा की कुल सीटों को 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव था, ताकि महिलाओं को बढ़ी हुई सीटों में से 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।*

**सरकार का तर्क**
सीटों की संख्या बढ़ाए बिना आरक्षण लागू करना व्यावहारिक रूप से कठिन होगा, क्योंकि इससे मौजूदा सांसदों की सीटों पर असर पड़ता।

**विपक्ष का आरोप**
यह बिल सिर्फ महिला आरक्षण के लिए नहीं लाया गया, बल्कि परिसीमन के जरिए राजनीतिक संतुलन को बदलने का प्रयास किया गया था।


### दो अन्य बिलों पर नहीं कराई वोटिंग

***सरकार ने परिसीमन को लेकर इस दौरान दो अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी पेश किया था।***

- परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026
- केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल 2026

हालांकि इन दोनों पर सरकार ने वोटिंग से इनकार कर दिया। सरकार का कहना था कि ये तीनों बिल आपस में जुड़े हुए हैं, इसलिए एक ही बिल पर फैसला पर्याप्त है।

### पीएम ने की थी अपील- अंतरात्मा की सुनें सांसद



इसके पहले शुक्रवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सांसदों से 131वें संविधान संशोधन बिल के समर्थन में वोटिंग की अपील की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मैं सभी सांसदों से कहूंगा कि आप अपने घर में मां-बहन-बेटी-पत्नी सबका स्मरण करते हुए अपनी अंतरात्मा को सुनिए। देश की नारीशक्ति की सेवा का, उनके वंदन का ये बहुत बड़ा अवसर है। उन्हें नए अवसरों से वंचित नहीं करिए। ये संशोधन सर्वसम्मति से पारित होगा, तो देश की नारीशक्ति और सशक्त होगी। देश का लोकतंत्र और सशक्त होगा। उन्होंने लिखा कि 'संसद में इस समय नारीशक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन पर चर्चा चल रही है। कल रात भी एक बजे तक चर्चा चली है। जो भ्रम फैलाए गए, उनको दूर करने के लिए तर्कबद्ध जवाब दिया गया है। हर आशंका का समाधान किया गया है। जिन जानकारियों का अभाव था, वो जानकारियां भी हर सदस्य को दी गई हैं। किसी के मन में विरोध का जो कोई भी विषय था, उसका भी समाधान हुआ है। महिला आरक्षण के इस विषय पर देश में चार दशक तक बहुत राजनीति कर ली गई है।' प्रधानमंत्री की इस अपील के बावजूद लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक गिर गया और सरकार 54 मतों से यह बिल पारित कराने से चूक गई।

### भारत ने देख लिया, 'इंडिया' ने रोक दिया: राहुल




संविधान (131वां) संशोधन बिल के गिरने पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा- संशोधन विधेयक गिर गया। उन्होंने महिलाओं के नाम पर, संविधान को तोड़ने के लिए, असंवैधानिक तरकीब का इस्तेमाल किया। भारत ने देख लिया। 'इंडिया' ने रोक दिया। जय संविधान। इससे पहले सदन में राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा, 'यह महिला आरक्षण बिल महिलाओं को सशक्त नहीं बनाएगा। यह शेमफुल कानून है। उन्होंने कहा कि पुराना कानून लाओ हम समर्थन देंगे। यह सिर्फ भारत के निर्वाचन क्षेत्र के नक्शे को बदलने के लिए है।' उन्होंने कहा, 'भारत के इतिहास में यह सबसे कड़वा सच है। मैं इसके बारे में सब जानता हूं। यह ओबीसी, दलित वर्गों के लिए क्रूरता वाला बिल है। सभी जानते हैं कि ओबीसी, दलित और महिलाओं के साथ क्या होता है।' राहुल गांधी ने कहा- केंद्र ओबीसी वर्गो के भाई बहनों से अधिकार छीनना चाहता है। वे संविधान के ऊपर मनुवाद हावी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि असल में यह बिल देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश है। महिला आरक्षण को ढाल बनाकर सरकार राजनीतिक फायदे के लिए परिसीमन कराना चाहती है।

### कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता उजागरः सीएम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संसद में महिला आरक्षण से जुड़े अहम विधेयक को पारित न होने देने को कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता बताया है। उन्होंने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय बताया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के प्रति कांग्रेस की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता आज एक बार फिर उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और इसका जवाब समय पर अवश्य देगी।

### बिल को गिराकर जश्न मनाना निंदनीय: शाह



अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा- आज लोकसभा में बहुत अजीब दृश्य दिखा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए जरूरी संविधान संशोधन बिल को कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने पारित नहीं होने दिया। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के बिल को गिरा देना, उसका उत्साह मनाना और जयनाद करना सचमुच निंदनीय और कल्पना से परे है। अब देश की महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण, जो उनका अधिकार था, वह नहीं मिल पाएगा। कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने यह पहली बार नहीं किया, बल्कि बार-बार किया है।

### बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है विधेयक का विरोध



यदि किसी देश में महिलाओं के अधिकारों से जुड़े विधेयक का विरोध किया जाए और उसे राजनीतिक उपलब्धि के रूप में देखा जाए, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में आगे भी प्रयास जारी रहेंगे।
**- किरेन रिजिजू**, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री

### महिला आरक्षण का नहीं किया विरोध



समाजवादी पार्टी या विपक्ष ने कभी महिला आरक्षण का विरोध नहीं किया, लेकिन जो महिलाओं के हक का हरण करना चाहते थे, उनके लिए विपक्ष ने लक्ष्मण रेखा खींच दी है। महिलाओं को आरक्षण मिले, लोकतंत्र में उन्हें उनका स्थान मिलना चाहिए उसके हम पक्ष में हैं।
**- अखिलेश यादव**, सपा प्रमुख

### प्रियंका बोलीं- मसीहा का खोखला प्रयास



प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा- संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण इस देश की महिलाओं का हक है जो उनको मिलने से कोई नहीं रोक सकता। एक दिन यह हकीकत में परिवर्तित होकर रहेगा। मगर बदनीयती से इसे 2011 की जनगणना और उस पर आधारित परिसीमन से जोड़कर प्रधानमंत्री जी का महिलाओं का मसीहा बनने का खोखला प्रयास आज नाकाम रहा। आज, देश के विपक्ष ने अपनी दृढ़ता और एकजुटता दिखाकर भारत के लोकतंत्र और इसकी अखंडता को अक्षुण्ण रखा है। भारत की राजनीति में आज का दिन ऐतिहासिक माना जायेगा।

### भाजपा नेता की हत्या का मामला

## कांग्रेस विधायक समेत 17 दोषियों को उम्रकैद



**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक में विशेष अदालत ने कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी समेत 16 अन्य आरोपियों को 2016 में भाजपा नेता योगेशगौड़ा गौडर की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने सजा का ऐलान किया। इसी सप्ताह सभी आरोपियों को हत्या और आपराधिक साजिश का दोषी ठहराया था। मामले की जांच सीबीआई ने की थी। मामला धारवाड़ में जिला पंचायत सदस्य योगेशगौड़ा की हत्या का था।

### खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से झटका

## ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने से किया इनकार



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि उन्हें राहत के लिए सीधे असम की अदालत का रुख करना चाहिए। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई के दौरान खेड़ा को फटकार भी लगाई। अदालत ने कहा कि याचिका में गड़बड़ी गंभीर मामला है, इसलिए जमानत बढ़ाने का कोई आधार नहीं बनता। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल तुषार मेहता ने आरोप लगाया कि तेलंगाना हाईकोर्ट में दाखिल याचिका के साथ आधार कार्ड के अलग-अलग हिस्सों में भिन्न जानकारी दी थी।

# ईरान ने होर्मुज खोला, ट्रंप ने कहा- शुक्रिया, अगले दौर की वार्ता जल्द

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान ने सीजफायर के दौरान दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्ग होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने का ऐलान किया है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने बताया कि इस दौरान सभी कमर्शियल जहाजों को सुरक्षित आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। अराघची के अनुसार, जहाजों के लिए एक सुरक्षित रूट तय किया गया है, जिसकी निगरानी ईरान का पोर्ट्स और मैरीटाइम संगठन करेगा, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। इस फैसले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर ईरान को धन्यवाद दिया और कहा कि होर्मुज स्ट्रेट का खुलना वैश्विक सप्लाई के लिए अहम कदम है। हालांकि ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी अभी जारी रहेगी और अंतिम समझौते तक बनी रह सकती है।



पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली अहम वार्ता के अगले दौर की मेजबानी के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह बातचीत अगले सप्ताह इस्लामाबाद में हो सकती है, जिसका मकसद पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को खत्म कर शांति समझौते की दिशा में आगे बढ़ना है।

अंतरराष्ट्रीय एजेंसी आईएईए के अनुसार, ईरान के पास 5-6 टन तक एनरिच्ड यूरेनियम मौजूद है, जिसमें से करीब 120-130 किलोग्राम 60 फीसदी तक शुद्ध किया जा चुका है।

**दावा: ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार, ईरान बोला- हवाई बातें**

ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान अपने संवर्धित यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच शांति समझौता 'काफी करीब' है। हालांकि ईरानी मीडिया ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिका 'हवाई बातें' कर रहा है।

**2,358 भारतीय निकाले**

इस बीच भारत ने बड़ी राहत कार्रवाई करते हुए ईरान से अब तक 2,358 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इन लोगों को पहले आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचाया गया, जहां से उनकी भारत वापसी कराई जा रही है।

**सीजफायर लागू:** इजराइल-लेबनान के बीच 10 दिन का सीजफायर लागू हो गया है। अमेरिका की मध्यस्थता से यह शांति वार्ता आगे बढ़ी है।

# सिंगरौली: 5 बदमाशों ने दिनदहाड़े 15 मिनट में की 15 करोड़ की लूट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सिंगरौली में शुक्रवार को दिनदहाड़े करोड़ों की बैंक डकैती हुई। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ब्रांच में 5 हथियारबंद बदमाशों ने महज 15 मिनट के भीतर करीब 15 करोड़ रुपये कीमत के सोने और जेवर के साथ 20 लाख रुपये कैश लूट लिये और फरार हो गए। बदमाशों ने बैंक मैनेजर के साथ मारपीट की और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना और रीवा के संभागीय प्रभारी स्पेशल डीजी अनिल कुमार विशेष विमान से सिंगरौली रवाना हुए। एसपी मनीष खत्री पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया। हालांकि आरोपी पकड़ में नहीं आए। पुलिस मुख्यालय ने बदमाशों की तस्वीरें जारी की हैं।

प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बैंक के भीतर बदमाशों ने लोगों और



सीसीटीवी में बदमाशों के चेहरे कैद हुए हैं। पुलिस ने तीन तस्वीरें जारी की हैं।

स्टाफ को डराने के लिए फायर भी किया। इसके बाद भी बैंक में वारदात की भनक बाहर मौजूद लोगों को नहीं लगी। बदमाश अपने साथ कपड़े का बोरा और पिट्ठू बैग लेकर आए थे। बैंक की इस ब्रांच में वारदात के वक्त कोई सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं था। लुटेरे बैंक की हर गतिविधि से वाकिफ थे। डकैतों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं। भागते समय बदमाशों का देसी कट्टा बैंक से कुछ दूर गिर गया, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

**13 किलो सोना और 20 लाख कैश लेकर फरार हुए बदमाश**

घटना दोपहर करीब एक बजे की है। बैंक में रोजमर्रा का काम चल रहा था। दो बदमाश हथियार लहराते हुए अंदर दाखिल हुए और वहां मौजूद ग्राहकों व कर्मचारियों को बंधक बना लिया। इसके तुरंत बाद उनके तीन और साथी बैंक के भीतर पहुंचे और बैंक के गेट को अंदर से बंद कर दिया। बदमाशों ने सबसे पहले मैनेजर से तिजोरी और लॉकर्स की चाबियां मांगी। इस दौरान जब मैनेजर ने विरोध किया, तो बदमाशों ने देसी कट्टे से उनके सिर पर वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। इसके बाद लुटेरों ने मैनेजर से चाबी छीनकर बैंक की तिजोरी में रखे 13 किलो सोने के जेवर और कैशियर के पास रखे लगभग 20 लाख रुपये कैश कपड़े के थैले और पिट्ठू बैग में भरे। बदमाशों ने महज 15 मिनट के भीतर वारदात को अंजाम दिया और बाहर खड़ी बाइकों पर सवार होकर फरार हो गए।

## पैरेंटिंग

### बच्चों का स्क्रीन टाइम नियंत्रित करना चाहते हैं, वहीं खुद भी दूर रहना होगा फोन से

# खुद फोन में डूबेंगे, तो बच्चों पर सख्ती लागू नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्मार्टफोन आज हमारी जिंदगी का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर परिवारों खासतौर पर माता-पिता और बच्चों के रिश्तों पर दिखाई दे रहा है। एक ओर माता-पिता बच्चों के स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर खुद उनके फोन इस्तेमाल की आदतें इन नियमों को कमजोर कर देती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे घर में देखते हैं। अगर माता-पिता हर समय फोन में व्यस्त रहते हैं, खाने के समय, बातचीत के दौरान या आराम के वक्त तो बच्चों के लिए यह 'सामान्य व्यवहार' बन जाता है।

दिल्ली की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट रचना के सिंह के अनुसार, '70 फीसदी से अधिक किशोर बताते हैं कि उन्होंने अपने माता-पिता को फैमिली टाइम में फोन इस्तेमाल करते देखा है। इसका सीधा असर उनके खुद के स्क्रीन व्यवहार पर पड़ता है।'

आज की पैरेंटिंग पहले से बिल्कुल अलग हो गई है। पहले जहां बच्चों के साथ कहानियां और खेल होते थे, अब माता-पिता खुद भी स्क्रीन में उलझे रहते हैं। कभी वर्क कॉल, कभी सोशल मीडिया, कभी मनोरंजन। दिल्ली के एक बिजनेसमैन (नाम गोपनीय) मानते हैं कि वे खुद भी स्क्रीन के चक्र में फंसे हुए हैं। वे कहते हैं, 'मैं काम के अलावा गेमिंग में भी काफी समय बिताता हूं।'

### एक मां की कहानी: खुद बदली आदत, तब बदला बच्चा



चेन्नई से मुंबई आईं सुजाता रवि अय्यर की कहानी इस समस्या का एक समाधान भी दिखाती है। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने की शुरुआत उन्होंने सामाजिक दबाव में की, लेकिन जल्द ही यह आदत उनके बच्चों पर भी असर डालने लगी। जब उनकी बेटी 10वीं में थी, उन्होंने उसे पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए इंस्टाग्राम छोड़ने को कहा। लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हुआ कि जब तक वे खुद सोशल मीडिया नहीं छोड़ेंगी, तब तक यह अपेक्षा अनुचित है। उन्होंने खुद इंस्टाग्राम डिलीट किया और करीब 3 साल तक सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। अय्यर कहती हैं, 'अगर बच्चों से कुछ उम्मीद करते हैं, तो पहले खुद वैसा व्यवहार दिखाना जरूरी है।'




**बढ़ती समस्या**

- माता-पिता औसतन रोज 5 घंटे से ज्यादा फोन इस्तेमाल करते हैं
- बच्चे भी करीब 4 घंटे रोज स्क्रीन पर बिताते हैं
- 69 फीसदी बच्चे और 73 फीसदी माता-पिता मानते हैं कि फोन के कारण परिवार में झगड़े होते हैं

**दिलचस्प**

- 94 फीसदी बच्चे अपने माता-पिता के लिए सिर्फ कॉल, मैसेज और कैमरा जैसे बेसिक फीचर्स वाले फोन को बेहतर मानते हैं।
- बच्चे मानते हैं कि माता-पिता सोशल मीडिया में जरूरत से ज्यादा समय बिताते हैं।

**असली समस्या: 'कथनी' और 'करनी' में फर्क**

- इस पूरे मुद्दे का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि बच्चों पर नियम थोपना आसान है, लेकिन खुद उनका पालन करना कठिन।
- जब माता-पिता कहते हैं- 'फोन कम चलाओ', लेकिन खुद घंटों स्क्रीन पर रहते हैं, तो बच्चों के लिए यह संदेश विरोधाभासी हो जाता है।

**परिणाम**

- बच्चे नियमों को गंभीरता से नहीं लेते
- घर में टकराव बढ़ता है
- संवाद कम होता है

### चंबल में अवैध खननः मप्र, उप्र, राजस्थान को फटकार

# जरूरत हुई तो पैरामिलिट्री करेंगे तैनातः सुप्रीम कोर्ट

**मुरैना/नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने चंबल नदी में जारी अवैध रेत खनन पर कड़ा रुख अपनाते हुए मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकारों को सख्त फटकार लगाई है। कोर्ट ने साफ कहा कि अगर राज्य सरकारें खनन नहीं रोक पातीं, तो क्षेत्र में अर्धसैनिक बल (पैरामिलिट्री) तैनात करने पर विचार किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि चंबल अभयारण्य क्षेत्र में हो रहा अवैध खनन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। कोर्ट में पेश तथ्यों में यह भी सामने आया कि नदी के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर मशीनों से रेत निकाली जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस और वन विभाग को संयुक्त रूप से 24 घंटे गश्त करने के निर्देश दिए हैं। अवैध खनन में शामिल पाए जाने वाले वाहनों को तुरंत जब्त करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है।

**निर्देश: सीसीटीवी कैमरे लगाएं**



कोर्ट ने तीनों राज्यों को निर्देश दिया कि नदी के संवेदनशील इलाकों और खनन मार्गों पर हाई-रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। साथ ही खनन में इस्तेमाल होने वाले सभी वाहनों और मशीनों में जीपीएस डिवाइस अनिवार्य किए जाएं, ताकि उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा सके।

## प्रधानमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय 21वीं सदी का सबसे अहम फैसला साबित होगा

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से मजबूत होगी विकसित भारत की नींव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी महिलाओं के हित में लगातार निर्णय लेकर महिलाओं को अधिकार देने के साथ उन्हें सशक्त बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने का संकल्प लिया है। यह 21वीं शताब्दी का सबसे बड़ा निर्णय है। इस अधिनियम के लागू हो जाने के बाद नारी शक्ति का तेजी से सशक्तिकरण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को इंदौर के परस्पर नगर स्थित लता मंगेशकर ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों का पालन करते हुए मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनके हित में नया इतिहास लिखा, तो वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर देवी अहिल्याबाई का शहर है और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जन्मस्थली है। आज हम जिस सभागृह में उपस्थित है वह लता मंगेशकर की स्मृति में बनाया गया है।

“ नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत की संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने का एक ऐतिहासिक कानून है। इस अधिनियम का उद्देश्य निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है यह आरक्षण लोकसभा, राज्य विधानसभाओं में लागू होगा। इसके वर्ष 2029 तक क्रियान्वित होने की संभावना है यह आरक्षण कानून अगले 15 वर्षों के लिए प्रभावी होगा। जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

### विभिन्न वर्गों की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं इंदौर के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में






## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बढ़ेगा बेटियों का मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगर मां-बेटे का संबंध किसी को बताना है तो सिर्फ यशोदा मैया का नाम लेने से कृष्ण-कन्हैया का स्वतः ही स्मरण हो जाता है। यशोदा मैया के प्रण की पराकाष्ठा ऐसी थी कि उन्होंने अपनी संतान के प्राणों की चिंता न करते हुए कन्हैया का लालन-पालन किया। जब तक कन्हैया उनके पास रहे कभी बाल बराबर भी आंच नहीं आने दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना धाय का उदाहरण देते हुए कहा कि एक मां ने राज परिवार के बच्चे के प्राणों की रक्षा के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को आंखों के सामने बलिदान होते देखा। वहीं, इंदौर में सुशासन स्थापित करने वाली लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने प्रजा के हितों की रक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। जब पेशवा की सेना राज्य पर आक्रमण करने आई तो माता अहिल्याबाई ने सेना तैयार की, जिसका नेतृत्व उन्होंने स्वयं किया था। उन्होंने अपनी युक्ति और बुद्धि से पेशवाओं को सचेत किया कि बहनों से युद्ध करने पर इतिहास में इसका परिणाम किस प्रकार देखा जाएगा। बहनें कभी हारने वाली नहीं हैं, अगर हार भी गए तो पेशवाओं के माथे पर कलंक लगेगा कि उन्होंने पूरी ताकत से लड़ते हुए राज्य की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकौशल की रानी दुर्गावती ने अकबर के शासनकाल में 52 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की थी। आखिरी युद्ध में दुश्मन सेना ने तोप का प्रयोग किया। तब रानी ने अपने महावत को आज्ञा पूर्वक खंजर सौंपते हुए कहा कि मैं आखिरी सांस तक युद्ध करूंगी, अगर सेना पराजय की स्थिति में आए तो तुम मेरी जीवन लीला समाप्त कर देना। रानी दुर्गावती ने राज्य की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया।







### महिला शक्तियां रही हैं हमारी आदर्श

विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। सनातन संस्कृति में नारी को सदैव ज्ञान, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। पंचायत राज संस्थाओं में आधे स्थानों पर महिलाओं को आरक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार धन्यवाद की पात्र है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू होने पर देश की हर बेटी ऐतिहासिक निर्णयों में अपनी भूमिका निभा पाएगी।

### नारियों ने अनोखी मिसाल पेश की

लता मंगेशकर ऑडोटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर इंदौर की नारियों ने अनोखी मिसाल पेश की। कार्यक्रम में मंच पर कई वर्गों में कार्य कर रही नारियों ने अपनी सहभागिता की और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ मंच की शोभा बढ़ाई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों में मंत्री, सांसद, विधायक और अधिकारी सब दर्शक दीर्घा में बैठे। कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्री का अवलोकन किया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मालिनी गौड़ ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास हो जाने के बाद महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के सामूहिक गायन से हुआ।




## लाड़ली से लक्ष्मी तक: सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में आधी आबादी को मिल रही नई ताकत’

“ मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार लगातार कई अहम कदम उठा रही है। बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और महिलाओं की आर्थिक मजबूती तक, योजनाओं के जरिए एक व्यापक बदलाव लाने की कोशिश की जा रही है। इन पहलों का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

### योजनाओं से बदलती सोच

राज्य में चलाई जा रही योजनाओं का मकसद सिर्फ आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि समाज की मानसिकता में बदलाव लाना है। बेटियों को प्रोत्साहित करने और महिलाओं को सम्मान देने की दिशा में यह एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

### शिक्षा से आत्मनिर्भरता की ओर

जहां पहले कई परिवारों में बेटियों की पढ़ाई को नजरअंदाज किया जाता था, वहीं अब स्थिति बदल रही है। अभिभावक बेटियों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। साथ ही महिलाओं को मिलने वाली आर्थिक सहायता से वे अपने खर्च खुद संभालने लगी हैं और छोटे-छोटे काम भी शुरू कर रही हैं।

### महिलाओं की बढ़ती भागीदारी

सरकार का मानना है कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी, तब ही समाज में संतुलन स्थापित होगा। अब महिलाएं परिवार के फैसलों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जिससे उनकी सामाजिक स्थिति मजबूत हो रही है।




### सरकार का नजरिया और चुनौतियां

मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार इन योजनाओं को अपनी बड़ी उपलब्धि मानती है। हालांकि विपक्ष समय-समय पर इन योजनाओं पर सवाल उठाता रहा है, लेकिन सरकार का कहना है कि उसका लक्ष्य साफ है—महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना।

### सशक्त महिला, मजबूत समाज

कुल मिलाकर ये पहलें सिर्फ योजनाएं नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का माध्यम बन रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनाकर एक मजबूत और संतुलित समाज की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

### मिशन महिला-शक्ति के स्वर्णिम दो वर्ष सुश्री निर्मला भूरिया

मध्यप्रदेश में बीते दो वर्ष महिला सशक्तीकरण, सुरक्षा, सम्मान और समग्र विकास के अद्वितीय कालखंड के रूप में दर्ज हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व और संवेदनशील दृष्टिकोण से प्रदेश में महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा स्पष्ट रही है—हर महिला को सुरक्षित जीवन, हर बालिका को प्रोत्साहन तथा हर बच्चे को बेहतर भविष्य का अधिकार मिले। इन्हीं लक्ष्यों को मूर्त रूप देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अनेक ऐतिहासिक पहलें की गईं, जिनसे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की व्यापक लहर उत्पन्न हुई है। महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में मैं यह बताते हुए गर्व का अनुभव करती हूँ कि मिशन वात्सल्य के माध्यम से प्रदेश में हजारों बच्चों को नए जीवन अवसर प्रदान किए गए हैं। स्पॉन्सरशिप योजना ने कमजोर परिस्थितियों में रह रहे बच्चों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य किया है, जिसके अंतर्गत प्रति माह 4 हजार रुपये की वित्तीय सहायता ने परिवारों और संस्थाओं दोनों को सशक्त बनाया है। वर्ष 2024-25 में 20,243 बच्चों को इस सहायता का लाभ मिला और वर्ष 2025-26 के लिए 32,896 बच्चों के प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने चौबीसों घंटे त्वरित सेवा उपलब्ध कराते हुए दो वर्षों में लगभग 48,872 बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सबसे क्रांतिकारी पहलों में से एक रही है। कई राज्यों ने इसका अनुसरण किया है।


## सुशासन, संवेदना और महिला सशक्तिकरण : मध्यप्रदेश में ‘मोहन मॉडल’ का सजीव अनुभव

*जब आज से दो वर्ष पूर्व डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी, तभी यह आभास होने लगा था कि उनका नेतृत्व केवल प्रशासनिक स्थिरता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह शासन को एक ‘नैतिक, सामाजिक और मानवीय दिशा’ देने का प्रयास करेगा। सत्ता की बागडोर संभालने के कुछ ही दिनों के भीतर यह स्पष्ट संकेत मिलने लगे थे कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विश्वासपात्र मुख्यमंत्रियों की सूची में शीघ्र ही अपना विशिष्ट स्थान सुनिश्चित करेंगे। इसका कारण केवल राजनीतिक सामंजस्य नहीं, बल्कि नीति, नीयत और क्रियान्वयन का संतुलन था।*

*मैं स्वयं एक साधारण श्रमिक पृष्ठभूमि से आती हूँ। जीवन में संघर्ष, अभाव और श्रम का अनुभव मेरे व्यक्तित्व का हिस्सा रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मुझे मंत्रीमंडल का हिस्सा बनाना केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह उस समावेशी सोच का प्रमाण था, जिसमें पृष्ठभूमि नहीं, प्रतिबद्धता और कार्यक्षमता को महत्व दिया जाता है। मंत्रीमंडल में उन्होंने सभी साथियों के साथ समभाव और समानता का व्यवहार रखा और व्यवहार में उस लोककथन को चरितार्थ किया।*

***‘मुखिया मुख सो चाहिए, खान-पान सब एक’ :** यह केवल कहावत नहीं, बल्कि उनके शासन का स्वभाव बन चुका है। आज डॉ. मोहन यादव की पहचान केवल एक मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि ‘सबके भैया’ के रूप में बन चुकी है। मेरे मंडला जिले में आयोजित एक सामूहिक कार्यक्रम के दौरान मैंने सहज भाव से कहा था ‘हमारे भैया आज सब बहनों के भाई बन गए हैं।‘*

*आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूँ, तो गर्व होता है कि वह नारा प्रदेश की लाखों बहनों की भावना बन गया। यह पहचान किसी प्रचार अभियान से नहीं बनी, बल्कि उनके व्यवहार, संवाद और संवेदना से निर्मित हुई है।*



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यकाल के आरंभ में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि महिला सशक्तिकरण उनकी सरकार के लिए केवल एक योजनागत प्राथमिकता नहीं, बल्कि नैतिक प्रतिबद्धता है। यही कारण है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं को न केवल निरंतरता दी गई, बल्कि उन्हें और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और व्यापक स्वरूप प्रदान किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशेष आग्रह पर कई नई योजनाओं की शुरुआत की गई, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक स्तरों पर सशक्त बनाना था।*

*अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा लिखे गए ब्लॉग में यह दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए यह भरोसा दिलाया कि सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और गरिमा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उनका यह कथन अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जब महिलाएँ आर्थिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त होंगी, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत होंगे। लाड़ली बहना योजना आज मध्यप्रदेश सरकार की पहचान बन चुकी है। लगभग 1.26 करोड़ महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1500 रुपये की राशि का नियमित अंतरण न केवल आर्थिक सहायता है, बल्कि राज्य और नागरिक के बीच विश्वास का सेतु भी है। इस राशि को चरणबद्ध रूप से 3 हजार रुपये प्रतिमाह करने की घोषणा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार इस योजना को अल्पकालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सामाजिक निवेश के रूप में देख रही है।*

*इस योजना की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इससे महिलाएँ डिजिटल लेन-देन से जुड़ रही हैं और वित्तीय निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ी है। हाल ही में योजना की 31वीं किश्त जारी करते हुए मुख्यमंत्री का यह कहना कि ‘बहनों का आशीर्वाद हमारी सबसे बड़ी ताकत है’, उनके नेतृत्व की भावनात्मक गहराई को दर्शाता है।*

*महिला सशक्तिकरण को केवल प्रत्यक्ष सहायता तक सीमित न रखते हुए सरकार ने महिलाओं को उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने पर विशेष ध्यान दिया है। लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए प्रति वर्ष एक लाख रुपये की आय का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना महिलाओं को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।*

*आज यह तथ्य अत्यंत उत्साहवर्धक है कि प्रदेश में 47 प्रतिशत स्टार्टअप्स महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्यरत महिलाओं को 5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देना और ‘एक बगिया माँ के नाम’ योजना के अंतर्गत फलदार पौधरोपण-ये सभी पहल इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि आर्थिक भागीदार बनाना चाहती है।*

*महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण के साथ सुरक्षा और अवसर भी उतने ही आवश्यक हैं। इसी सोच के तहत राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए आरक्षण को 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत किया गया है। संपत्ति पंजीयन शुल्क में एक प्रतिशत की छूट और कामकाजी महिलाओं के लिए ‘सखी निवास’ के रूप में सुरक्षित आवास सुविधाओं का विस्तार, ये सभी निर्णय महिला हितों के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाते हैं।*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा अपने पुत्र का विवाह सार्वजनिक सामूहिक विवाह समारोह में संपन्न कराना आज के समय में एक विरल उदाहरण है। जब विवाह सामाजिक प्रदर्शन का माध्यम बनते जा रहे हों, तब यह कदम उन परिवारों के लिए आशा का संदेश है, जो सीमित साधनों में बच्चों के भविष्य की चिंता करते हैं। यह उदाहरण सिद्ध करता है कि मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है।*

*मध्यप्रदेश में पिछले दो वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो कार्य हुए हैं, वे अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। फिर भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहते हैं कि उन्हें प्रशंसा नहीं केवल बहनों का आशीर्वाद चाहिए। यही आशीर्वाद उन्हें निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है।*

*एक मंत्री, एक महिला और एक जनप्रतिनिधि के रूप में मुझे गर्व है कि मैं इस परिवर्तनकारी यात्रा की सहभागी हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज सुशासन, संवेदना और समावेशी विकास की दिशा में एक सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है।*

D-19022/26

## नगर में आज

**'वरिष्ठ विमर्श'**
- **स्थान:** हिंदी भवन
- **समय:** शाम 4 बजे

**'थियेट्रिक्स-30'**
- **स्थान:** शाम 5 बजे से 8:30
- **समय:** आरुषि इंडिया, भोपाल

**'माह का प्रादर्श'**
- **स्थान:** मानव संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 12 बजे से

**बाग उत्सव**
- **स्थान:** गौहर महल
- **समय:** दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक

**72 शलाका चित्र प्रर्दशनी**
- **स्थान:** लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
- **समय:** दोपहर 12 बजे से

# भोपाल में लू जैसी गर्मी, पहली बार पारा 41.3 डिग्री पार

## ▶▶ गर्म हवाओं के कारण बढ़ा तापमान ▶▶ 24 डिग्री तापमान के कारण शहर की रात भी गर्म ▶▶ एमपी के 11 जिलों में हीट वेव


**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में शुक्रवार को आसमान से आग बरसी। सूरज की तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को गरमी का एहसास कुछ ज्यादा ही हुआ। वहीं मौसम विभाग ने बताया कि शुक्रवार को शहर में पहली बार दिन का तापमान 41.3 डिग्री पर पहुंचा। इस स्थिति को तकनीकी रूप से लू तो नहीं कहते, लेकिन गर्मी का स्तर ठीक लू जैसा ही था। 40 डिग्री से ऊपर तापमान मानव शरीर के लिए खतरनाक माना जाता है। भोपाल मौसम केंद्र से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में भीषण गर्मी पड़ी। यह गर्मी की शुरूआत, आगे कुछ दिन और ऐसी ही स्थित रहने वाली है। अप्रैल से लेकर मई माह के अंत भीषण गर्मी का दौर रहने वाला है।


छाया: एचसी वर्मा
राजधानी में तेज गर्मी से शुक्रवार को छोला रोड पर डामर पिघल गया। पहियों के निशान दिखाई दे रहे थे।

### सुबह 3 घंटे में 7.6 डिग्री पारा चढ़ा

भोपाल में पारे की चाल शुक्रवार को सुबह से ही तेज हो गई थी। मौसम बुलेटिन के अनुसार सुबह 5:30 बजे शहर का तापमान 25.4 डिग्री था। जो सुबह साढ़े आठ बजे बढ़कर 29.6 डिग्री हो गया। इसके बाद तापमान ने सबसे बड़ी छलांग लगाई और 11:30 बजे तापमान बढ़कर 37.2 डिग्री पर पहुंच गया। इसके बाद ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई। इस विषय में मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि इस समय राजस्थान की ओर से गर्म हवाएं आ रही हैं, जो सूरज के चढ़ते ही और गर्म हो जाती हैं। यही कारण है कि सुबह के समय ही तेज गर्मी का एहसास शुरू हो जाता है।

### भोपाल में पारे की चाल




### जिलों में चली लू

मौसम केंद्र भोपाल से मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के 11 जिलों में लू का प्रभाव रहा। इनमें विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, अलीराजपुर, झाबुला, रतलाम, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पाढुंर्णा का नाम शामिल है।

### विदिशा-खजुराहो में 43 डिग्री तापमान

शुक्रवार को प्रदेश के सभी जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रिकार्ड किया गया। पचमढ़ी एक मात्र जगह है, यहां पारा कम रहा। सबसे ज्यादा तापमान की बात करें तो खजुराहो में 43.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। जबकि विदिशा में भी पारा 43.2 डिग्री रहा। इसके अलावा उमरिया में 42.9 डिग्री, टीकमगढ़-नौगांव में 42.8 डिग्री, नौगांव में 42.6 डिग्री, मंडला में 42.5 डिग्री, दमोह, गुना-दतिया में 42.2 डिग्री, सागर-सतना में तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छिंदवाड़ा में 41.6 डिग्री रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### आज से दोपहर 12 बजे तक ही लगेंगे स्कूल

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में पड़ रही जोरदार गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए अब शहर के सभी स्कूल दोपहर 12 बजे तक ही संचालित किए जाएंगे। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी आदेश के तहत शनिवार से सभी कक्षाएं दोपहर 12 बजे तक ही संचालित की जाएंगी। कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश सभी शासकीय, अशासकीय, एमपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्री-प्राइमरी की कक्षाएं अधिकतम दोपहर 12 बजे तक ही संचालित होंगी। कक्षा 1 से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित करने के आदेश हैं। स्कूल प्रबंधन अपनी सुविधा के अनुसार इसी समय सीमा के भीतर कक्षाओं का संचालन करेंगे, हालांकि आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पहले से तय परीक्षाएं और अन्य आवश्यक कार्यक्रम पहले की तरह निर्धारित समय पर ही किए जाएंगे।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला

**जागरण, भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते चार बदमाशों ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या कोशिश का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 29 वर्षीय दाऊद अंसारी पिता शाहजहां अंसारी बिहारी मोहल्ले में रहते है। वह प्राइवेट जॉब करते है। दो दिन पहले वह मोहल्ले में एक बारात में शामिल हुआ था, वहां नाचने के दौरान उसका जीशान नामक युवक से विवाद हो गया था। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। गुरुवार शाम को वह अपने घर के पास खड़ा था। जहां आरोपी जीशान अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा। इस दौरान उन्होंने पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला कर धमकी देकर मौके से फरार हो गए। हमले में घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने जीशान, रिजवान, उस्मान और मुस्ताक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### चंडीगढ़-मदुरई एक्सप्रेस में लगेगा अतिरिक्त कोच

**नगर संवाददाता, भोपाल।** रेलवे समर सीजन में यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते है। इसी कड़ी में भोपाल होकर जाने वाली चंडीगढ़-मदुरई एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच अस्थाई रूप से लगाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 20494 / 20493 चंडीगढ़-मदुरई-चंडीगढ़ एक्सप्रेस में चंडीगढ़ से 20 अप्रैल को एवं मदुरई से 22 अप्रैल को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच को लगाया जायेगा। अतिरिक्त स्लीपर कोच से यात्रियों को बेहतर सुविधा एवं संतुलित यात्री भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

### 2.31 लाख की शराब के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** अवधपुरी थाना पुलिस ने 198 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक कार भी जब्त की है, जिसकी मदद से वे शराब की तस्करी करते थे। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि वर्धमान ग्रीन वैली एक्सटेंशन कॉलोनी के ग्राउंड में खड़ी कार में अंग्रेजी शराब रखी हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची टीम को देखते ही कार चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जबकि कार में बैठे तीन अन्य आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान योगेश मालवीय (23), आशीष सेहरिया (19) और शुभम अहिरवार (26), निवासी विदिशा के रूप में हुई। तलाशी लेने पर कार से 22 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कुल मात्रा 198 लीटर और कीमत करीब 2.31 लाख रुपये आंकी गई है।

**मेट्रो प्रोजेक्ट:** कई पुरानी इमारतों की कमजोर नींव के कारण मेट्रो के इंजीनियरों ने लगाई है सेंटिंग

# मैनिट की रिपोर्ट आने से पहले टीबीएम ने शुरू कर दी खुदाई, हादसे का अंदेशा

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मैनिट की टीम की रिपोर्ट मिलने से पहले ही प्लेटफार्म नंबर 6 के पास से पुल पातरा की ओर टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) दुर्गावती ने खुदाई करना शुरू कर दी है। जबकि इस इलाके में मौजूद 4 से ज्यादा पुरानी इमारतों की कमजोर नींव के कारण हादसे का डर बना हुआ है। सबसे पहले 45 साल पुराने होटल रेड सी प्लाजा, 60 साल पुराने होटल राजश्री, विशाल सेंटर और एक अन्य 45 साल पुराने होटल की कमजोर इमारत के कारण हादसे का भय बना हुआ है। हालांकि खुदाई शुरू करवाने से पहले ही एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के इंजीनियरों ने दोनों इमारतों में कई जगहों पर पहुंचकर सेंटिंग लगवाने का काम पूरा कर लिया है, लेकिन मेट्रो के अधिकारी खुदाई चलने तक दोनों पुरानी इमारतों को खाली करवाने पर तुले हैं। दूसरी ओर नगर निगम का तर्क है कि उन्होंने होटल रेड सी प्लाजा, होटल राजश्री और विशाल सेंटर को जर्जर घोषित नहीं किया है। जिसके चलते संचालक इन इमारतों को खाली नहीं कर रहे हैं। हालांकि मेट्रो के सुझाव के बाद 11 अप्रैल को इन इमारतों का सर्वे




मैनिट के विशेषज्ञों की टीम से कराया गया है, लेकिन मैनिट की टीम द्वारा अब तक सर्वे की रिपोर्ट नगर निगम को उपलब्ध नहीं कराई गई है। दूसरी ओर मेट्रो ने टीबीएम से काम लेना शुरू कर दिया है, जिससे हादसे का भय बना हुआ है। बता दें कि यह इमारतों का सर्वेक्षण सहित सभी काम टनल बनाने से पहले पूरा किए जाने थे, लेकिन मशीन को जमीन में उतारने के बाद भी यह काम पूरा नहीं हो सके हैं, जिससे टनल निर्माण पिछड़ रहा है।

**रिपोर्ट देने में देरी से प्रभावित होगी पूरे प्रोजेक्ट की डेडलाइन :** मेट्रो का अंडरग्राउंड रूट और दो स्टेशनों का काम एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की टीम को दो साल के भीतर पूरा करना है, लेकिन इस काम में हो रही देरी के चलते पूरा प्रोजेक्ट ही प्रभावित हो रहा है। 3.39 किमी लंबे अंडर ग्रांउड रूट का काम एमपी मेट्रो कारपोरेशन को दो साल के भीतर पूरा करना है। पहले ही प्रोजेक्ट करीब 48 दिन की देरी से चल रहा है। इस काम को मार्च 2026 से शुरू किया जाना था, लेकिन 48 दिन बाद भी खुदाई का काम रफ्तार नहीं पकड़ सका है। क्योंकि दोनों विभागों ने पहले ही पत्राचार नहीं किया, जिसके कारण समय रहते पुरानी इमारते खाली नहीं कराई जा सकीं हैं। यदि इमारतें पहले ही खाली कराकर सेंटिंग लगा दी जातीं तो खुदाई का काम तीव्र गति से होता, जिसके कारण टनल निर्माण भी तेजी से पूरा होता। यदि काम में इसी तरह लेट-लतीफी होती रही तो पहले चरण की तरह अंडर ग्रांउड टनल का काम भी लगातार पिछड़ेगा।

> **नहीं मिल सकी रिपोर्ट:** मेट्रो की टीम ने लगभग एक सप्ताह पहले निरीक्षण कर लिया है, लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं मिल सकी है। रिपोर्ट मिलते ही मेट्रो को सौंप दी जाएगी।
> ■ **अनिल टटवाड़े,** इंजीनियर नगर निगम भोपाल

> **हमारी टीम लगातार कर रही सर्वे :** मैनिट की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि टीबीएम को कम गति से चलाया जा रहा है, ताकि काम प्रभावित न हो। सबकी सुरक्षा को लेकर टीम लगातार सर्वे कर रही है।
> ■ **धीरज शुक्ला,** जनसंपर्क अधिकारी, एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन

# ट्रेनों में वेंडरों के खिलाफ आरपीएफ सख्त, 29 लाख का जुर्माना वसूला

## 2400 अवैध वेंडरों पर हुई बीते एक साल में कार्रवाई

**नगर संवाददाता, भोपाल।** ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर लगातार सामने आ रही अवैध वेंडिंग और यात्रियों से जुड़ी शिकायतों के बाद रेलवे ने अब सख्त रुख अपना लिया है। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध वेंडरों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और बेहतर यात्रा सुविधा मिल सके। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ट्रेनों में बिना अनुमति खाद्य और पेय पदार्थ बेचने वाले वेंडरों, साइड पेंट्रीकार के नाम पर चल रही अवैध गतिविधियों और फर्जी पेंट्री सेवाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए विशेष टीमों का गठन कर आउटर क्षेत्रों में तैनाती बढ़ाई गई है, वहीं ट्रेनों में भी अनुरक्षण दल सक्रिय रूप से जांच कर रहा है। आंकड़ों के अनुसार, रेल अधिनियम की धारा 144 के तहत वर्ष 2024 में 7,267 मामलों में करीब 98.50 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। वर्ष 2025 में यह बढ़कर 9,995 मामले और 1.37 करोड़ रुपये हो गया।



### तकनीक की मदद से हो रही कार्रवाई

पेंट्रीकार की आड़ में हो रही अवैध वेंडिंग और अन्य अनधिकृत गतिविधियों पर भी कार्रवाई की जा रही है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन, सीसीटीवी और बॉडी कैमरों जैसी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर निगरानी और तेज की गई है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे केवल अधिकृत वेंडरों से ही खाद्य सामग्री खरीदें। अवैध वेंडरों से सामान लेने पर न केवल ठगी का खतरा रहता है, बल्कि स्वास्थ्य और सुरक्षा पर भी असर पड़ सकता है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे हेल्पलाइन या आरपीएफ को दें।

### 16 अप्रैल तक ही लाखों की वसूली

वर्ष 2026 में 16 अप्रैल तक ही 2,433 मामलों में 29.08 लाख रुपये की वसूली हो चुकी है, जो कार्रवाई में लगातार तेजी को दर्शाता है। इटारसी जंक्शन, जो चारों दिशाओं से आने-जाने वाली करीब 150 ट्रेनों का प्रमुख केंद्र है, वहां भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यहां वर्ष 2024 में 3,157, वर्ष 2025 में 5,412 और वर्ष 2026 में मार्च तक 1,385 मामले दर्ज किए गए हैं, जो बढ़ती सख्ती को दिखाते हैं।

# इंडस एम्पायर रोड पर चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचे बुजुर्ग दंपति



**जागरण, भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंडस एम्पायर रोड पर शुक्रवार सुबह चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में सवार बुजुर्ग दंपति ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार वेगनार कार सड़क पर चल रही थी, तभी उसमें से धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में कार धू-धू कर जलने लगी। धुआं उठते ही कार में सवार बुजुर्ग दंपति तुरंत बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि कार में आग लगने की वजह गैस किट हो सकती है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।

# महिलाओं से बैग लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**गोविंदपुरा में की थी लूट:** खंडहर में अन्य वारदात की प्लानिंग करते पकड़ाए, तीसरा आरोपी फरार

**जागरण, भोपाल।** गोविंदपुरा पुलिस ने महिलाओं के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बाइक सवार 3 आरोपी स्कूटी सवार दो महिलाओं को टक्कर मारकर बैग लूटकर फरार हो गए थे। गिरफ्तार दोनों आरोपी अन्य वारदात के लिए भेल के एक खंडहर में प्लानिंग कर रहे थे। सूचना पर पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया पर्स बरामद किया है। इसमें 15 सौ रुपए कैश समेत फोन रखा था। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल की रात करीब 9.40 बजे टीआरटी गोविंदपुरा स्थित पानी की टंकी के पास जेके रोड पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने स्कूटी सवार महिलाओं का पीछा किया। पीछे बैठी महिला के कंधे पर टंगे बैग को लूटने के लिए आरोपियों ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे दोनों महिलाएं सड़क पर गिर गईं। बाद में आरोपी बैग छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जबकि दूसरी का हाथ फ्रैक्चर हो गया था।

### बाइक और लूटा का सामान किया बरामद

पुलिस ने सूचना के आधार पर 15 अप्रैल को टीआरटी स्कूल के पीछे खंडहर क्वार्टर से दो आरोपी मोहम्मद आदिल (25) और मोहम्मद शाबान (20) निवासी मैदा मिल के पास को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त पल्सर बाइक और लूटा गया पर्स व दस्तावेज बरामद किए हैं। हालांकि, वारदात में शामिल तीसरा आरोपी मोहम्मद यूसुफ (21) निवासी जहांगीराबाद अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में थाने की दो टीमें जुटी हैं। फरार यूसुफ पर पहले से ही हत्या के प्रयास, लूट और आर्म्स एक्ट समेत 13 गंभीर मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में चोरी और अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



### रेस्टोरेंट जा रहे युवक का मोबाइल लूटा

**जागरण, भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने व्यक्ति का मोबाइल झपट लिया। घटना के वक्त युवत परिवार के साथ रेस्टोरेंट जा रहा था। पुलिस ने अज्ञात खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय बैनीप्रसाद यादव, पिता धनराज मिसरोद में रहते हैं। वह अस्पतालों में दवाई सप्लाई का काम करते हैं। गुरुवार को अपने बच्चे का जन्मदिन मनाने के लिए वह शाहपुरा स्थित शेर्वूड्स रेस्टोरेंट जा रहे थे। जहां वह गाड़ी पार्क करने के बाद वह परिवार के साथ पैदल मेन रोड पर चल रहे थे। इसी दौरान रात करीब 9:15 बजे पीछे से आए बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल झपट कर मौके से फरार हो गए। घटना के वक्त युवक कुछ समझ पाता उससे पहले ही बदमाश मौके से फरार हो गए। बाद में पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

**राहत** | सीईओ ने जारी किया संशोधित आदेश, आयुष्मान योजना से नहीं किया जाएगा बाहर

# 126 निजी अस्पताल छह माह में दे सकते हैं एनएबीएच सर्टिफिकेट

**नगर संवाददाता, भोपाल।** आयुष्मान भारत योजना के तहत मप्र में एक बार फिर नया आदेश जारी हुआ है। इस आदेश के मुताबिक वे अस्पताल जो एनएबीएच सर्टिफिकेट के अभाव में योजना से बाहर हो गए थे, उन्हें एक मौका और दिया गया है। भोपाल, जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर के निजी अस्पताल अगले छह महीने में एनएबीएच का एंट्री लेवल या फुल सर्टिफिकेट लेना होगा। यदि अस्पताल ऐसा करते हैं तो उनकी संबद्धता निरंतर रहेगी अन्यथा उक्त प्रमाण पत्र के अभाव में अस्पताल को योजना से बाहर कर दिया जाएगा।




### 23 मार्च के आदेश में बदलाव

जानकारी के अनुसार स्टेट हेल्थ एजेंसी ने 23 मार्च को अपनी बैठक में यह निर्णय लिया था कि सिर्फ उन्हीं अस्पतालों को योजना में संबद्धता दी जाए, जिनके पास एनएबीएच का एंट्री लेवल या फुल सर्टिफिकेट है। यह नियम 1 अप्रैल से लागू कर दिया गया था। आदेश जारी होने के बाद निजी अस्पताल संचालकों ने इसका विरोध किया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक शिकायत पहुंचाई। इसके बाद 30 मार्च को एक बार फिर स्टेट हेल्थ एजेंसी की बैठक हुई, जिसमें उक्त आदेश में बदलाव किया और छह माह का समय दिया गया। 30 मार्च की बैठक के निर्णय का आदेश 13 अप्रैल को जारी किया गया है।

### इसलिए जरूरी है एनएबीएच मान्यता

नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) भारत में अस्पतालों की गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा के प्रमाणन का सर्वोच्च मानदंड है। यह क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया का एक सहायक बोर्ड है। यह मरीजों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए 600 से अधिक मानकों पर अस्पतालों की जांच करता है और उसके बाद उन्हें प्रमाणपत्र जारी करता है।

### 126 अस्पताल हो गए थे योजना से बाहर

1 अप्रैल से लागू हुए आदेश के बाद भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर के 126 अस्पताल आयुष्मान योजना से बाहर हो गए थे। आदेश जारी होने के बाद इन अस्पतालों में मरीजों का मुफ्त इलाज बंद कर दिया गया था। इससे मरीजों को परेशानी होने लगी थी। आदेश जारी करते समय स्वास्थ्य विभाग ने तर्क दिया था कि यह कदम अस्पतालों में उपचार की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है। जिन अस्पतालों के पास एनएबीएच की मान्यता नहीं है, उन्हें इस योजना के दायरे से बाहर कर दिया गया है। आंकड़ों के अनुसार, भोपाल में 51, इंदौर में 30, ग्वालियर में 33 और जबलपुर में 12 अस्पताल इस निर्णय से प्रभावित हुए हैं। इस बदलाव के बाद मरीजों को केवल उन्हीं अस्पतालों में इलाज मिलेगा, जो निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं। हालांकि, इस फैसले का असर बड़ी संख्या में उन लोगों पर पड़ सकता है, जो अब तक छोटे और मध्यम अस्पतालों पर निर्भर थे। विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने से दबाव और प्रतीक्षा समय दोनों बढ़ सकते हैं।

### टीटी नगर में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जागरण, भोपाल।** टीटी नगर थाना में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात चोर घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 34 वर्षी सुनील मालवीय पंचशील नगर में रहते है। वह पेशे से ड्राइवर हैं। बुधवार परिवार के साथ कजलीखेड़ा में भांजे के टीका-फलदान कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। अगले दिन सुबह जब वह वापस लौटे तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का कांच टूटा हुआ था और उसमें रखी चांदी की पायल, बिछिया, सोने की हाय और करीब 20 हजार रुपए नकद गायब थे। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इधर अशोका गार्डन थाना क्षेत्र के बिजली नगर कॉलोनी में अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर नकद चोरी कर फरार हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या बायपास व पुराने भोपाल के कई इलाकों में आज कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** अयोध्या बायपास और पुराने भोपाल के कई इलाकों सहित शहर के कई क्षेत्रों में आज बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज बाग उमराव दूल्हा, इंद्रा कालोनी, ऐशबाग, महामाई का बाग, कब्रिस्तान, थाना बजरिया, बेकरी, बरखेड़ी फाटक व आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक, पलासी गांव, बड़वई गांव, एलेक्सर ग्रीन, नाइस स्पेस कालोनी, राजनगर पलासी, तिरुपति अभिनव होम्स, गिरनार वैली और सुदामा नगर व आसपास के इलाकों में भी सुबह 10 से शाम 4 बजे तक और गल्ला मंडी, हम्माल कालोनी, जोगीपुरा, कल्याण दाल मिल, नीम रोड, अहीर मोहल्ला व राधा कृष्ण मंदिर व आसपास के सभी इलाकों में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। वहीं पुलिस सीआई कालोनी, बैंक कालोनी, कुम्हारपुरा, रंभा टाकीज व आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक, रीगल होम्स, राजोरा फार्म्स, बंगाली कालोनी, सताक्षी गार्डन, पूर्वांचल फेस 2, शिवलोक फेस 6, श्रीराम परिसर व न्यू श्रीराम परिसर व आसपास सुबह 9.30 से 2 बजे तक और रेतघाट, पीरगेट, पीतल नगरी, सिंधी मार्केट, जुमेराती, अलीगंज, चौकी इमामबाड़ा, नूर महल रोड, जुमेराती पोस्ट आफिस, चूने वाली डीपी, ओल्ड कबाड़खाना व आसपास के इलाकों में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से की भेंट



**भोपाल।** भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने चेंबर अध्यक्ष गोविंद गोयल के नेतृत्व में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर शहर के विकास, व्यापार वृद्धि, यातायात व्यवस्था एवं व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बैरागढ़ क्षेत्र में बढ़ती ट्रांसपोर्टेशन समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कृषि मंडी परिसर में ट्रांसपोर्ट गतिविधियों को शिफ्ट करने का सुझाव दिया। पुराने शहर क्षेत्र में ई-रिक्शा संचालन के प्रभावी नियमन एवं यातायात सुधार के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने हमीदिया रोड स्थित मेडिकल स्ट्रीट एवं दवा बाजार जैसे प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में व्यापारियों एवं आम नागरिकों की सुविधा हेतु पर्याप्त सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया।

### स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी एवं रिलायंस एनिमेशन के बीच करार




**भोपाल।** मध्य भारत की पहली स्किल्स यूनिवर्सिटी, स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत रिलायंस एनिमेशन के साथ एक महत्वपूर्ण करार से की है, जिसके तहत नए सत्र से एनीमेशन एवं फिल्म मेकिंग क्षेत्र में आधुनिक और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड कोर्सेज प्रारंभ किए जा रहे हैं। इनमें बीएससी एनीमेशन एवं फिल्म मेकिंग तथा बीएससी गेम डिजाइनिंग एंड डेवलपमेंट जैसे कोर्सेज शामिल हैं। इस सहयोग के अंतर्गत विद्यार्थियों को रिलायंस एनिमेशन के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा, साथ ही उन्हें इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे करियर के शुरुआत में ही सीधे इंडस्ट्री से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इन कोर्सेज में लगभग 60 प्रतिशत इंडस्ट्री अनुभव और 40 प्रतिशत क्लासरूम लर्निंग शामिल होगी।

### कलखेड़ा में अंबेडकर जयंती पर 25 किमी की वाहन रैली



**जागरण, भोपाल।** ग्राम कलखेड़ा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर संयुक्त जयंती उत्सव के अवसर पर चल समारोह और वाहन रैली का आयोजन किया गया। करीब 25 किलोमीटर लंबी इस रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वागत से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। रैली भानपुर केकाडिया से शुरू होकर सिंकदराबाद, मुंगलिया बरखेड़ा, नाथू बरखेड़ी, सूरज नगर और नीलबड़ होते हुए कलखेड़ा पहुंची, जहां जनसभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों और बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मिशनरी सिंगर त्रिशला बौद्ध और निशांत सिंह एंड ग्रुप ने अंबेडकर पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी। आयोजक रवि खरे ने बाबा साहेब के संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' को अपनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने शिक्षा, सामाजिक एकता और अधिकारों के प्रति जागरूकता पर जोर दिया।

# बड़े तालाब के कैचमेंट में 21 तक हटाने थे 347 अतिक्रमण, 50 ही हट सके

## अब तक नहीं हट सका खानूगांव का गोदाम, सेवनिया गोंड की कोठी और गोरेगांव में कालोनी का पार्क



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल की बड़ी झील के कैचमेंट एरिया को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई ठंडे बस्ते में पड़ती हुई नजर आ रही है। 6 अप्रैल को टीटी नगर क्षेत्र से शुरू हुई कार्रवाई के बाद अब तक केवल गुमटियां, झुग्गियां, टीन के टपरे और बाउंड्रीवॉल ही हटाए जा सके हैं। जबकि टीटी नगर एरिया में झील के सीने पर बने विशाल अतिक्रमणों, कालोनियों और कोठियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इसके अलावा खानूगांव इलाके में भी रिटेनिंग वॉल के नजदीक खड़ा विशाल गोदाम जिला प्रशासन के अमले को मुंह चिढ़ाता हुआ नजर आ रहा है। बता दें कि बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में अतिक्रमण चिन्हित करने के लिए फरवरी-मार्च में सीमांकन का कार्य किया गया था। इस दौरान तालाब के कैचमेंट एरिया में 347 अतिक्रमण चिन्हित किए गए थे। लेकिन इनमें से केवल 50 ही हटाए जा सके हैं। अन्य 297 अतिक्रमण हटाने में अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं। जबकि 16 मार्च 2022 को वेटलैंड एक्ट लागू होने के बाद हुए निर्माणों को गिराने में किसी भी अनुमति व सुनवाई की आवश्यकता नहीं है। इन निर्माणों पर सीधे कार्रवाई हो सकती है। जबकि टीटी नगर क्षेत्र में आने वाले सेवनियां गोंड, गोरागांव, बिशनखेड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों में कैचमेंट एरिया में रसूखदारों के बंगले, होटल, रेस्टोरेंट बने हैं। जिनका निर्माण वेटलैंड एक्ट लागू होने के बाद ही हुआ है। इसके अलावा स्वीमिंग पूल, बाउंड्रीवॉल बनाई गई हैं। सेंट्रल पार्क व अन्य कालोनियों का भी निर्माण कैचमेंट एरिया पर अतिक्रमण कर किया गया है।

### इस तरह रुकती चली गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

6 अप्रैल को कार्रवाई शुरू होने के बाद 7, 8 और 9 अप्रैल को पुलिस बल नहीं मिलने की बात कही गई। इसके बाद 10 अप्रैल को बैरागढ़ क्षेत्र हलालपुर क्षेत्र से अतिक्रमण हटाए गए। 13 अप्रैल को टीटी नगर क्षेत्र में गोरागांव और सेवनिया गोंड में कार्रवाई की गई, लेकिन किसी भी बड़े अतिक्रमण पर अब तक बुलडोजर नहीं चल सका है। जबकि 21 अप्रैल तक सभी 347 अतिक्रमण जमींदोज करने की बात कही गई थी, जिसके लिए एडीएम अंकुर मेश्राम ने प्लान भी जारी किया था, लेकिन इस प्लान पर अमल ही नहीं हो पा रहा है। केवल 50 अतिक्रमण ही जमींदोज हुए हैं। जिन अतिक्रमणों को हटाया गया है। उनमें कोई भी रसूखदार नहीं था। ऐसे में प्रशासन का डंडा केवल आम आदमी पर ही चल रहा है।

### कार्रवाई के बाद यह होगी स्थिति

सूरज नगर स्थित सेंट्रल पार्क कालोनी का गार्डन, जॉगिंग पाथ सहित अन्य निर्माण कैचमेंट एरिया की जद में हैं। कालोनी की बांउड्री वॉल भी एफटीएल के नजदीक बनी हैं। इसी तरह एक कोठी तालाब के एफटीएल से महज एक फीट बनी है। यदि निर्माण टूटते हैं, तो कैचमेंट एरिया के बाहर बने अन्य निर्माणों की बाउंड्री वॉल भी हटाई जाएगी और एफएआर का पालन भी सख्ती से कराया जा सकता है, जिससे कैचमेंट के बाहर मौजूद निर्माणों पर भी भविष्य में कार्रवाई हो सकती है। जिससे आने वाले समय में तालाब तक बारिश के पानी की आपूर्ति बिना किसी परेशानी के होगी।

> हमने पूरे तालाब का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को सौंपी हुई है, लेकिन इस रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो पा रही है।
>
> **राशिद नूर खान,** पर्यावरणविद् एवं याचिकाकर्ता

## किसान के 2 खातों से जालसाजों ने कुछ ही मिनटों 2 लाख रुपए ऐंठे

**जागरण, भोपाल।** कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र में ठगों ने किसान के बैंक खातों से महज कुछ ही मिनटों में 2 लाख रुपए पार कर दिए गए। जालसाजों ने मैसेज के जरिए ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय अकबर खान चिचली बैरागढ़ में रहते है। वह पेशे से किसान हैं। 8 अप्रैल की दोपहर करीब 3 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात मैसेज आया, जिसे उन्होंने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत ब्लॉक कर दिया। बावजूद इसके कुछ ही देर बाद उनके केनरा बैंक खाते से पैसे कटने के मैसेज आने लगे। पहले खाते से 50 हजार रुपए और फिर पांच मिनट के भीतर दोबारा 50 हजार रुपए निकाल लिए गए। बाद में ठगों ने उनके दूसरे बैंक खाते से भी दो बार में 50-50 हजार रुपए निकाल लिए। जिससे उनके दोनों खातों से ठगों ने कुल 2 लाख रुपए निकाल लिए। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत बैंक पहुंचकर अपने खातों को ब्लॉक करवाया, जिससे आगे की ट्रांजेक्शन रुक सकी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## सतपुड़ा भवन में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** अरेरा हिल्स पुलिस ने सतपुड़ा भवन में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। 16 अप्रैल 26 को आनंद बाकेकर (32) निवासी शिवाजी नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी। उच्च शिक्षा विभाग के राच्य परियोजना संचालनालय में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया गया कि सतपुड़ा भवन विंग 'ख' से 14 और 15 अप्रैल की रात सामान चोरी हो गया। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने एक संदिग्ध को पकड़ लिया था। आरोपी विशाल गिरी (26) निवासी भीम नगर को हिरासत में लिया। आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने करीब 30 हजार रुपए कीमत का एसी जब्त किया। साथ ही आरोपी ने पहले सतपुड़ा भवन क्षेत्र से दो एक्टिवा स्कूटी चोरी करना भी स्वीकार किया, जिन्हें अलग स्थानों से बरामद कर लिया गया है।

## गार्ड पर पेपर कटर से जानलेवा हमला

**जागरण, भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र में बदमाश ने सिक्योरिटी गार्ड पर पेपर कटर से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय सिद्धेश्वर पांडे भीम नगर में रहते है। वह सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं। बुधवार रात करीब 10.30 बजे वह अपने घर में खाना खा रहे थे, तभी मोहल्ले में रहने वाला राज चौहान उनके घर में घुसकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने उसने पेपर कटर से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

### 'पिथौरा भीली जल कथा' की जीवंत प्रस्तुति ने दिया प्रकृति के संरक्षण का संदेश

**जागरण, भोपाल।** नववर्ष मेला महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर मप्र शासन के जल संवर्धन अभियान पर शुक्रवार को वीर भारत न्यास के सौजन्य से लाइट एंड साउंड शो के साथ विशेष नृत्य नाट्य की प्रस्तुति दी गई। नाटक 'पिथौराः भीली जल कथा' में प्रकृति के संरक्षण का स्पष्ट संदेश मिलता है। नृत्य-नाट्य का पुनर्संयोजन चन्द्रमाधव बारीक ने किया। यह नाट्य केवल एक कथा नहीं, बल्कि एक अनुभव है- जहाँ रंग, रेखाएँ, संगीत और शरीर मिलकर एक ऐसी दुनिया रचते हैं, जिसमें देवता केवल पूजे नहीं जाते, बल्कि जीए जाते हैं। डॉ. मोहन यादव सरकार के जल संवर्धन अभियान के प्रयासों को 55 कलाकारों ने लाइट एंड साउंड शो के साथ रंगमंच पर जीवंत किया। पिथौरा देव आदिवासी जीवन के केंद्र में हैं। नृत्य नाट्य में पिथौरा देव को किसी मूर्ति या प्रतिमा के रूप में नहीं, बल्कि एक जीवंत ऊर्जा के रूप में पेश करने का प्रयास सफल रहा। नाटक में अभिनय पूरी तरह यथार्थवादी न होकर शारीरिक अभिव्यक्ति और लोकनृत्य से परिपूर्ण रहा।

## आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए सिरदर्द बना आरओएमएस पोर्टल

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के सरकारी विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों के प्रबंधन के लिए वित्त विभाग ने नया रिसोर्स आउटसोर्सिंग एजेंसी मैनेजमेंट सिस्टम (आरओएमएस) पोर्टल शुरू किया है, लेकिन इसे लेकर अब सवाल उठने लगे हैं।

**पोर्टल पर एंट्री न होने के कारण अटक रहा कर्मचारियों का वेतन**

ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक मनोज भार्गव ने बताया कि इससे कर्मचारियों को कोई खास नई सुविधा या राहत नहीं मिली है, बल्कि इससे कई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में एक अप्रैल से यह पोर्टल शुरू हो चुका है। हर जिले में आउटसोर्स कर्मचारियों का पूरा डाटा पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है। इसमें सामान्य जाकारी से लेकर बैंक डिटेल तक शामिल है। जानकारी के अभाव में हजारों कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारी नेता सुरेन्द्र सिंह कौरव ने बताया कि पोर्टल से प्रदेश के लाखों आउटसोर्स कर्मियों को कोई ठोस राहत नहीं मिलने वाली। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में सरकार ने वचन पत्र में आउटसोर्स कर्मचारियों को केंद्र के समान न्यूनतम वेतन और संविदा कर्मी का दर्जा देने का वादा किया था।

**ठेका प्रथा जारी रहने की आशंकाः** संघ के अनुसार पहले भी विभाग अपने-अपने पोर्टल पर अनुबंध और वर्क आर्डर दर्ज करते थे, अब केवल आरओएमएस पोर्टल पर एंट्री होगी। ईएसआई और पीएफ जमा कराने की जिम्मेदारी अब भी एजेंसियों की ही रहेगी। ऐसे में ठेका प्रथा में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखता। मोर्चा ने यह भी सवाल उठाया है कि पोर्टल में यह स्पष्ट नहीं है कि यदि ठेकेदार समय पर वेतन, एरियर या ईपीएफ-ईएसआई जमा नहीं करता, तो सरकार कितने समय में क्या कार्रवाई करेगी।

# सीएम हाउस घेरने जा रहे शिक्षकों को रोका



### झड़प के बाद 100 से अधिक गिरफ्तार


छायाः एचसी वर्मा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के पॉलिटेक्निक चौराहे पर शुक्रवार को उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब शिक्षक भर्ती-2025 के सैकड़ों अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक दिया, जिसके बाद आंदोलनकारी सड़क पर ही धरना देकर बैठ गए। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई, जिसके कारण मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने समझाइश भी दी, लेकिन जब आंदोलनकारी नहीं माने, तो उन्हें खदेड़ने के लिए बल प्रयोग भी किया। इस दौरान हुई झड़प में कुछ को मामूली चोटें आई हैं। बाद में पुलिस ने 100 से अधिक प्रदर्शनकारियों को बसों में भरकर खजूरी थाने भेज दिया।



### पुलिस पर लगाए बदसलूकी और मारपीट के आरोप

प्रदर्शन में शामिल होने ग्वालियर, शिवपुरी और अन्य जिलों से आए अभ्यर्थियों ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्वालियर से आए राजवीर ने बताया कि अभ्यर्थी शांतिपूर्वक अपनी बात रखने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उनके साथ गाली-गलौज और बदसलूकी की। वहीं, राजगढ़ के अमित मंडलोई ने बताया कि उन्हें अपराधियों की तरह बसों में भरकर शहर से दूर ले जाकर छोड़ दिया गया। आंदोलनकारियों का कहना है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के 1.15 लाख पद खाली हैं, लेकिन सरकार बेहद कम पदों पर भर्ती कर रही है। पदों को बढ़ाने की मांग को लेकर कई उम्मीदवार पिछले दो माह से भोपाल में डेरा डाले हुए हैं। इससे पहले ये आंदोलनकारी खून से खत लिखने, भूख हड़ताल और मुंडन कराने जैसे प्रदर्शन भी कर चुके हैं। इनकी मांग है कि माध्यमिक शिक्षक वर्ग-2 के लिए हर विषय में कम से कम 3,000 पद या कुल रिक्तियों को बढ़ाकर 10,000 किया जाए, जबकि वर्ग-3 प्राथमिक शिक्षक में पदों की संख्या बढ़ाकर कम से कम 25,000 की जाए।

## दो हजार दीदियां बनी लखपति, टैक्स कलेक्शन व सिलाई से बनीं आत्मनिर्भर

### निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने की काम की सराहना



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** ईंटखेड़ी समर्थन सीएलएफ से करीब 4000 महिलाएं अपने हुनर का उपयोग कर परिवार की आजीविका चला रही हैं। इनमें से भी 50 प्रतिशत महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ चुकी हैं। यह बात शुक्रवार जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को बताई। बता दें कि कलेक्टर शुक्रवार को ईंटखेड़ी पहुंचे, जहां उन्होंने स्व-सहायता समूहों की दीदियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं द्वारा तैयार जरी-जरदोजी, जूट और बांस के हस्तशिल्प को देखा और दीदियों के काम की खूब सराहना की और कहा कि आपके हाथों में जादू है, आपके बनाए उत्पाद बाजार में सबसे अलग और खास हैं। यह सभी महिलाएं पशुपालन, बैंक सखी, टैक्स कलेक्शन और सिलाई-कढ़ाई जैसे कार्यों से आत्मनिर्भर बन रही हैं। अब इन उत्पादों को अब ऑनलाइन पोर्टल के जरिए अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की तैयारी है। इसके पहले गुरुवार को वे राजस्व संबंधी कार्यों का जायजा लेने के लिए बैरागढ़ व शहर वृत्त नजूल पहुंचे थे। जहां अधिकारियों को समय पर राजस्व संबंधी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे।

**हलाली बांध से बुझेगी ईंटखेड़ी की प्यास :** ईंटखेड़ी, गोलखेड़ी और बीनापुर की महिलाओं ने कलेक्टर को क्षेत्र में पेयजल की किल्लत से अवगत कराया। कलेक्टर ने अधिकारियों से पूछा कि आसपास कौनसा जलस्त्रोत है, जहां से पानी की आपूर्ति की जा सके। अधिकारियों ने पास मौजूद हलाली डैम के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने इन सभी ग्राम पंचायतों तक हलाली डैम से पानी की आपूर्ति करने के लिए प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया है। हालांकि हलाली नदी में लगातार हो रहे प्रदूषण के कारण नदी की स्थिति दयनीय है, जिसके चलते नदी व डैम की सफाई करने के साथ लोगों को भी यहां कचरा न डालने के लिए जागरूक करना होगा।

### नवीन सागर की पुण्यतिथि पर दुष्यन्त संग्रहालय में 'स्मृति' आयोजन

## रचनाकार नवीन 'प्यार का सागर' है : मुकेश वर्मा




**जागरण, भोपाल।** नवीन सागर जैसे रचनाकार को भुलाना साहित्य के साथ अन्याय होगा। यह कहना था कार्यक्रम के अध्यक्ष विश्व रंग के निदेशक संतोष चौबे का। चौबे ने वनमाली सृजन पीठ और दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्मृति के आयोजन में साहित्यकार नवीन सागर की 25वीं पुण्यतिथि पर व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। इस आयोजन में शहर सहित अन्य राच्यों से आए साहित्यकारों ने भी उनकी रचनाओं को याद किया। वहीं मुकेश वर्मा ने उन्हें 'प्यार का सागर' बताते हुए अपनी स्मृतियां साझा कीं। सपना शाह ने कहा कि नवीन सागर जीवन को पूरी ऊर्जा से जीने वाले इंसान थे। इस अवसर पर चित्रा सिंह ने नवीन सागर की प्रमुख कविताओं का पाठ किया, जबकि छाया सागर ने उनकी रचनाओं और पत्रों के माध्यम से उनके सृजनात्मक पक्ष को सामने रखा। राजस्थान से आए साहित्यकार आलोक अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जिसका संचालन विशाखा राजुरकर व स्वागत संग्रहालय की सचिव करुणा राजुरकर ने किया, आयोजन ने नवीन सागर के साहित्यिक योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया।

### भोपाल शेक्सपियर फेस्टिवल 2026 की शुरुआत

## युवाओं ने कालजयी कृतियों को आधुनिक संदर्भ में किया मंचित







**जागरण, भोपाल।** क्लब लिटराटी द्वारा आयोजित 'भोपाल शेक्सपियर फेस्टिवल 2026' की शुरुआत शुक्रवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। बारहवें संस्करण की थीम 'शेक्सपियर रीवायर्ड ऐज वी लाइक इट' रखी गई है, जिसके तहत युवाओं ने महान नाटककार विलियम शेक्सपियर की रचनाओं को नए अंदाज में प्रस्तुत किया। पहले दिन 'बार्ड्स रीबूट' के अंतर्गत लघु नाटकों की श्रृंखला दिखाई गई। शुरुआत 'रोस्ट ऑफ शेक्सपियर' से हुई, जिसमें मॉक ट्रायल के जरिए उनके कथानकों पर हल्के-फुल्के अंदाज में सवाल उठाए गए, जिसे दर्शकों ने सराहा। इसके बाद 'विलन्स थेरेपी सेशन' में मैकबेथ, इयागो और गोनेरिल जैसे पात्रों को एक काल्पनिक सत्र में प्रस्तुत किया गया। गहरे संवादों के माध्यम से यह नाटक प्रभाव छोड़ने में सफल रहा। 'शेक्सपियर इन भोपाल' प्रस्तुति दिन का मुख्य आकर्षण रही, जिसमें पात्रों को स्थानीय परिवेश से जोड़ा गया। अपर लेक और चौक बाजार के संदर्भों ने इसे और जीवंत बना दिया। समापन पर क्लब लिटराटी की अध्यक्ष सीमा रायजादा ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रभावी माध्यम हैं। फेस्टिवल ने शास्त्रीय और आधुनिक रंगमंच के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में मजबूत शुरुआत की है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर परिषद कर्मी 15 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने शुक्रवार को खरगोन जिले की भीकनगांव नगर परिषद के सहायक राजस्व निरीक्षक मयंक जैन को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मामला प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ा है। यहां के वार्ड नंबर 6 के निवासी सिराज पठान की पत्नी आयशा पठान को इस योजना के तहत मकान स्वीकृत हुआ था। मकान के निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में एक लाख रुपये मिल गए थे, लेकिन दूसरी किश्त के एक लाख रुपये जारी करने की फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर मयंक जैन ने सिराज से 15,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। शुक्रवार को जैसे ही मयंक जैन ने सिराज से अपने दफ्तर के भीतर घूस की राशि ली, वैसे ही पहले से तैयार लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपी मयंक जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। छापे की इस कार्रवाई से नगर परिषद कार्यालय में हड़कंप मच गया।

### आयकर विभाग में लैपटॉप और कैडर रीस्ट्रक्चरिंग की मांग



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** अपनी लंबित मांगों को लेकर आयकर विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अब हड़ताल करने जा रहे हैं। आयकर कर्मचारी महासंघ और आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ के आह्वान पर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी आयकर कार्यालयों में भोजन अवकाश (लंच ब्रेक) के दौरान जोरदार विरोध प्रदर्शन कर आंदोलन की शुरुआत की गई। भोपाल के आयकर भवन और मेट्रो वॉक कार्यालय में बड़ी संख्या में जुटे कर्मचारियों ने केंद्र सरकार और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी की। आयकर अधिकारी महासंघ एवं संयुक्त कार्रवाई परिषद के संयुक्त संयोजक महेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि विभाग में लंबे समय से 10 सूत्रीय मांगें लंबित हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कदम नहीं उठाए गए। सीबीडीटी और केंद्र सरकार की इसी बेरुखी से नाराज होकर कर्मचारियों ने अब चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है।

# टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार, रिव्यू पिटीशन दायर

## अब परीक्षा के औचित्य पर सवाल, 50 हजार शिक्षक आज भोपाल में जुटेंगे, परीक्षा का आदेश स्थगित करने की मांग

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश के डेढ़ लाख से ज्यादा शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी से निजात मिलने की उम्मीद बंध गई है। लंबी एक्सरसाइज के बाद सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। सरकार ने टीईटी को लेकर पुनर्विचार याचिका दायर कर दी है। सरकार के इस कदम से शिक्षकों को राहत मिलना तय है, लेकिन डीपीआई के परीक्षा संबंधी आदेश के औचित्य पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इस पर नाराजगी जताने 50 हजार से ज्यादा शिक्षक शनिवार को भोपाल में एकत्रित होंगे। विधि विशेषज्ञों से राय लेने के बाद राज्य सरकार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पुनर्विचार याचिका शुक्रवार को दायर कर दी है। प्रदेशभर के शिक्षक संगठन पिछले तीन महीने से आंदोलन चलाकर सरकार से पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग कर रहे थे। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की ओर से 17 अप्रैल को शाम चार बजे यह पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। हालांकि इस पर



सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं हो सकी है। मगर महाधिवक्ता की ओर से ई-फाइलिंग से दायर की गई पुनर्विचार की रसीद भी शाम को ही शासन को मिल गई है। आनन-फानन में लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, राज्य कर्मचारी संघ सहित शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा को भी यह रसीद भेजी गई है। सरकार का यह कदम टीईटी की अनिवार्यता का विरोध कर रहे शिक्षकों को राहत देने वाला है। हालांकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह शिक्षकों को आश्वस्त कर चुके थे।

### अब डीपीआई के आदेश पर सवाल

महाराष्ट्र के एक प्रकरण की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 को फैसला सुनाया था कि पात्रता परीक्षा के जरिए शिक्षकों की योग्यता परखी जाए। 5 साल में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को छूट दी थी। इसके तहत डीपीआई ने आननफानन में 2 मार्च को आदेश जारी कर टीईटी का टाइम टेबल भी जारी कर दिया। इसके मुताबिक मध्यप्रदेश के शिक्षकों के लिए जुलाई-अगस्त में टीईटी का आयोजन कर्मचारी चयन मंडल द्वारा किया जाना है। इसे लेकर प्रदेश भर के कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षक तनाव में आ गए। अब सरकार द्वारा दाखिल की गई पुनर्विचार याचिका से डीपीआई के इस आदेश के औचित्य पर सवाल उठ गए हैं। संगठनों को सुप्रीम कोर्ट में दायर पुनर्विचार याचिका की रसीद भेजने वाले आयुक्त लोक शिक्षण ने भी अभी तक कोई संशोधित आदेश टीईटी के संबंध में जारी नहीं किया है।

### जम्मू-कश्मीर में स्थगित हो चुकी है टीईटी

सुप्रीम कोर्ट का फैसला आते ही पंजाब, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, केरला और उत्तरप्रदेश सरकार 30 दिन के अंदर ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई थीं। मगर मध्यप्रदेश सरकार ने समय सीमा में पुनर्विचार याचिका ही दायर नहीं की। वहीं जम्मू-कश्मीर शासन ने तो पुनर्विचार याचिका पर फैसला आने तक टीईटी स्थगित करने का आदेश भी जारी कर दिया। अब मप्र सरकार को भी इसी आधार पर अपनी परीक्षा स्थगित करना पड़ेगी। मप्र शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह यादव का भी कहना है कि संचालनालय को तत्काल टीईटी स्थगित करने का आदेश जारी कर शिक्षकों का संशय से बाहर निकालना चाहिए। अब इस परीक्षा का कोई औचित्य ही नहीं बचा है।

### आंदोलन स्थगित करने से इंकार

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संयोजक राकेश दुबे एवं उपेंद्र कौशल ने सरकार द्वारा दायर रिव्यू पिटीशन का स्वागत किया है, लेकिन अपना आंदोलन स्थगित या निरस्त करने से इंकार किया है। इनका कहना है कि हमारी मांगें अभी भी वहीं की वहीं हैं। इसलिए कल प्रदेश भर से 50 हजार शिक्षक भोपाल पहुंचकर भेल दशहरा मैदान में धरना देंगे। सरकार को तत्काल टीईटी का आदेश स्थगित करना चाहिए। साथ ही भविष्य में होने वाली टीईटी के दायरे में आने वाले शिक्षकों की स्थिति भी स्पष्ट करना चाहिए।

> हमने पुनर्विचार याचिका दायर कर दी है। अब मामला शीर्ष अदालत के क्षेत्राधिकार में है। इसलिए परीक्षा का फैसला भी हम नहीं कर सकते। अदालत के आदेश पर ही परीक्षा करने या न करने का फैसला लिया जा सकेगा। जम्मू-कश्मीर राज्य शासन द्वारा पुनर्विचार याचिका का फैसला आने तक टीईटी स्थगित करने के संबंध में हमें जानकारी नहीं है। यदि कोई आदेश की प्रति उपलब्ध कराता है तो हमें भी आसानी हो जाएगी।
>
> ● **अभिषेक सिंह**, आयुक्त लोक शिक्षण मप्र

# भाजपा की कमजोर विधानसभा सीटों पर अब रात बिताएंगे सरकार के मंत्री

## कसावट: आंतरिक सर्वे के बाद भाजपा ने लगभग 70 विधानसभा सीटों को किया है चिह्नित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की उन विधानसभा क्षेत्रों में अपना जनाधार बढ़ाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं, जहां भाजपा कमजोर है या फिर वहां विपक्षी दल का विधायक लगातार चुनाव जीत रहा है। इसके लिए जिलों के प्रभारी मंत्रियों को विधानसभा मुख्यालयों में रात्रि बिताने एवं वहां चौपाल लगाने को कहा गया है। गौरतलब है कि भाजपा ने पिछले दिनों एक आतंरिक सर्वे के बाद अपनी ऐसी लगभग 70 विधानसभा सीटों को चिह्नित किया है, जहां पर उनका जनाधार पहले से नीचे गिरा है। जिसे निकाय और त्रि स्तरीय पंचायती राज चुनावों से पहले सुधारने के लिए रणनीति तय कर दी है। जानकारों की मानें तो मंत्रियों से कहा गया कि वे जब भी अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा करें, तो सरकारी कामकाज निपटाने के बाद कमजोर हो चुकी विधानसभा सीट मुख्यालय में एक रात रुकें और वहां रात्रि में सभाएं या चौपाल लगाकर लोगों को बताएं कि किस तरह से भारतीय जनता और उसकी सरकार जनता के हितों को लेकर काम कर रही है। इधर भाजपा संगठन को भी सक्रिय किया




गया है। प्रदेश पदाधिकारियों, संभाग प्रभारी एवं जिला प्रभारियों को टाइम लाइन थमा दी गई है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को जनता व कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करने की बात कही गई है। पार्टी ने अपनी इस नई गाइडलाइन के तहत प्रदेशाध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से कहा है कि वे प्रत्येक महीने के शुरुआती 10 दिनों में मैदानी दौरे और जिला स्तरीय बैठकों में शामिल होंगे। महीने के पहले सप्ताह में संगठन और पदाधिकारियों का पूरा फोकस मंडल स्तर पर रहेगा। इस दौरान मंडल की बैठकें आहुत की जाएगी, जिसमें मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, मंडल मोर्चा अध्यक्षों व वार्ड संयोजकों के साथ समन्वय स्थापित होगा।

### 7 से 10 अप्रैल के बीच होंगी जिला स्तर पर बैठकें

इसी तरह दूसरे चरण में यानि कि 7 से 10 अप्रैल के मध्य जिला स्तर पर बैठकें बुलाई जाएंगी। जिनमें संभाग प्रभारी,जिला प्रभारी और जिलाध्यक्षों की मौजूदगी अनिवार्य रहेगी। हर माह के मध्य में 11 से 20 तारीख के बीच प्रदेश स्तरीय बैठकें और वरिष्ठ पदाधिकारियों का प्रवास रहेगा। महीने के चौथे सप्ताह में पार्टी की विशिष्ट इकाईयों और शक्ति केन्द्रों पर ध्यान दिया जाएगा। जिसमें मन की बात और बूथ समिति की बैठक का एजेण्डा निर्धारित किया जाएगा। शक्ति केन्द्र टोली की बैठकों के बाद टिफिन बैठकों का आयोजन किया जाएगा। बताया गया है कि यह रोडमैप दो महीने के रोटेशन के आधार पर हर महीने 50 प्रतिशत मंडलों में आयोजित की जाएंगी।

### संभाग और जिला प्रभारियों को थमाए लक्ष्य

भाजपा की नई रणनीति तो लेकर पार्टी मुख्यालय में शुक्रवार को संभाग और जिला प्रभारियों की बैठक हुई, जिन्हें गाइललाइन के मुताबित टारगेट सौंपे गए। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर ज्यादा और मेहनत करनी होगी। जब तक हम सब मिलकर पार्टी के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एक जुट होकर काम नहीं करेंगे,तब तक हमारी योजनाओं में सफलता नहीं मिल सकती। हमें समाज के हर वर्ग से संवाद बढ़ाना होगा। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी की सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और एकजुटता पर निर्भर करती है। हमारी सरकार और संगठन की योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा।

# उपार्जन केंद्रों पर गड़बड़ी करने वालों पर शुरू हुई कार्रवाई

## रायसेन जिले में दो जगहों पर मिली गड़बड़ी, प्रकरण दर्ज

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** संभाग में चल रहे गेहूं उपार्जन के बीच नापतौल विभाग ने वेयर हाउस खरीदी केंद्रों की सघन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वेयरहाउस खरीदी केंद्रों पर किसानों से नमी के नाम पर प्रति ट्रॉली 25 किलो अतिरिक्त गेहूं लिया जा रहा है, जिसकी जानकारी सामने आते ही नापतौल विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को मुगालिया कोट स्थित मां पीतांबरा वेयरहाउस पर जिला आपूर्ति विभाग के औचक निरीक्षण के दौरान भी तुलाई के दौरान हो रही गड़बड़ी सामने आई थी। जिसके बाद सेवा सहकारी समिति तूमड़ा के केंद्र प्रभारी और समिति सदस्य को शो कॉज नोटिस जारी किया गया था। जांच दल ने मौके पर मौजूद किसान रमेश प्रजापति से पूछताछ की, तो पता चला कि केंद्र पर पिछले कई दिनों से प्रति क्विंटल गेहूं की तुलाई पर एक किलो अतिरिक्त गेहूं लिया जा रहा है। यही स्थिति संभाग के भोपाल, सीहोर, विदिशा, रायसेन और राजगढ़ जिले में भी निर्मित हो रही है। जहां उपार्जन केंद्रों पर तुलाई के नाम पर किसानों से अतिरिक्त गेहूं की तुलाई करवाई जा रही है। पहले दिन रायसेन जिले में दो जगहों पर गड़बड़ी सामने आई है। जिसके बाद प्रकरण दर्ज कर तौल कांटे जब्त किए गए हैं।

### इन जगहों पर मिली गड़बड़ी

नापतौल विभाग की जांच के दौरान रायसेन में खरबई जाखा, सेवासनी और मोरेल करा स्थित उपार्जन केंद्रों की जांच अमले से कराई गई, जिसमें मोरेल करा उपार्जन केंद्र में दो इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे असत्यापित पाए गए। जिसके बाद अमले ने इन कांटों को जब्त कर विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 की के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है और वेयर हाउस संचालकों को सत्यापित कांटों से ही तुलाई करने को कहा है। अमला संभाग के अन्य वेयर हाउस की जांच भी लगातार कर रहा है, ताकि किसानों को आर्थिक हानि होने से बचाया जा सके।

> तुलाई केंद्रों पर किसानों से क्विंटल व प्रति ट्रॉली पर अतिरिक्त गेहूं लिए जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है, जिसके बाद अमले को संभाग के सभी वेयर हाउस की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> ■ **नसीम उद्दीन**, उप नियंत्रक, नापतौल, भोपाल संभाग

# एम्स में चूहों को पकड़ने के लिए पिंजरा लेकर पहुंचे कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल अपनी व्यवस्थाओं को लेकर विवादों में आ गया है। पहले अस्पताल में चूहों की मौजूदगी को लेकर सवाल उठे थे, और अब कॉकरोच के वार्डों तक पहुंचने की शिकायतों ने मामले को और गंभीर बना दिया है। इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस ने एम्स के बाहर अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन कर प्रबंधन पर निशाना साधा। कांग्रेस के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष मोहम्मद शाहवर व उनके साथ सैंकड़ों कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एम्स परिसर के बाहर पहुंचे और अपने साथ चूहा पकड़ने का पिंजरा तथा कॉकरोच मारने का कीटनाशक लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि अस्पताल प्रशासन को आईना दिखाने की कोशिश है, ताकि



वह व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति समझ सके। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि देश के प्रमुख और आधुनिक अस्पतालों में गिने जाने वाले एम्स भोपाल में यदि वार्डों के अंदर चूहे और कॉकरोच घूम रहे हैं, तो यह बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि यहां इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन ऐसी शिकायतें सामने आना सीधे तौर पर लापरवाही को दर्शाता है।

### गेहूं उपार्जन के लिए 30 अप्रैल तक स्लॉट किए जाएंगे बुक

**विसं, भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि किसानों को गेहूँ विक्रय के लिये 30 अप्रैल तक स्लॉट बुकिंग की सुविधा रहेगी। उन्होंने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक एक लाख 30 हजार 655 किसानों से 57 लाख 13 हजार 640 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 355 करोड़ 3 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है। अभी तक 4 लाख 22 हजार 848 किसानों द्वारा 1 करोड़ 82 लाख 96 हजार 810 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। किसान गेहूँ बिक्रय के लिये 30 अप्रैल 2026 तक स्लॉट बुक कर सकते हैं। खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। गेहूँ की खरीदी कार्यालयीन दिवसों में होती है।

**बैठक** कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मेलन में आया प्रस्ताव, वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

# हर विधानसभा में 30 हजार घरों से कांग्रेस मांगेगी 100 रु.

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 30 हजार घरों से 100 रुपए की सहयोग राशि लेगी। जिसका उपयोग संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में किया जाएगा। शुक्रवार को पार्टी की ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी के सभी दिग्गज नेता मौजूद रहे। राजधानी के रविंद्र भवन में दिन भर चली बैठक में हर ब्लॉक अध्यक्षों से संगठन को और कैसे मजबूत बनाया जाए, इसे लेकर सुझाव लिए गए। इस बैठक में सबसे अहम बात यह रही कि अरसे बाद पार्टी के 50 से ज्यादा वरिष्ठ नेता मंच पर नजर आए। इन नेताओं ने संगठन की मौजूदा स्थिति,जमीनी स्तर पर कमजोर पकड़, कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता और भविष्य की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। नेताओं ने साफ तौर पर कहा कि अब बैठकों से कांग्रेस मजबूत नहीं होगी,बल्कि जमीन पर काम करना होगा। वरिष्ठ नेताओं ने ब्लॉक अध्यक्षों से कहा कि जिम्मेदारी मिलने का मतलब केवल पद संभालना नहीं,बल्कि सक्रिय रूप से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मंडल,ब्लॉक,गांव और वार्ड स्तर तक



संगठन का मजबूत ढांचा खड़ा करें और हर स्तर पर कार्यकर्ताओं को आगे कर उन्हें और सक्रिय करें। उन्होंने कहा कि अब केवल कागजों पर कमेटियां बनाकर सूची भेजना पर्याप्त नहीं माना जाएगा,अलबत्ता हर नियुक्ति और हर इकाई का फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाएगा। यदि कोई भी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को सही ढंग से नहीं निभाते पाया गया,तो उनका पद जाना तय होगा। नेताओं ने ब्लॉकाध्यक्षों को बताया कि जिलाध्यक्षों के काम का मूल्यांकन पहले से जारी है। अब छह महीने बाद उनके(ब्लॉकाध्यक्षों) के काम की भी समीक्षा की जाएगी,यानि कि कांग्रेस में परफार्मेंस सिस्टम को लागू किया जाएगा,जहां पद पाकर घर बैठने वाले नेताओं को बिल्कुल ही नहीं झेला जाएगा। संगठन प्रभारी संजय कामले ने बताया कि हर ब्लॉक स्तर पर पार्टी संगठन द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। जिसमें हर दिन कार्यकर्ता लोगों से मिलेंगे और उनकी समस्याओं को सुनकर अपने स्तर पर उनके निराकरण की पहल करेंगे। इसके उपरांत ऐसे लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद करने से संगठन मजबूत होगा और पार्टी की एक बार फिर से जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत होगी।

### उनका लक्ष्य कांग्रेस को सत्ता में वापस लाना

बैठक का शुभारंभ करने के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र (जीतू) पटवारी ने कहा कि पार्टी पिछले 25 साल से राज्य में सत्ता से बाहर है,ऐसे में कार्यकर्ताओं को ज्यादा मेहनत करने की जरुरत है। पटवारी ने कहा कि उनका लक्ष्य किसी पद की प्राप्ति नहीं,बल्कि कांग्रेस की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करना है। वर्तमान में मध्यप्रदेश कर्ज, क्राइम और करप्शन के कैंसर से जूझ रहा है, जिसे बचाने के लिए हमें अपनी आहुति देनी होगी।

### बैठक छोड़ अजय सिंह निकल गए

बैठक के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल के अचानक चले जाने चर्चा का विषयरहा। कुछ कार्यकर्ता कानाफूंसी करते देखे गए,तो वरिष्ठ नेताओं ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। बताया गया है कि अजय सिंह राहुल ने जाने से पहले प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी से चर्चा की थी।

# एक साल के कामकाज से की जाएगी कलेक्टरों की रैंकिंग

## सीएम ने कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में सौंपे लक्ष्य, गांवों में बिताएंगे रात

**विशेष संवाददाता. भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिन अफसरों को जिलों की कमान सौंपी गई,उन्हें अपनी क्षमता और योग्यता दिखाना होगी। अधिकारी दिन भर कक्ष में न बैठे रहें,बल्कि गांवों तक दौरा करें और जनता से सीधे संवाद कर उनसे जुड़े। सभी कलेक्टर एक-दो बार गांवों में रात बिताएं और गांवों वालों के साथ चौपाल भी लगाएं। सीएम ने कहा कि प्रदेश में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने के उद्देश्य से एक साल के काम के आधार पर सभी कलेक्टरों की रैंकिंग तय की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश शुक्रवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी संभागायुक्त एवं कलेक्टरों को दिए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर जब भी मैदानी दौरा करें तो लोगों से जनकल्याण के कामों को लेकर चर्चा करें। यह सुनिश्चित करें कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल रहा है या नहीं। जल गंगा संवर्धन सहित सभी अभियानों की सार्थकता और सफलता तभी सुनिश्चित होगी, जब इनमें अधिकाधिक जनसहयोग एवं जन भागीदारी भी हो। इसके लिए सभी समर्पित और फोकस्ड होकर प्रयास करें।



### सूख चुके जल स्रोतों को मिले नया जीवन

डॉ. यादव ने कहा कि 12 जनवरी से 31 मार्च तक 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया। इस अभियान से सरकार की 106 प्रकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता और जरुरतमंदों तक पहुंचाया गया। सभी कलेक्टर्स इस अभियान के मूल लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हमेशा क्रियाशील रहें और जनता को अधिकतम लाभ दिलायें। प्रदेश में जल संरक्षण के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से प्रारंभ हुआ है। यह 30 जून 2026 तक चलेगा। विगत 2 सालों में अभियान के अंतर्गत हुए जल संचयन के कार्यों से यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश की पहचान बन चुका है। अब आवश्यकता है कि इस साल भी जल संरक्षण और सूख चुके जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के भरसक प्रयास किये जायें।

### धार्मिक स्थलों पर 50 बेड के अस्पताल

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी बड़े धार्मिक स्थलों पर कम से कम 50 बेडेड हास्पिटल होने चाहिए। सभी संभागीय मुख्यालयों में बर्न यूनिट्स स्थापित की जाए।

### किसानों को न हो कोई परेशानी

प्रदेश में चल रही गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि छोटे किसानों का गेहूं पहले खरीदा जाये। उन्हें समय पर भुगतान भी करायें। सभी कलेक्टर्स गेहूं उपार्जन केन्द्रों का सघन निरीक्षण करें और यह देखें कि खरीदी केंद्र पर समुचित छाया-पानी, बारदाना, तेज गर्मी के चलते ओआरएस घोल, पावडर आदि सभी जरूरी सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। किसानों को किसी भी तरह की प्रक्रियागत या व्यवस्थागत परेशानी नहीं हो।

# भाजपा विधायक का जाति प्रमाण पत्र कठघरे में, हेडमास्टर बताएंगे रिकॉर्ड

**जागरण, खंडवा।** खंडवा से भाजपा विधायक कंचन तनवे की मुश्किल बढ़ती दिख रही है। जाति प्रमाण पत्र की वैधता को लेकर दायर की गई याचिका की सुनवाई करते हुए अदालत ने भाजपा विधायक द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों को साक्ष्य मानने से इंकार कर दिया है। साथ ही विधायक के जाति प्रमाण पत्र की सत्यता जांचने के लिए उनके प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के हेडमास्टर्स को रिकॉर्ड लेकर तलब किया है। स्कूल के रिकार्ड से मिलान करने के बाद अदालत आगे की कार्रवाई करेगा। 2023 के विधानसभा चुनाव में विजयी रहीं कंचन तनवे द्वारा नामांकन पत्र के साथ लगाए गए जाति प्रमाण पत्र को कांग्रेस प्रत्याशी कुंदन मालवीय द्वारा चुनौती दी गई है। अदालत ने भाजपा विधायक के दस्तावेजों की सत्यता जांचने दो स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को गवाह के रूप में तलब किया है। प्राइमरी स्कूल पालसूद माल और मिडिल स्कूल खैगांव के प्रधानाचार्य शामिल हैं। इन स्कूलों से विधायक ने शिक्षा प्राप्त की थी। इन्हें छह और सात मई 2026 को अदालत में उपस्थित होने के लिए समन जारी किए जाएंगे। अगली सुनवाई छह मई को तय की गई है। कांग्रेस उम्मीदवार रहे मालवीय का आरोप है कि विधायक तनवे का जाति प्रमाण पत्र नियमों के अनुरूप नहीं है। जाति प्रमाण पत्र में पिता का नाम होना चाहिए, जबकि संबंधित प्रमाण पत्र पति के नाम से जारी किया गया है।

### एडीईओ के 12 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**भोपाल।** राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल द्वारा 12 दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण सहायक विकास विस्तार अधिकारियों (एडीईओ) के लिए 6 से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कपिल चौधरी, आश्रुति शर्मा, पुष्पेंद्र सूर्यवंशी, अक्षय रघुवंशी, हेमंत धोते शुभम परिहार सहित भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के करीब 83 एडीईओ ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में पंचायत एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक दक्षता और जमीनी स्तर पर बेहतर कार्यप्रणाली के लिए तैयार करना रहा।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## सुनिश्चित की जानी चाहिए कर्मचारियों की गरिमा

*देश की एक प्रमुख आईटी कंपनी की नासिक शाखा में यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन के प्रयासों के चौंकाने वाले आरोप परेशान करने वाले हैं। निस्संदेह, यह प्रकरण बेहद गंभीर है और इन आरोपों ने कार्यस्थल की सुरक्षा जैसे नजरअंदाज किए जा रहे महत्वपूर्ण मुद्दे पर फिर देश का ध्यान आकर्षित किया है। यह आरोप है कि पुरुष कर्मचारियों का एक समूह महिला सहकर्मियों को निशाना बनाने के लिए एक 'संगठित गिरोह' की तरह काम कर रहा था। निश्चित रूप से यह घटनाक्रम कंपनी प्रबंधन की उस घोर लापरवाही को ही उजागर करता है जिस के चलते समय रहते इस तरह के यौन उत्पीड़न व धर्म परिवर्तन की कोशिशों पर अंकुश नहीं लग सका। यह विडंबना ही है कि मानव संसाधन प्रबंधक ने कथित तौर पर पीड़िता को शिकायत दर्ज कराने से यह कहकर रोका कि –'ऐसी चीजें होती रहती हैं।' आक्षेप लगाया गया है कि इस प्रकरण में आरोपी का ही पक्ष लिया गया। निश्चित तौर पर यह दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम कॉर्पोरेट जगत में व्याप्त विद्रूपताओं और एक गहरी तथा व्यापक विफलता की ओर ही इशारा करता है। जबकि दावा यह किया जाता रहा है कि कॉर्पोरेट जगत की प्राथमिकता कर्मचारियों की सुरक्षा और गरिमा को सुनिश्चत करना है। इसमें दो राय नहीं है कि जब यौन उत्पीड़न रोकथाम ढांचे को लागू करने के लिये जिम्मेदार उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों पर दुर्व्यवहार को सामान्य या मामूली बात समझने का आरोप लगता है, तो सारे संस्थागत सुरक्षा उपाय ध्वस्त हो जाते हैं। निर्विवाद रूप से यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है, जब पीड़ित महिला कर्मचारी को न केवल अपराधियों द्वारा बल्कि उनकी सुरक्षा का दायित्व संभालने वालों द्वारा भी चुप कराने के प्रयास किये जाते हैं। एक बार फिर से पुलिस के हस्तक्षेप और परामर्श के बाद ही कई पीड़ित महिला कर्मचारियों ने आगे आने का साहस जुटाया है। जिसके बाद ही मामले में प्राथमिकी दर्ज हो पायी है।*

*बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को लेकर एक असहज करने वाला प्रश्न यह उठता है कि क्यों भय, सामाजिक कलंक अथवा संस्थागत उदासीनता के कारण देश भर के विभिन्न कार्यस्थलों में ऐसे कितने ही यौन उत्पीड़न के मामले उजागर नहीं हो पाते हैं? इसमें दो राय नहीं कि इस मामले में जांच बिना किसी पुर्वाग्रह के आगे बढ़नी चाहिए। निर्विवाद रूप से आईटी कंपनी के नासिक प्रकरण में सांप्रदायिक या राजनीतिक रंग देने का प्रयास इस संकट की मूल चिंताओं को धूमिल करने का जोखिम जरूर पैदा कर सकता है। निस्संदेह, ऐसी घटनाओं को धार्मिक या वैचारिक नजरिये से देखना कॉर्पोरेट जवाबदेही और लैंगिक संवेदनशीलता वाले सुधारों की तत्काल आवश्यकता से ध्यान भटका सकता है। इस संवेदनशील विषय पर नजर रखने वाले तर्क देते हैं कि उत्पीड़न को संप्रदाय विशेष के अपराध के रूप में देखने के बजाय, इसे एक अधिकारी द्वारा अपने अधिकार के दुरुपयोग के रूप में देखा जाना चाहिए, जो किसी भी संस्थान में पारदर्शिता और प्रवर्तन की कमी वाले वातावरण में ही पनपता है। इस विचलित करने वाले प्रकरण में अधिकारियों की प्रतिक्रिया, जिसमें एक विशेष जांच दल का गठन भी शामिल है, स्वागत योग्य है। वहीं दूसरी ओर इस मामले में महिला आयोग द्वारा भी एक स्वतंत्र जांच की जा रही है, जो कि एक सराहनीय कदम कहा जा सकता है। हालांकि, कॉर्पोरेट जगत से जुड़े कार्यालयों में स्थायी परिवर्तन तभी संभव होगा जब कंपनियां ऐसे मामलों में 'शून्य सहिष्णुता' की घोषणा करेंगी। इसके साथ ही जरूरत इस बात की भी कि कार्यालयों में ऐसा निर्भयतापूर्ण वातावरण तैयार किया जाए कि कोई भी महिला कर्मचारी बिना डर के बोलने के लिये सशक्त बन सके। उन्हें सशक्त बनाने के लिये आंतरिक तंत्र को सक्रिय रूप से मजबूत बनाने की जरूरत है। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि कंपनियों का शीर्ष प्रबंधन गाहे-बगाहे यह पड़ताल करता रहे कि सर्वाधिकार प्राप्त कोई अधिकारी असीमित अधिकारों की आड़ में उत्पीड़न के अपवित्र खेल में शामिल तो नहीं है। एक पारदर्शी व सतर्क व्यवस्था भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगा सकती है।*

प्रसंगवश

## मानसूनी बारिश की कमी से निपटने की तैयारी जरूरी

*शिखर के बाद, गर्त अपरिहार्य रूप से आता ही है। दो सालों की घनघोर बारिश के बाद, भारत को आने वाले मानसून के दौरान बरसात में भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अप्रैल में जारी अपने पूर्वानुमान में जून से सितंबर के बीच आठ फीसदी की कमी, यानी सामान्य से कम वर्षा होने की भविष्यवाणी की है। इस अनुमान में पांच फीसदी की त्रुटि की संभावना है। लेकिन आईएमडी के पिछले रिकॉर्ड के मद्देनजर, ऐसे कई मौके आए हैं जब आईएमडी ने 'सामान्य' मानसून की भविष्यवाणी की है और भारत में सूखा पड़ा है। जबकि, सूखे की भविष्यवाणी करने और इसके गलत साबित होने के मामले इससे कहीं ज्यादा हैं। दरअसल, जब आईएमडी अप्रैल में बारिश की कमी की चेतावनी देता है, तो इतिहास गवाह है कि भारत में अक्सर सूखा पड़ता है। यह एजेंसी अपनी आधिकारिक शब्दावली में कभी भी 'सूखा' शब्द का प्रयोग नहीं करती है और सिर्फ 90 फीसदी से नीचे की कमी को ही 'न्यून' वाली स्थिति के रूप में संदर्भित करती है। अप्रैल 2015 में, आईएमडी ने 2015 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के लिए 'सामान्य से कम मानसून' का पूर्वानुमान जारी किया था। इसमें मौसमी वर्षा के दीर्घकालिक औसत के 93 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था, जो फिर से 'सामान्य से कम' था। लेकिन भारत में हालात कहीं ज्यादा ही खराब रहे और उसका दीर्घकालिक औसत (एलपीए) 86 फीसदी रहा। आईएमडी को इस बार मानसून के दूसरे महत्वपूर्ण आधे हिस्से (अगस्त और सितंबर) में कमजोर मानसून की आशंका है। इसका कारण मौसम मॉडल द्वारा दर्शाए गए 'अल नीनो' का संकेत है। 'अल नीनो' एक ऐसी चक्रीय घटना है, जिसमें मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का तापमान एक डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ जाता है और 1950 के बाद से 16 में से 9 बार यह कमजोर मानसून से संबंधित रहा है।*

*अल नीनो का समय महत्वपूर्ण होता है। अगर तापमान में बढ़ोतरी मानसून के महीनों के अलावा अन्य महीनों में होती है, तो मानसून पर इसका असर उतना खतरनाक नहीं होता है। मिसाल के तौर पर, 2019 में, आईएमडी ने अप्रैल में सामान्य से कम वर्षा की उम्मीद जताई थी क्योंकि 'अल नीनो' जैसी स्थितियां बनती नजर आ रही थीं। विडंबना यह रही कि भारत में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई क्योंकि अपेक्षा के मुताबिक गर्मी तेज नहीं हुई। इस साल भी, आईएमडी को उम्मीद है कि हिंद महासागर डायपोल अल नीनो के शुष्क प्रभाव का प्रतिकार करेगा। इस साल जब पश्चिम एशिया में युद्ध जैसे हालात सबसे ज्यादा चिंताजनक बने हुए हैं, ऐसे में कमजोर बारिश के साथ-साथ गैस और उर्वरक की कमी से किसानों की हालत और भी खराब हो सकती है। लिहाजा सरकार को उर्वरकों का भंडार बढ़ाने, खासतौर पर पानी की कमी की आशंका वाले जलाशयों समेत पानी का समान वितरण सुनिश्चित करने और किसानों को बुवाई की सर्वोत्तम पद्धतियों के बारे में समय रहते सलाह देने की तैयारी फौरन शुरू कर देनी चाहिए।*



बॉलीवुड चर्चा

# अपशगुनी टाइटल- बॉलीवुड में अंधविश्वास?




● हेमंत पाल ●

सलमान खान ने हाल ही में अपनी फिल्म 'गलवान' का नाम बदलकर 'मातृभूमि' रख दिया। इसके पीछे कारण चाहे जो भी बताए जा रहे हों, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा रहा कि पुराने नाम को बदलने के पीछे कोई शुभ-अशुभ का गणित भी हो सकता है। क्योंकि, ऐसे प्रयोगों का एक लंबा इतिहास रहा है। कुछ फिल्में सिर्फ नाम की वजह से ही नहीं चली। कई बार तो फिल्मों के नाम की स्पेलिंग बदलकर इस प्रयोग को सुधारा गया, जो सफल रहा। बॉलीवुड की चमक-दमक भरी दुनिया में जहां करोड़ों की कमाई का सपना हर कलाकार देखता है, वहीं अंधविश्वास की जड़ें इतनी गहरी हैं कि टाइटल की एक स्पेलिंग बदलने से फिल्म की किस्मत पलट सकती है। लेकिन, कुछ टाइटल ऐसे हैं जो जड़ से कथित मनहूस साबित हुए हैं। इनका जिक्र होते ही प्रोड्यूसर्स के चेहरे पीले पड़ जाते हैं। सबसे कुख्यात है 'शहजादा'। पिछले 50 सालों में राजेश खन्ना, अजय देवगन और कार्तिक आर्यन जैसे सितारों ने इस नाम के साथ दांव लगाया, लेकिन हर बार बॉक्स ऑफिस पर पानी फेर गया।

> **विलियम शेक्सपियर ने अपने नाटक 'रोमियो और जूलियट' में संवाद लिखा था 'नाम में क्या रखा है।' उनकी यह बात उस नाटक के संदर्भ में सही हो सकती है। लेकिन, फिल्मों के नाम के बारे में यह कई बार गलत साबित हुई। क्योंकि, फिल्मकार हर चीज को शुभ-अशुभ के नजरिये से देखते हैं। यदि उन्हें फ़िल्म के नाम में कोई अशुभ बात नजर आती है, तो वह उसे बदलने में देर नहीं करते। कई उदाहरण हैं, जब फिल्मों के नाम ने ही लाखों-करोड़ों की फिल्मों का बंटाधार किया। फिल्म के निर्माण से पहले उसके नाम को लेकर खासी मशक्कत की जाती है।**

### 'शहजादा' बनी तीन सितारों की नाकामियां




बॉलीवुड में 'शहजादा' नाम की काली छाया इतनी घनी है कि इसके जिक्र भर से स्टार्स सिहर उठते हैं। पहली बार यह अभिशाप 1972 में राजेश खन्ना पर उतरा। सुपरस्टार खन्ना साहब की लहर पर सवार होकर 'शहजादा' रिलीज हुई। डायरेक्टर कोटि कोमीनिनी की इस रिमेक फिल्म में राजेश खन्ना के अलावा मोना सिंह और प्रिया राजवंश मुख्य भूमिकाओं में थे। उम्मीदें आसमान छू रही थीं, लेकिन फिल्म ने महज 50 लाख की कमाई की। ट्रेड एनालिस्टों के मुताबिक, बजट के मुकाबले 70 प्रतिशत का घाटा हुआ। इंडस्ट्री में चर्चा फैली कि नाम में ही कुछ खराब है। चार दशक बाद 2012 में अजय देवगन ने इस मनहूस टाइटल को फिर आजमाया। 'सन ऑफ सरदार' के बाद मनोज मुंतशिर की स्क्रिप्ट पर बनी यह फिल्म एक्शन-ड्रामा थी। संजय लीला भंसाली प्रोडक्शन की चमक के साथ अजय देवगन, संजय दत्त और काजोल जैसे सितारे थे। लेकिन रिलीज होते ही धमाका उल्टा फूटा। यानी प्रोड्यूसर्स को 50 करोड़ का चूना लगा।ताजा झटका 2023 में कार्तिक आर्यन को लगा। रोहित धवन डायरेक्टोरियल 'शहजादा' में कार्तिक आर्यन, कृति सैनन और तब्बू के साथ पूजा हेगड़े थीं। प्रचार भव्य था लेकिन बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम यानी 60 प्रतिशत घाटा। इंडस्ट्री वाले फुसफुसाते हैं शहजादा का अभिशाप फिर चला।

### 'मनहूस' टाइटल जो दुश्मन बने

'शहजादा' अकेला नहीं। बॉलीवुड में कई ऐसे टाइटल हैं जो फ्लॉप की गारंटी बन चुके हैं। 'आग' इसका सबसे काला उदाहरण है। 1980 के दशक में कमल हासन की 'आग' आई, जो सुपरफ्लॉप रही। फिर 1999 में गोविंदा और कैरी अमीन वाली 'आग' ने 5 करोड़ का बजट खा लिया। 2003 में संजय दत्त की 'लूंगी' टाइप 'आग' आई, फिर फुस्स। तीनों 'आग' बॉक्स ऑफिस पर जल गईं। एक और नाम है 'बदला।' 1966 में मीना कुमारी की 'बदला' फ्लॉप हुई। 1970 में धर्मेंद्र वाली भी डूबी। 2019 में तापसी पन्नू और अमिताभ बच्चन की 'बदला' ने तो कमाल किया, लेकिन इससे पहले के दो 'बदला' ने इंडस्ट्री को सबक सिखाया। ट्रेड एक्सपर्ट सुमीत कचड़ कहते हैं कि बार-बार फेल होने वाले नामों से बचना चाहिए। 'खिलाड़ी' भी मनहूस साबित हुआ। अक्षय कुमार की 1996 वाली 'खिलाड़ी' हिट रही, लेकिन 2016 में 'खिलाड़ी 786' ने 125 करोड़ बजट पर 50 करोड़ कमाए। फिर 2022 में सिद्धू की 'खिलाड़ी' सीरीज का नया भाग फुस्स। नाम की चमक फीकी पड़ी। 'धुंध' या 'बारिश' जैसे टाइटल ने भी फ्लॉप रिकॉर्ड बनाए।

### एक नाम से तबाह हुई कई फ़िल्में

1980 में सुभाष घई की 'कर्ज' में ऋषि कपूर लीड रोल में थे, लेकिन यह बुरी तरह फ्लॉप हो गई। 2002 में सनी देओल और शिल्पा शेट्टी वाली 'कर्ज़ः द बर्डन ऑफ ट्रूथ' ने 15 करोड़ ही जुटाए, जबकि उम्मीदें भारी थीं। 2008 में हिमेश रेशमिया का 'कर्ज' रीमेक आया, फिर फुस्स। इसके अलावा कर्ज तेरे खून का (1990), दूध का कर्ज (2016),'प्यार का कर्ज, कर्ज चुकाना है जैसी फिल्में भी डूब गईं। इंडस्ट्री वाले इसे शापित मानते हैं।

### स्पेलिंग बदलकर बची किस्मत

बॉलीवुड में नाम बदलना आम है। जब मनहूस टाइटल का डर सताता है, तो स्पेलिंग का जादू चल जाता है। सबसे मशहूर केस है 'शोले'। मूल नाम कुछ और था, जिस पर मनोज कुमार ने आपत्ति जताई थी। अंत में 'शोले' किया गया। 1975 में 35 करोड़ कमाई, सुपरहिट। सलमान खान की 'राधे' भी मूल रूप से 'राधिका' थी। अंधविश्वास से 'राधे : योर मोस्ट वांटेड भाई' हो गया। पाइरेटेड रिलीज के बावजूद फिल्म हिट रही। आमिर खान की 'लगान' का नाम पहले 'सरकारी राज' था। ज्योतिषी बोले, यह नाम नेगेटिव है। फिर जो नाम बदला उसके बाद तो ऑस्कर नॉमिनेशन मिला। '3 इडियट्स' का नाम भी पहले '5 इडियट्स' था, बदला गया तो फिल्म ने इतिहास बना दिया। सलमान की 'दबंग' पहले 'दबंगग' (तीन जी) था। ज्योतिषी ने दो जी सुझाए, फिर जो हुआ उसमें 138 करोड़ की कमाई जुड़ गई। 'बजरंगी भाईजान' भी पहले 'शुक्ला भाईजान' था जो बदला गया। कबीर खान भी मानते हैं कि अंधविश्वास काम करता है। 'कहानी 2' को भी 'आखिर क्यों' से बदल दिया। क्योंकि, पहले वाला नाम मनहूस था। विद्या बालन ने कहा था 'बॉलीवुड में नाम ही राजा है।' प्रियंका चोपड़ा की 'मैरी कॉम' का नाम पहले 'मैरी' था। फिर बदलकर पूरा नाम रखा और ये बायोपिक हिट हुई।

### बॉलीवुड में टोटकों की दुनिया

बॉलीवुड सिर्फ नामों पर नहीं रुकता। शूटिंग से पहले खास पूजा, क्लैपबोर्ड पर 'मां भगवती' लिखना, फर्स्ट शॉट साउथ दिशा में न लेना ये सब आम हैं। अमिताभ बच्चन के 'कुली' हादसे के बाद कुछ ज्यादा टोटके अपनाए जाने लगे। शाहरुख का काला चश्मा लकी चार्म है और सलमान का ब्रेसलेट। लेकिन, नाम सबसे ऊपर है। ट्रेड एनालिस्ट अक्षय जितेश के मुताबिक, पिछले 20 सालों में 40 फीसदी फ्लॉप फिल्मों का कारण नाम को माना गया। डिजिटल दौर में भी यह जारी है। अब तो प्रोड्यूसर नाम की पहले टेस्टिंग कराने लगे। ज्योतिषि सलाह देते हैं। पर, क्या यह विज्ञान है या अंधविश्वास? बॉलीवुड कहता है दोनों।

हेल्थ अपडेट

# गर्मी में योगासन से पाएं शीतल अहसास



गर्मियों में शरीर जल्दी थक जाता है। शरीर में पानी की कमी हो जाने से यह सुस्ती और बेचैनी से भी घिर जाता है। ऐसे में कुछ योगासन हैं जो न केवल शरीर को तरोताजा और स्फूर्तिदायक बनाते हैं बल्कि हमारी कार्यक्षमता को भी बढ़ाते हैं। तो इस साल हम गर्मियों के सेहत पर असर से बचने के लिए कुछ योग के अभ्यास या अन्य व्यायाम करें। यहां जानिये उन लाभकारी योगासनों के बारे में जो हमें इन गर्मियों में तरोताजगी देंगे।

> **गर्मी के मौसम में अकसर सुस्ती व थकान महसूस होती है। साथ ही तनाव व चिड़चिड़ेपन का अहसास हो तो कुछ योगासन बड़े फायदेमंद साबित हो सकते हैं। सुबह कुछ आसन गर्मी को छूमंतर कर शीतलता प्रदान करते हैं।**

**पद्मासन :** यह ध्यान का आसन है, लेकिन तन व मन दोनों को शीतलता प्रदान करता है। गर्मियों में नियमित रूप से पद्मासन करने से हम अपने तनाव पर काबू पा सकते हैं। यानी शरीर की ऊर्जा को संतुलित कर पाते हैं। प्राणायाम और ध्यान के लिए यह खास आसन है तथा जिन्हें गर्मियों के आते ही चिड़चिड़ापन सताने लगता है, उन्हें तो पद्मासन से दोस्ती कर ही लेनी चाहिए। पद्मासन करने के लिए जमीन पर बैठकर दोनों पैरों को विपरीत जांघों पर रखें, रीढ़ को सीधी रखें और आंखें बंद करके गहरी सांसें लें।

### शवासन

शवासन गर्मियों में शरीर के तापमान को संतुलित रखता है। यह आसन मानसिक थकान दूर करता है और पूरे योग सत्र के बाद इसे किया जाए तो यह शरीर को फिर से ऊर्जा से भर देता है। इस तरह गर्मियों के मौसम में शरीर को तुरंत आराम देने वाला शवासन सबसे प्रभावी आसन है। इसे करने के लिए पीठ के बल सीधा लेटें, हाथ-पैर ढीला छोड़ दें और अपनी सांसों पर ध्यान दें। ऐसे करेंगे तो शवासन करेंगे।

### बरतें कुछ सावधानियां भी

गर्मियों में योगासन करते समय सावधान रहना बहुत जरूरी होता है। कुछ बुनियादी सावधानियां ये हैं, जिनका पालन करना चाहिए मसलन- योगासन हमेशा सुबह या शाम में ही करें। तेज धूप के समय भूलकर ये न करें। योगा से पहले पर्याप्त पानी पीएं और योगा खत्म करने के बाद भी पानी पीना जरूरी है। गर्मियों में सूती, महीन और हल्के कपड़े पहनें। इन दिनों ज्यादा जोर लगाने वाले आसनों से बचें। साथ ही योग के साथ शीतली और शीतकारी प्राणायाम भी करें। ये शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं।

### शशांकासन

शशांकासन की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह आसन शरीर और दिमाग को तुरंत शांत करता है। इसलिए शशांकासन गर्मियों से होने वाली थकान को दूर करने के लिए बेहद उपयुक्त है। इसे नियमित करने से दिमाग को ठंडक मिलती है। ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। मानसिक तनाव और बेचैनी कम होती है। जहां तक सवाल है कि शशांकासन कैसे करें तो सबसे पहले वज्रासन में बैठें, फिर सांस छोड़ते हुए आगे की तरफ झुकें और इतना धीरे-धीरे झुकें कि माथा जमीन पर लग जाए और अब हाथ आगे की तरफ फैला दें, और हो गया शशांकासन।

### भुजंगासन

भुजंगासन को कोबरा पोज़ भी कहते हैं। कोई सतर्क काला नाग जिस मुद्रा में होता है, उसे ही भुजंगासन कहते हैं। ये करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेटें, हथेलियों को कंधे के पास रखें और धीरे-धीरे अपनी छाती को ऊपर उठाएं तो जो पोज़ बनेगा, वो भुजंगासन का होगा। भुजंगासन करने के जो त्वरित फायदे मिलते हैं, उनमें एक रीढ़ की हड्डी मजबूत होना भी है। फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है और शरीर में ऊर्जा तथा रक्त का संचार बढ़ता है। गर्मियों के मौसम में भुजंगासन इसलिए फायदेमंद होता है, क्योंकि इससे शरीर की जकड़न दूर हो जाती है और उसे करते ही सुस्ती खत्म हो जाती है।

### ताड़ासन

ताड़ासन को माउंट पोज भी कहते हैं। यह करने से शरीर का संतुलन सुधरता है और गर्मियों में विशेषकर इसे करते ही आलस्य दूर हो जाता है। क्योंकि यह पूरे शरीर को ऊपर की तरफ खींचता है। इससे मासंपेशियां सक्रिय होती हैं। थकान और सुस्ती कम होती है। जहां तक सवाल है कि माउंट पोज़ या ताड़ासन कैसे करें, तो सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं, अब दोनों हाथ ऊपर उठाकर शरीर को ऊपर की तरफ खीचें तथा गहरी सांस लें, यही ताड़ासन है।

वायरल मसाला

# विराट की पसंद - जर्मन मॉडल लिज लैज




> **विराट कोहली ने एक जर्मन मॉडल लिजलैज की इंस्टाग्राम तस्वीर को लाइक किया है, जो अब चर्चा का विषय बन गई हैं।**

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली एक बार फिर से सुर्खियों में आ गए हैं। इस बार वो अपनी बल्लेबाजी के लिए नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ की वजह से चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर कुछ स्क्रीनशॉट वायरल हो रहे हैं, जिनमें एक मॉडल की तस्वीर पर विराट कोहली का लाइक दिख रहा है। विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर जिस मॉडल की तस्वीर लाइक की है,उनका नाम लिजलैज है। लिजलैज एक जर्मन मॉडल हैं। इसके अलावा वो इनफ्लुएंसर और सिंगर भी हैं। उनके इंस्टग्राम अकाउंट पर 4 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। इसके अलावा उन्हें कई बार भारतीय आउटफिट में भी देखा गया है।

### यूजर्स ने खूब ली मौज

विराट कोहली का लाइक दिखने के बाद यूजर्स ने क्रिकेटर की खूब मौज ली। एक यूजर ने लिखा, 'आपका यह एल्गोरिदम कभी हमारा फोटो क्यों नहीं लाइक करता'? एक यूजर ने लिखा, 'गलती सबसे होती है'। एक यूजर ने लिखा, 'लगता है कि विराट कोहली भी लिजलैज के फैन हैं'। एक यूजर ने लिखा, 'मतलब, इंसान एक लाइक भी नहीं कर सकता है'।

### आरसीबी की जर्सी में शेयर की तस्वीर

विराट कोहली की वजह से चर्चा में आने के बाद लिज लैज ने आज एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी में उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वो RCB की जर्सी में नजर आ रही हैं। फैंस उनके इस लुक को काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि लिज लैज यूट्यूब पर भी काफी फेमस हैं। यूट्यूब पर उनके 2 लाख से अधिक सब्सक्राइबर हैं।

### कोहली की फैन हैं लिजलैज

लिज लैज पहले भी कई बार चर्चा में रही हैं। कुछ महीने पहले वो भारत भी आई थीं। मार्च में ही उन्होंने फिल्मी मंत्रा को एक इंटरव्यू दिया था। इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि उनके पसंदीदा क्रिकेटर विराट कोहली हैं। बता दें कि इन दिनों आईपीएल मैच चल रहे हैं। विराट कोहली आरसीबी टीम में शामिल हैं और लिजलैज आरसीबी को सपोर्ट करती हैं।

# सावधान! कहीं आपका स्मार्ट टीवी आपकी जासूसी तो नहीं कर रहा?

टेक अलर्ट

**एक नई स्टडी ने खुलासा किया है कि स्मार्ट टीवी हर 15 सेकंड में स्क्रीनशॉट लेकर कंपनियों को भेज रहे हैं। यह जासूसी एसीआर तकनीक के जरिए होती है, जो लैपटॉप और गेमिंग डेटा भी ट्रैक करती है। प्राइवेसी बचाने के लिए तुरंत अपने टीवी की सेटिंग्स में जाकर इसे बंद करें।**

आज के स्मार्ट टीवी सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं रह गए हैं, बल्कि ये आपकी हर गतिविधि पर नजर भी रख सकते हैं। एक नई स्टडी और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दावों ने इस बात को लेकर बड़ी चिंता खड़ी कर दी है कि कहीं आपका टीवी आपकी निजी जानकारी इकट्ठा तो नहीं कर रहा। हाल ही में एक पियर-रिव्यूड स्टडी में सामने आया कि कई स्मार्ट टीवी आपके स्क्रीन के स्क्रीनशॉट लेते हैं और उन्हें कंपनी के सर्वर पर भेजते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ स्मार्ट टीवी मॉडल्स में यह प्रक्रिया हर 15 सेकंड में होती है, जबकि कुछ ब्रांड्स जैसे Samsung में यह हर मिनट हो सकता है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह ट्रैकिंग तब भी जारी रहती है जब आप टीवी को सिर्फ मॉनिटर की तरह इस्तेमाल कर रहे हों।

Ads By तयूट्यूब पर लॉयल मोसेस नाम के एक क्रिएटर ने दावा किया कि स्मार्ट टीवी में ऑटोमैटिक कंटेंट रिकग्निशन (ACR) नाम का फीचर होता है, जो डिफॉल्ट रूप से ऑन रहता है। यह फीचर आपके टीवी स्क्रीन पर चल रही हर चीज, चाहे वो प्लेस्टेशन हो, लैपटॉप हो या केबल बॉक्स, सबको ट्रैक करता है। वीडियो में यह भी कहा गया कि यह डेटा कंपनियां आगे बेचती हैं और इससे आपकी पूरी डिजिटल प्रोफाइल तैयार की जाती है।



### क्या है एसीआर टेक्नोलॉजी

ऑटोमैटिक कंटेंट रिकग्निशन (एसीआर ) एक ऐसी तकनीक है, जो स्क्रीन पर दिख रहे कंटेंट को पहचान लेती है। यह कुछ-कुछ शाजम ऐप की तरह काम करता है, जो गाने की पहचान कर लेता है। रिसर्च के अनुसार, यह सिस्टम छोटे-छोटे ऑडियो-वीडियो क्लिप्स को कैप्चर कर उनका 'फिंगरप्रिंट' बनाता है और फिर उसे सर्वर पर भेजता है, जहां उसे डेटाबेस से मैच किया जाता है।

**कंपनियां ऐसा क्यों करती हैं :** टेक कंपनियों का मुख्य मकसद है, आपकी पसंद-नापसंद को समझना। इस डेटा के जरिए कंपनियां आपको टारगेटेड विज्ञापन दिखाती हैं। यानी अगर आपने टीवी पर कुछ देखा, तो उसी से जुड़े विज्ञापन आपको मोबाइल या लैपटॉप पर भी दिख सकते हैं।

### बड़े ब्रांड्स के ऊपर हुआ था केस

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिसंबर 2025 में टेक्सास के अटॉर्नी जनरल ने पांच बड़े टीवी ब्रांड्स के खिलाफ केस भी दायर किया था। इससे यह साफ होता है कि डेटा प्राइवेसी को लेकर अब कानूनी स्तर पर भी सवाल उठने लगे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया और अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों की एक रिसर्च ने इस चौंकाने वाले सच से पर्दा उठाया था। यह सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि आपकी हर पसंद और नापसंद पर नजर रखने वाला एक जासूस बन चुका है।

### इसे बंद कैसे करें

यूट्यूबर ने अलग-अलग स्मार्ट टीवी में सेटिंग्स बंद करने के तरीके भी बताए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग ब्रांड्स में अलग सेटिंग्स होती हैं, जिससे इस ट्रैकिंग को बंद किया जा सकता है। लेकिन याद रखें, हर बार सिस्टम अपडेट के बाद ये सेटिंग्स अपने आप ऑन हो सकती हैं, इसलिए इन्हें बार-बार चेक करते रहें।

# अमृत योजना का नया सीवेज सिस्टम नहीं, नियमित सफाई ज्यादा जरूरी

## अधिकारियों ने किया निरीक्षण चैंबर्स की सफाई पर दिया जोर

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** अब यह तय हो गया है कि 400 करोड़ रुपए लागत वाली राजधानी की अमृत योजना के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर के सीवेज सिस्टम को शामिल नहीं किया जाएगा। इसके लिए अधिकारी दो बार निरीक्षण करने के बाद इस निर्णय पर पहुंचे हैं कि जो वर्तमान सिस्टम डला हुआ है, संतनगर के लिए वह पर्याप्त है। जहां तक बार-बार सीवेज चैंबरों के चौक होने का सवाल है, तो उनकी सफाई में कोताही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

**मौजूदा लाइनें पर्याप्त:** इस प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान अधीक्षण यंत्री राजेंद्र कुमार त्रिवेदी ने बताया कि संत हिरदाराम नगर में विभिन्न आकार की जिसमें 4, 6 एवं 12 इंच की सीवेज लाइन बिछी हुई है, वह यहां का मल ढोने में पूरी तरह से सक्षम है, जब उनसे पूछा गया कि फिर बार-बार चौक होने की समस्या का सामना क्यों करना पड़ रहा है, तब उनका कहना था कि सीवेज सिस्टम आज भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पास है, और उसके द्वारा सीवेज लाइनों का समय समय पर रख-रखाव के अलावा सफाई नहीं की जा रही है अगर प्रत्येक चैंबर की नियमानुसार समय से सफाई की जाए, तो फिर चौक होने की समस्या नहीं रहेगी। जहां तक अमृत योजना के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर के खासतौर पर वार्ड-4 एवं 5 को शामिल किए जाने का सवाल है, उस बावत अधीक्षण यंत्री ने बताया कि जहां-जहां सीवेज लाइन नहीं है, वहां बिछाई जाएगी, लेकिन वर्तमान सीवेज लाइनों को निकालकर वहां नए सिरे से लाइने बिछाने का कोई औचित्य नहीं है। हम इस बात का पता लगा रहे हैं, कि कौन-कौन से ऐसे इलाके हैं और कहां-कहा नवीन कॉलोनियों का निर्माण हुआ है, जहां अभी तक सीवेज लाइनें बिछाई नहीं गई हैं। वहां पर निश्चित रूप से लाइनें बिछाने का काम किया जा रहा है, जिसमें खासतौर पर लालघाटी के आसपास विजय नगर कॉलोनी, ओम नगर, सावन नगर आदि शामिल हैं। अधिकारियों ने कांग्रेसी पार्षद अशोक मारन के साथ संत हिरदाराम नगर खासतौर पर सैनिक कॉलोनी आदि ऐरिया का निरीक्षण भी किया, जहां सीवेज लाइनें बिछाई जाना है।

**निकल रहा भारी कचरा:** इधर पिछले कुछ समय से खासतौर पर वार्ड-4 एवं 5 में जहां-जहां सीवेज के चैंबरों की सफाई की जा रही है, वहां से भारी मात्रा में कचरा निकल रहा है, इतना कचरा निकल रहा है कि पांच सात चैंबरों से निकले कचरे से नगर निगम का एक पूरा ट्रक ही भर जाता है, इससे यह साबित होता है कि घरों से निकलने वाला कचरा नालियों के बजाय सीवेज में मिल रहा है और चैंबरों के चौक होने की मुख्य वजह भी वही है।

**रुका सड़कों का काम:** इधर संत हिरदाराम नगर में खासतौर पर वार्ड-4 की तीन महत्वपूर्ण सड़कें जो भोपाल-इंदौर राजमार्ग के अलावा दूसरे सबसे बड़े प्रेम रामचंदानी मार्ग को जोड़ती हैं, निरंकारी मंडल भवन मार्ग, पंजाब नेशनल बैंक रोड एवं डॉ. सुरेश भंभानी क्लीनिक मार्ग के लिए लगभग 1.40 करोड़ की राशि स्वीकृत होकर वर्क आर्डर भी जारी हो चुका है, लेकिन इन सड़कों का सीमेंट कांक्रीटीकरण का कार्य केवल इसलिए चालू नहीं हो पा रहा था कि वहां सीवेज लाइन डाली जानी है, परंतु अब जबकि यह क्लीयर हो चुका है कि संत हिरदाराम नगर के वार्ड चार एवं पांच में सीवेज लाइन नहीं बिछाई जानी है, इन तीनों सड़कों के निर्माण का भी मार्ग प्रशस्त माना जा रहा है।



### दो बार किया निरीक्षण

पूर्व में जहां 12 मार्च को एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी के साथ राजधानी के सीवेज सिस्टम प्रभारी अधिकारी नगर निगम अधीक्षण यंत्री राजेंद्र कुमार त्रिवेदी, जूनियर इंजीनियर शुभकामना ठाकुर ने खासतौर पर वार्ड-4 के सीवेज सिस्टम का निरीक्षण किया था, वहीं राजेंद्र कुमार त्रिवेदी ने गुरुवार सुबह जल कार्य एवं सीवेज सिस्टम के उपनगर प्रभारी सचिन साहु एवं वार्ड क्रमांक-5 के कांग्रेसी पार्षद अशोक मारन के साथ विभिन्न इलाकों में भ्रमण पर निकले।

### गंदगी का यह भी कारण

अधिकारियों ने बताया कि संत हिरदाराम नगर की सीवेज लाइन के बार-बार चौक होने का एक मुख्य कारण 90 फीसदी नालियों को बंद कर देना भी है, उस पर कब्जा किया हुआ है, जिस कारण घरों से निकलने वाला पानी एवं गंदगी उन नालियों में न जाकर उनका मुंह भी सीवेज चैंबरों की तरफ मोड़ दिया गया है, यही कारण है कि एक तो सीवेज चैंबरों व लाइनों की सफाई नहीं होती, दूसरे घरों की गंदगी भी इसमें जा रही है, इस वजह से यहां चैंबरों के बार बार चौंक होना है। अगर नगर निगम नालियों को अतिक्रमण से मुक्त करवाए या जहां-जहां भी नए सिरे से सड़कों का निर्माण हो रहा है, वहां पर नालियां भी बनाई जाए, तो घरों की गंदगी सीवेज लाइन में न जाकर नालियों के जरिए बड़े नालों में चली जाएगी, जिसके बाद सीवेज चैंबरों के चौंक होने की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

# सिंधी समाज का देश में आर्थिक योगदान सराहनीय: कप्तान सिंह

## चैटीचंड के उपलक्ष्य में अब हर साल आयोजन करेगी सिंधी मेला समिति

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** अब तक राजधानी में पिछले 28 साल से भोपाल सिंधी मेला समिति का आयोजन होता आया है, जिसके संरक्षक दक्षिण पश्चिम के भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी हैं, लेकिन अब एक और सिंधी मेला समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता एवं उपाध्यक्ष आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील वासवानी बनाए गए हैं। इस नई समिति ने दशहरा मैदान पर पहली बार सिंधी मेले का आकर्षक आयोजन किया, जिसमें पूर्व राज्यपाल कप्तान सिहं सोलंकी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज का देश में आर्थिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है, जो बहुत सरहानीय है। इस मौके पर भोपाल व राजगढ़ जिले के प्रभारी कैबिनेट मंत्री चैतन्य कश्यप ने अपने उद्बोधन में सिंधी समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज ने सनातन धर्म को बचाने सिंध में सभी कुछ कुर्बान करके भारत में शरण ली व जीरो से व स्वाभिमान से मेहनत और ईमानदारी के बलबूते पर सब कुछ पुनः स्थापित किया और अपने सनातन की रक्षा करते हुए कार्य कर रहे हैं।



### इनका हुआ सम्मान

जिस तरह से सिंधी मेला समिति हर साल ओल्ड इज गोल्ड एवं शाने सिंधियत के नाम से प्रतिभाओं का सम्मान करती है, उसी तर्ज पर नवीन सिंधी मेला समिति ने राजधानी के प्रसिद्ध व्यापारी और संपन्न परिवारों में गिने जाने वाले जयकिशन लालचंदानी व दीपक लालचंदानी का सिंधी समाज की शान के नाम से सम्मान किया। मानव अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष मनोहर ममतानी की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में उमाशंकर गुप्ता ने सिंधी मेला समिति के उद्देश्यों एवं आयोजन पर विस्तार से रोशनी डाली। इस अवसर पर भगवान झूलेलाल के जीवन चरित्र पर नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई। यहां दिल्ली के पूर्व संगठन महामंत्री विजय शर्मा का भी उद्बोधन हुआ। समारोह में सुशील वासवानी एवं आरएसएस विचारधारा वाली सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद के प्रभारी कमल प्रेमचंदानी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी, वरिष्ठ भाजपा नेता चेतन सिंह, मेला समिति के सचिव अजय अग्रवाल ने भी सिंधी समाज किस तरह देश की प्रगति के लिए एवं सनातन की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है पर अपने विचार दिए। समारोह का संचालन विमल भंडारी ने किया। समिति के उपाध्यक्ष सुशील वासवानी ने बताया कि यह पहला साल था, लेकिन आगामी साल से इसे नियमित रूप से वृहद स्वरूप में आयोजित किया जाएगा।

# सिंधी काउंसिल के राष्ट्रीय महासचिव बने मनवानी



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सिंधी काउंसिल आफ इंडिया की कलकता में आयोजित बैठक में मप्र सिंधु भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष के अलावा साधु वासवानी एज्यूकेशनल सोसायटी के महासचिव राजेंद्र मनवानी को काउंसिल की सीनियर विंग का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। इससे पूर्व वे काउंसिल के यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। यह नियुक्ति संस्थापक अध्यक्ष व पूर्व सांसद सुरेश केसवानी, पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष मोहन लधानी ने की है। भले ही सिंधी काउंसिल सिंधियों का राष्ट्रीय संगठन हो, लेकिन उसकी गतिविधियां सम्मेलन एवं बैठकें आयोजित करने तक सीमित रही हैं। सिंधी लिपि को रोजगार से जुड़वाने, सिंधियों की समस्याओं के निराकरण के लिए केंद्र सरकार से राष्ट्रीय सिंधी विकास बोर्ड का गठन करवाने, केंद्र सरकार के अधीन सिंधी भाषा विकास परिषद में सिंधी भाषी डायरेक्टर या उपाध्यक्ष नियुक्त करवाने, विभिन्न प्रदेशों में सिंधी परिवारों को प्रापर्टी का मालिकाना हक एवं सिंधियों को सरकारी नौकरियों व राजनीति में आरक्षण दिलवाने का प्रयास नहीं किया है।

## सिंधी समाज के अनूठे सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

# बताशे और बिस्कुट के साथ मिलेगा ठंडा पानी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** हर साल की तरह इस बार भी सिंधी समाज टीला जमालपुरा ने एक अनूठे प्याऊ की स्थापना की है, जहां बताशे एवं बिस्कुट के साथ राहगीरों को ठंडा पानी वितरित किया जाएगा। रेलवे सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य एवं सिंधी सेंट्रल पचायत के सलाहकार नितेश लाल के प्रयासों से इस प्याऊ की स्थापना स्व. जीवनलाल मुखरैया, पंडित बाबूलाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व स्व. जेपी लाल की स्मृति में किया गया है। अनेक इंटरनेशनल संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े वरिष्ठ समाज सेवी जयकिशन लालचंदानी, ईदगाह हिल्स सिंधी पंचायत अध्यक्ष अमर दावानी, मुकेश रामचंदानी, मनोहर किंगरानी, राजकुमार दयारामानी, गोपाल मुखरैया ने सयुंक्त रूप से इस प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नितेश लाल ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई बेहतर काम नहीं है, जो कार्य आम जनता के हित के लिए करेंगे भगवान हमे उससे सौ गुना सम्मान लौटाकर देता है। यहां जयकिशन लालचंदानी ने कहा कि हमारे बड़े बुजुर्गों की कठिन मेहनत एवं परिश्रम का नतीजा है कि आज हम सुखी जीवन बिता रहे हैं, इसलिए उनका नाम हमेशा रोशन और अमर रहे, ऐसे काम करते रहना चाहिए। यहां गोपाल मुखरैया ने भी विचार रखे। इस मौके पर पार्षद मनोज राठौर, राजकुमार दयारामानी, अशोक गंगवानी, दर्शन कुकरेजा, आरके गिदवानी, वरुण गुप्ता, सुभाष लाल, देवेंद्र सिंह, एमएम लारी समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



# गौहरगंज जेल में चिकित्सालय का शुभारंभ, बंदियों को मिलेगा इलाज

**जागरण, औबेदुल्लागंज।** उप जेल गौहरगंज में बंदियों के प्राथमिक उपचारके लिए सब जेल परिसर में जेल चिकित्सालय का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ। जेल चिकित्सालय को प्रारंभ करने के लिए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गौर के सहयोग से अस्पताल के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। इसमें पलंग, गद्दे, पेशेंट स्टूल, व्हील चेयर, मेडिसिन रैक, ऑब्जर्वेशन टेबल, बॉटल स्टैंड एवं आवश्यक दवाइयां शामिल हैं। इस चिकित्सालय के प्रारंभ होने से अब उप जेल में बंदियों को प्राथमिक उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकेगी।



## SUDOKU 09

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 4 | 2 | | |
| 4 | 1 | | 6 | | | | 3 | |
| | | 2 | | 8 | | | | 4 |
| | | 6 | | 4 | | 8 | | |
| 8 | 2 | | | | | | | 7 |
| 1 | | 5 | | 6 | | 4 | 2 | |
| | 4 | | | | 6 | | 9 | 8 |
| 2 | | | 4 | | | | | |
| | 6 | | 8 | | | | | 2 |

## SOLUTIONS 08

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 | 8 | 7 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 | 1 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 1 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 | 8 | 5 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 4 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपको सिखाएगा धैर्य ही असली ताकत है। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकता है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर रखें। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**वृषभ :** आज शांति ही आपकी सबसे बड़ी जीत है। किसी भी विवाद से दूर रहना ही समझदारी होगी। मन थोड़ा उलझा रहेगा।

**मिथुन :** आज धन और अवसर दोनों आपके दरवाजे पर दस्तक देंगे। लेकिन किसी की मीठी बातों में आकर फैसला न लें।

**कर्क :** आज आपकी आमदनी बढ़ने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में टीम का पूरा साथ मिलेगा, लेकिन जल्दबाज़ी में गलती हो सकती है। धार्मिक माहौल में समय बिताने से मन को सुकून मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए चमकने का मौका है। परिवार और दोस्तों के साथ शानदार समय बितेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में काम करने वालों को नई पहचान मिलेगी।

**कन्या :** आज आपकी मीठी वाणी ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगी। अफवाहों या सुनी-सुनाई बातों पर भरोसा न करें। खर्चों में वृद्धि होगी।

**तुला :** आज जिम्मेदारियों का भार थोड़ा बढ़ सकता है। खर्चे आय से ज्यादा हो सकते हैं। संतान का व्यवहार भी चिंता दे सकता है। एक साथ कई काम आने से दिमाग व्यस्त रहेगा।

**वृश्चिक :** आज भाग्य आपके साथ खड़ा है। नौकरी में शानदार प्रदर्शन आपको खास बना देगा और प्रमोशन के संकेत मिल सकते हैं। नए काम में कदम सोच-समझकर रखें।

**धनु :** आज बड़ों का आशीर्वाद आपको आगे बढ़ाएगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**मकर :** दूर बैठे किसी अपने से अच्छी खबर मिल सकती है। पेंडिंग कामों को पूरा करने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**कुंभ :** आज का दिन सामान्य है। बिजनेस में तकनीकी समस्या परेशानी दे सकती है। काम का दबाव बढ़ेगा, लेकिन टीम का सहारा मिलेगा।

**मीन :** आज मेहनत आपका सबसे बड़ा हथियार बनेगी। आप अपनी लगन से एक नई ऊंचाई हासिल करेंगे। खर्चे बढ़ सकते हैं, इसलिए संतुलन जरूरी है। बुजुर्गों की सेहत पर ध्यान दें।

**आज का पंचांग:** 18 अप्रैल शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु वैशाख मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 14 घंटे 11 मिनट तक तत्पश्चात द्वितीया अश्वनी नक्षत्र 09 घंटे 43 मिनट तक तत्पश्चात भरणी नक्षत्र प्रीति योग 23 घंटे 56 मिनट तक, तत्पश्चात आयुष्मान योग, मेष में चंद्रमा। **राहुकाल :** प्रातः 09:06 से प्रातः 10:42 बजे तक।

# सेल्फ डिफेंस से बच्चों में बढ़ा आत्मविश्वास

**मंडीदीप ।** नगर में चल रहा सृजन शिविर का आठवां दिन बच्चों के लिए ज्ञान, जागरुकता और आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण संदेशों से भरपूर रहा। सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों और खेल प्रशिक्षकों ने बच्चों को न केवल स्वस्थ जीवनशैली का महत्व बताया, बल्कि उन्हें आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए। सिविल अस्पताल के प्रभारी डॉ. शलभ तिवारी ने स्पष्ट किया कि जीवन में सफलता का आधार मजबूत शरीर और संतुलित मन है। उन्होंने घरेलू भोजन को प्राथमिकता देने और फास्ट फूड से दूर रहने की सलाह दी। उनके अनुसार, अस्वास्थ्यकर खानपान न केवल शरीर को कमजोर करता है, बल्कि किडनी, लिवर और मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डालता है। वहीं, डॉ. रिचा यादव ने किशोरावस्था के संवेदनशील दौर पर बच्चों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कालापानी जनपद पंचायत फंदा भोपाल

क्रमांक 269/पंचा./26 दिनांक 16/04/2026

### विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कालापानी जनपद पंचायत फंदा भोपाल के ग्राम कालापानी के खसरा क्रमांक-212, 213 म.प्र. शासन के अंशभाग की शासकीय भूमि पर 20 दुकानों की नीलामी म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 म.प्र. (पंचायत स्थावर सम्पत्ति का अंतरण) की धारा-65 स्थावर संपत्ति का अंतरण नियम विहित प्रक्रिया के आधार पर ग्राम पंचायत कालापानी की 20 दुकानों के अंतरण की अनुमति जिला पंचायत भोपाल के आदेश क्रमांक 108/जि.पं./पचा.प्रको/2026 भोपाल दिनांक 08.01.2026 द्वारा प्रदान की गई है। प्रदत्त स्वीकृति एवं शर्तों के आधार पर दिनांक 15.05.2026 को समय प्रातः 10:00 बजे से 5 बजे तक आयोजित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फंदा भोपाल एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी कोलार की अध्यक्षता में उक्त दुकानों के नीलामी एवं समस्त दुकानों का आवंटन पंचायत भवन कालापानी पर निम्नानुसार शर्तो पर किया जावेगा। **ग्राम पंचायत कालापानी की भूतल की-16 एवं प्रथम तल की -4 दुकानो, कुल - 20 दुकानो की नीलामी हेतु आरक्षण**

| क्रमांक | प्रवर्ग ( आरक्षण ) | दुकानों की संख्या | ऑफसेट मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुसूचित जनजाति वर्ग | 6 | भूतल - 1000000 रूपये एवं प्रथम तल- 750000 रूपये |
| 2 | जनुसूचित जाति वर्ग | 2 | |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये | 3 | |
| 4 | महिलाओं के लिए (विधवा तथा परित्याक्ताओं को सम्मिलित करते हुए) | 2 | |
| 5 | शिक्षित बेरोजगारों के लिए | 1 | |
| 6 | अनारक्षित | 6 | |
| | योग | 20 | |

1. संपत्ति के अंतरण हेतु म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 65 एवं म.प्र. (पंचायत स्थावर संपत्ति का अंतरण) नियम 1994 का पालन किया जाएगा ।
2. नीलामी की प्रक्रिया Open Bid जो कि Highest निकले वहां से प्रारंभ करके फिर खुली नीलामी के अनुसार की जावेगी।
3. स्थावर संपत्ति का अंतरण लोक नीलामी द्वारा किया जावेगा अन्यथा नहीं।
4. स्थावर संपत्ति का दुकानें जिसका लोक नीलामी द्वारा अंतरण किया जाना है, उसमें आरक्षण का पालन किया जाएगा।
5. आरक्षण श्रेणी के बोलीदार को अपने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
6. इच्छुक बोलीदार दुकान क्रमांक के साथ दुकान के मूल्य की राशि का 5 प्रतिशत राशि जमा कर बोली में भाग ले सकता है।
7. उच्चतम बोली स्वीकार किए जाने पर बोलीदार को 25 प्रतिशत राशि नीलामी दिनांक से 07 दिवस मे जमा करना होगा एवं 25 प्रतिशत राशि 02 माह एवं शेष 50 प्रतिशत 06 माह में जमा करना अनिवार्य होगा।
8. उच्चतम बोलीदार द्वारा नियत समय सीमा में राशि जमा नहीं किए जाने पर जमा निक्षेप राशि (शर्त क्रमांक 6 एवं 7 की राशि जप्त) संपहद हो जावेगी। जो कि वापस नहीं की जा सकेगी।
9. असफल बोलीदार की जमा 05 प्रतिशत निक्षेप राशि वापस कर दी जावेगी।
10. पट्टा आवंटन लोक नीलामी द्वारा अंतरित दुकान, विहित प्राधिकारी की अनुमति से 10 वर्ष के लिए उच्चतम बोलीदार को आवंटित किया जावेगा।
11. स्थावर संपत्ति का प्रत्येक पट्टा इस शर्त के आधीन होगा कि पट्टा की अवधि के दौरान देय वार्षिक भाड़ा अग्रिम देय होगा।
12. आरक्षण प्रवर्ग की दुकानें न तो अंतरित की जाएंगी और न ही किराए पर दी जाएंगी।
13. शर्त उल्लंघन की दशा में आवंटन रद्द कर दिया जावेगा।
14. उक्त नीलामी दिनांक 15.05.2026 को प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक कार्यालयीन समय में आयोजित की जावेगी। दुकानों की अधिकता दृष्टि से उक्त 20 दुकानों की नीलामी यदि नियत दिनांक को पूर्ण नही होती है तो शेष बची दुकानों की नीलामी आगामी तारीख में की जाएगी जिसकी सूचना प्रथक से विज्ञप्ति के माध्यम से जारी कर दी जावेगी।

सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत कालापानी जनपद पंचायत फंदा भोपाल



## ।। जाहिर सूचना ।।

प्लाट क्रमांक-(C) सी सिद्धि विनायक कैंपस फेस-2,ग्राम-बेरखेड़ी बाज्यापत्त,भोपाल (म.प्र.)

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती सोनाली नायक पत्नी श्री महेश नायक आयु वयस्क निवासी-एम.आई.जी-10, बी-सेक्टर सोनागिरी तहसील हुजूर जिला भोपाल के स्वत्व,स्वामित्व एवं आधिपत्य व मालिकाना हक का एक किता आवासीय प्लाट क्र.-C (सी) है, जिसका कुल क्षेत्रफल 980 वर्गफिट अर्थात 91.07 वर्गमीटर है, जो की स्थित सिद्धि विनायक कैंपस फेस-2,आई.ई. एस.कालेज के सामने, ग्राम-बेरखेड़ी बाज्याफ्त (मुख्य मार्ग से अंदर) नगर निगम सीमा के बाहर, प.ह.नं.-32/48,रा.नि.म.-03,तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है। उक्त प्लाट का खसरा क्र.-107/2(एस) का अंश भाग है, उक्त प्लाट कि चतुर्थ दिशाए-पूर्व में-प्लाट क्रं.-B (बी), पश्चिम में-अन्य की भूमि, उत्तर में-प्लाट क्रं.-A (ए), दक्षिण मे- रोड है। जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने हेतु मौखिक/टोकन राशि (बयाना राशि) अदा कर रसीद प्राप्त की है। उक्त प्लाटको क्रय करने जा रहा है, उक्त वर्णित प्लाट के संबंध में किसी भी व्यक्ति,संस्था,बैंक,हाउसिंग फाइनेंस संस्था,फार्म शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो,पावर आ अटार्नी, हस्तांतरण, अंतरण इत्यादि हो तो वह व्यक्ति संस्था, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय आदि की जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय मूल दस्तावेज सहित उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा वर्णित प्लाट का विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा, ऐसी स्थिति में कोई भी आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी।

संजय कुमार सेन अधिवक्ता सीनियर मेंबर (DBA)
भूपेन्द्र सेन/सुष्मिता सेन एडवोकेट
कार्या.214-215,2nd फ्लोर,DBA लायर्स चेंबर जिला न्यायालय के पीछे,अरेरा हिल्स,भोपाल
9827381331,7509366230



## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने रोतन सिंह मीना (रोहतान सिंह) पुत्र श्री केवलसिंह मीना निवासी-ग्राम इमलिया, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्यप्रदेश) के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता भूखण्ड जो खसरा क्रमांक 274/2/3/1/1 का अंश भाग स्थित ग्राम इमलिया, प.ह.नं. - 16/29, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्यप्रदेश) जिसका कुल क्षेत्रफल- 1500 वर्गफिट है। जिसकी चतुर्थ सीमायें दिशा उत्तर में-नाला, दिशा दक्षिण में-नवीन बायपास मार्ग, दिशा पूरब में- भूमि हेमसिंह, प्रीतम व इसी खसरे की शेष भूमि, दिशा पश्चिम में-भूमि अन्य की है जो राजस्व अभिलेखों में मेरे नाम से दर्ज है।

यह कि उक्त भूखण्ड से संबंधित किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, सोसायटी, बैंक का कोई हित व अनुबंध, साम्यिक बंधक या अन्य किसी प्रकार से कोई हित हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर नीचे लिखे पते पर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दस्तावेजी साक्ष्यों सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

सूचित हो।

भवदीय (एम.जी. मुखरैया) अधिवक्ता
कार्या.- 04 आदित्य काम्पलेक्स, छोला रोड भोपाल।
मो.- 9329092128



## परिशिष्ट B- संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
बीसवें व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड, भोपाल भोपाल
( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु )

एमजेसी / 144/2026
दिव्या मनोज अरोरा बनाम सर्वसाधारण
NEXT DATE: 14-05-2026

प्रेषिती-**सर्वसाधारण**
पता-**सर्वसाधारण**

यह कि प्रार्थी दिव्या मनोज अरोरा ने आपके विरूद्ध एमजेसी / 144/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 08-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

कृष्णकांत बागरे
बीसवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें : 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।



## कार्यालय नगर पालिक निगम, (यात्रिकी शाखा), भोपाल

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 840/यां.वि/26 भोपाल, दिनांक 17/4/2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_456668_2 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AND UTILITY DUCT AT SAHYOG VIHAR COLONY W 46 ZONE 8 SECOND CALL | 5237016 | 04-MAY-2026 | 05:30 |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि. क्र. 87/026/027

कार्यपालन यंत्री ( सिविल )
नगर निगम, भोपाल



## कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)

### निविदा सूचना

सूचना क्र./13/लो.नि.वि./26 देवास, दिनांक :-16.04.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-


| क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_500835_1 | शहर के वार्ड क्रं. 01 से 45 तक मे स्थित GVP स्थानों पर पेवर्स ब्लाक लगाने का कार्य । (तृतीय निविदा) | 60 दिवस 15,00,000/- | 2,000/- 11,250/- | 22.04.2026 |
पंजाब नेशनल बैंक, **शाखा कोलार रोड, भोपाल** के लिए पट्टे/किराए के आधार पर उपयुक्त तैयार और अच्छी तरह से निर्मित आरसीसी हाल टाइप, व्यावसायिक भवन **(लगभग 1400 से 1800 वर्गफुट कार्पेट एरिया)** की आवश्यकता है। वर्तमान शाखा के आस पास (500 मीटर) के एरिया में भू-तल पर स्थित भवन को प्राथमिकता दी जावेगी। प्रस्तावित परिसर हेतु वैधानिक संस्थाओं से सभी आवश्यक मंजूरियाँ/क्लियरेंसेस प्राप्त होना चाहिए। इछुक व्यक्ति/संस्था जो की दीर्घावधि हेतु अपने भवन को कम से कम 15 वर्ष या अधिक हेतु पट्टे/किराए पर देने हेतु तैयार हैं, वे बैंक की वेबसाइट **www.pnb.bank.in** पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपने प्रस्ताव भेज सकते हैं। निर्धारित प्रारूप एवं नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान पीएनबी, कोलार रोड, भोपाल शाखा या मण्डल कार्यालय (जीएसएडी विभाग) भोपाल से प्राप्त कर सकते हैं अथवा बैंक की वेब साइट **www.pnb.bank.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। पूर्णत: विधिवत भरे हुए (हस्ताक्षरित/सील सहित) मुहरबंद प्रस्ताव **दिनांक 27/04/2026 (दोपहर 02:00 बजे)** तक मण्डल प्रमुख, मण्डल कार्यालय, जीएसएडी विभाग, ग्राउंड फ्लोर, 1, पीएनबी हाउस, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 के पते पर रजिस्टर्ड डाक/ कोरियर/स्वयं द्वारा पहुँच जाना चाहिए। बैंक द्वारा किसी भी प्रकार के ब्रोकरेज का भुगतान नहीं किया जावेगा। बैंक बिना कोई कारण बताए, अपने विवेकाधिकार से किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- मण्डल प्रमुख

## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति इटारसी जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

ईमेल आईडी-awmitahos@nic.in

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2026-27/73 — इटारसी दिनांक 16-04-2026

### निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा कृषि उपज मण्डी समिति इटारसी में क्लीनिंग, ग्रेडिंग प्लांट जो जीर्ण शीर्ण हालत में है के विनिष्टीकरण (डिस्मेंटलिंग) हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था/ठेकेदारों से लम सम आधार पर निविदाएं जो कि आफसेट वैल्यू से अधिक हो पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2026_MPSAM 501025_1 के अंतर्गत आनलाईन निविदाएं दिनांक 15-05-2026 को सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल https//www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट:**-आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, इटारसी जिला -नर्मदापुरम (म.प्र.)
भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मण्डी समिति, इटारसी जिला -नर्मदापुरम (म.प्र.)

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| शुभमन गिल (गुजरात) | 251 |
| विराट (आरसीबी) | 228 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 224 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 11 |
| अंशुल कंबोज(चेन्नई) | 10 |
| प्रिंस यादव (लखनऊ) | 09 |



## बाउंड्री मीटर

441 छक्के

782 चौके

54 अर्धशतक



वरुण ने गुजरात के खिलाफ मैच में दो विकेट लिए। इसके साथ ही उनके आईपीएल में केकेआर के लिए 100 विकेट हो गए है।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 09 | 7 | 1.067 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 | 1.503 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | 0.889 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 | 0.018 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | 0.576 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.322 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.804 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.846 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 | -1.076 |
| कोलकाता | 6 | 0 | 5 | 1 | -1.149 |

### मैच 25: गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइटराइडर्स को पांच विकेट से हराया, लगाई जीत की हैट्रिक

# सीजन की पहली जीत को तरसी केकेआर, अब गुजरात से भी हारी

**जेएनएन, अहमदाबाद**

कगिसो रबाडा (29 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (23 रन पर दो विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान शुभमन गिल (86) की बेहतरीन पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने आईपीएल के 25वें मैच में शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को दो गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। कैमरुन ग्रीन ने लय में वापसी करते हुए 79 रनों की जुझारू पारी खेली, लेकिन केकेआर की पारी 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर 180 रन पर सिमट गई। टाइटंस ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। केकेआर को मौजूदा सत्र में छह मैचों के बाद भी पहली जीत का इंतजार है। टाइटंस की पांच मैचों में यह लगातार तीसरी जीत है और टीम छह अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। गिल ने साई सुदर्शन (22) के साथ 31 गेंदों में 57 रन और जोस बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 24 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर (13) के साथ तीसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिए, जबकि वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और रमनदीप सिंह ने एक-एक विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्रीन ने शुरुआती झटकों के बाद पारी को संभाला और 55 गेंदों में 79 रन बनाए। उन्होंने रोवमैन पॉवेल (27) के साथ चौथे विकेट के लिए 55 रन और अनुकूल रॉय (नौ) के साथ पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी की। रबाडा और सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने नई गेंद से कहर बरपाते हुए शीर्ष क्रम को ध्वस्त किया, जबकि अशोक शर्मा और प्रसिद्ध कृष्णा ने बीच के ओवरों में अच्छा साथ दिया।

**05** मैचों में गुजरात की यह केकेआर के खिलाफ चौथी जीत है। केकेआर को सिर्फ एक बार सफलता मिली है।

### ग्रीन चले, लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना सकी केकेआर

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी केकेआर की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले चार ओवरों में ही तीन विकेट गंवा दिए। रबाडा ने पावरप्ले में दोहरा झटका दिया और छह ओवर की समाप्ति के बाद केकेआर मात्र 37 रन ही बना पाई। इसके बाद कैमरन ग्रीन और रोवमैन पॉवेल के बीच अर्धशतकी साझेदारी हुई और केकेआर की पारी वापसी की राह पकड़ने लगी। ग्रीन को शुरुआत में ही सिराज के खिलाफ अंपायर ने कॉट बिहाइंड आउट करार दिया था, लेकिन डीआरएस पर वह बच गए। ग्रीन ने धीमी शुरुआत की थी, लेकिन पॉवेल (27) के आउट होने के बाद उन्होंने गियर बदल लिया और केकेआर की पारी के 12वें से 14वें ओवर तक बीच टीम ने 52 रन बनाए। ग्रीन ने 55 गेंदों पर 79 रनों की पारी जरूर खेली, लेकिन उन्होंने पहले 29 गेंदों पर 27 रन बनाए और अंतिम 11 गेंदों पर वह मात्र चार रन ही बना पाए।

### स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्स: 180/10 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साइफर्ट का. फिलिप्स बो. रबाडा | 19 | 14 | 2 | 1 |
| रहाणे का. रबाडा बो. सिराज | 0 | 1 | 0 | 0 |
| रघुवंशी का. बटलर बो. रबाडा | 8 | 4 | 2 | 0 |
| ग्रीन का. बटलर बो. राशिद | 79 | 55 | 7 | 4 |
| पॉवेल का. सिराज बो. अशोक | 27 | 20 | 2 | 2 |
| अनुकूल का. बटलर बो. कृष्णा | 9 | 7 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह का. बटलर बो. रबाडा | 1 | 2 | 0 | 0 |
| रमनदीप का. सिराज बो. अशोक | 17 | 8 | 2 | 1 |
| नारायण का. फिलिप्स बो. सिराज | 0 | 5 | 0 | 0 |
| कार्तिक त्यागी रनआउट | 6 | 4 | 0 | 1 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 14, **कुल:** 20 ओवर में 180 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन:** 1-5, 2-21, 3-32, 4-87, 5-147, 6-148, 7-165, 8-166, 9-173, 10-180, **गेंदबाजी:** सिराज 4-0-23-2, रबाडा 4-0-29-3, कृष्णा 4-0-32-1, अशोक शर्मा 4-0-45-2, राशिद खान 4-0-44-1.

**गुजरात टाइटंस: 181/5 (19.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का. त्यागी बो. नारायण | 22 | 16 | 1 | 2 |
| शुभमन गिल का. ग्रीन बो. वैभव | 86 | 50 | 8 | 4 |
| जोस बटलर का. ग्रीन बो. वरुण | 25 | 15 | 2 | 2 |
| वॉशिंगटन का. त्यागी बो. वरुण | 13 | 13 | 1 | 0 |
| फिलिप्स का. रिंकू बो. अनुकूल | 19 | 16 | 2 | 0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 7 | 6 | 0 | 0 |
| शाहरुख खान नाबाद | 3 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 6, कुल: 19.5 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन, **विकेट पतन:** 1-57, 2-95, 3-141, 4-158, 5-177, **गेंदबाजी:** वैभव अरोड़ा 4-0-35-1, कार्तिक त्यागी 4-0-40-0, अनुकूल रॉय 3-0-37-0, सुनील नारायण 4-0-28-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-34-2, रमनदीप 0.4-0-5-1.




### डबल हेडर आज: दिल्ली बनाम बेंगलुरु मैच दोपहर 3.30 बजे से, शाम को सीएसके और हैदराबाद की भिड़ंत

# दिल्ली के खिलाफ आरसीबी का पलड़ा भारी

**जेएनएन, बेंगलुरु**

डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल के मौजूदा सत्र में एक ऐसी टीम है, जिसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शनिवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दोपहर 3.30 बजे से होने वाले मैच में अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। जहां आरसीबी की टीम पांच में से चार मुकाबले जीतकर शीर्ष-2 में है, वहीं दिल्ली चार में से दो मुकाबले जीत और दो मुकाबले हारकर अंक तालिका के बीच में है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 33 मुकाबलों में आरसीबी को 20, जबकि दिल्ली को 12 में जीत मिली है, जबकि एक मुकाबला रद्द हुआ था। बेंगलुरू में हुए दोनों टीमों के बीच 13 मुकाबलों में भी आरसीबी 7-5 से आगे है।



### अक्षर पटेल लगा सकते हैं विराट पारी पर ब्रेक

पांच पारियों में दो अर्धशतकों के साथ 228 रन बना चुके विराट कोहली को अगर रोकना है, तो दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को खुद नई गेंद थामनी होगी। अक्षर ने कोहली को सिर्फ एक बार आउट किया है, लेकिन कोहली, उन पर सिर्फ 113 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाते हैं। अक्षर, कोहली के सलामी जोड़ीदार फिल सॉल्ट को भी परेशान करते हैं और सॉल्ट भी उनके खिलाफ सिर्फ 113 के ही स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। सॉल्ट, अक्षर के खिलाफ चार पारियों में दो बार आउट भी हुए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी ने भी सॉल्ट को चार में से दो पारियों में आउट किया है। वैसे कोहली को रोकना हो तो दिल्ली को दुश्मांता चमीरा को मौका देना चाहिए, जिन्होंने कोहली को चार टी-20 पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि कोहली उन पर सिर्फ 104 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

### तालिका में स्थिति मजबूत करने उतरेंगे सनराइजर्स और सीएसके

**हैदराबाद, जेएनएन।** प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन जैसे होनहार तेज गेंदबाजों को मैदान में उतारने के बाद संतुलित नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम शनिवार की शाम में होने वाले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ में नए आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी। दोनों ही टीमों को पांच में से दो में जीत और तीन में हार मिली है, हालांकि बेहतर नेट रन रेट के कारण हैदराबाद पांचवे, जबकि सीएसके आठवें स्थान पर है। दोनों के बीच अब तक कुल 22 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें सीएसके 15-7 से आगे है। हालांकि 2022 से मुकाबला लगभग बराबरी का है और दोनों टीमों ने छह में से तीन-तीन मुकाबले जीते हैं। हैदराबाद में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलती है और मेजबान हैदराबाद यहां पर 3-2 से आगे है। इशान किशन इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। सीएसके के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी उन पर लगाम लगा सकते हैं, जो कि चोटिल होकर बाहर हो चुके खलील अहमद की जगह एकादश का हिस्सा हो सकते हैं। चौधरी ने किशन को दो पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि किशन उन पर सिर्फ छह रन ही बना पाए हैं। हालांकि अभिषेक शर्मा, चौधरी पर 211 के स्ट्राइक रेट से प्रहार करते हैं, लेकिन चौधरी ने उन्हें भी तीन पारियों में एक बार आउट किया ही है। अभिषेक को राहुल चाहर भी तीन पारियों में दो बार आउट कर चुके हैं, जबकि अभिषेक उन पर सिर्फ 71 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।



## न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में मेजबान बांग्लादेश को 26 रन से हराया

**मीरपुर, जेएनएन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ने भीषण गर्मी के बावजूद शानदार प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश पर 26 रन से जीत दर्ज की। ब्लेयर टिकनर, नाथन स्मिथ और विल ओरूर्के की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी ने मिलकर आठ विकेट लिए और बांग्लादेश को 48.3 ओवरों में 221 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड ने धीमी पिच पर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए आठ विकेट पर 247 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज हेनरी निकोल्स के 68 रन और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने 59 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। निक केली (7) के जल्दी आउट होने के बाद निकोल्स ने विल यंग (30) के साथ मिलकर 73 रन जोड़े और पारी को संभाला। चोटिल मुस्तफिजुर रहमान की जगह दिसंबर 2024 के बाद अपना पहला वनडे खेल रहे शोरिफुल ने 10 ओवर में 27 रन देकर दो विकेट झटके। इसके बाद न्यूजीलैंड ने तीन तेज गेंदबाजों के आक्रमण ने बांग्लादेश के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। टिकनर ने 40 रन देकर चार विकेट झटके। स्मिथ (45 रन देकर तीन विकेट) ने शुरुआती झटके दिए, उन्होंने लगातार गेंदों पर तंजीद हसन तमीम और नजमुल हुसैन शांटो को आउट किया और फिर तौहीद हृदय (55) का विकेट लेकर बांग्लादेश की पारी को समेटा। बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर 21 रन था। टीम ने सैफ हसन (57) और लिटन दास (46) के जरिए वापसी की कोशिश की। इन दोनों ने मिलकर 93 रन जोड़े। लेकिन ओरूर्के ने सैफ का विकेट लेकर इस साझेदारी का अंत किया।

### वनडे सीरीज के लिए मई-जून में पाक जाएगी ऑस्ट्रेलिया टीम


**कराची, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया टीम लाहौर और रावलपिंडी में तीन मैच की वनडे सीरीज खेलने के लिए मई के अंत में पाकिस्तान का दौरा करने के लिए तैयार है। यह सीरीज क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और पीसीबी के बीच हुए एक समझौते का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत ऑस्ट्रेलियाई टी-20 टीम ने टी-20 विश्व कप से पहले पाकिस्तान का दौरा किया था और लाहौर में तीन मैच खेले थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ इस दौरे को अंतिम रूप दिया जा रहा है, लेकिन मैच संभावित रूप से 30 मई से पांच जून के बीच होंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान से बांग्लादेश के लिए रवाना होगी, जहां उसे नौ जून से वनडे सीरीज खेलनी है। पाकिस्तान को पीएसएल के समापन के बाद आठ से 20 मई के बीच में दो टेस्ट की सीरीज के लिए बांग्लादेश का दौरा करना है।

## खेल एक नजर

### कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच मैड्रिड ओपन से हटे

**मैड्रिड, जेएनएन।** विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और नोवाक जोकोविच के क्ले कोर्ट सत्र के प्रमुख टूर्नामेंट मैड्रिड ओपन से हटने के कारण बड़ा झटका लगा है। अल्काराज ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें इस टूर्नामेंट से हटने का 'दुख' है और वह लगातार दूसरे वर्ष मैड्रिड ओपन में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। यह टूर्नामेंट सोमवार से शुरू होना है। अल्काराज हाल ही में दाहिनी कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने बुधवार को बार्सिलोना ओपन से भी नाम वापस ले लिया था। इससे पहले विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच भी कंधे की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से हट चुके हैं, जिससे टूर्नामेंट की स्टार पावर को बड़ा झटका लगा है। जोकोविच ने इंडियन वेल्स में आयोजित बीएनपी परिबास ओपन के बाद से कोई प्रतियोगिता नहीं खेली है।





### सौरव गांगुली के बाद अब शेन वॉटसन बने सुपर कोच

**मुंबई, जेएनएन।** क्रिकेट प्रशिक्षण को नया रूप देने वाले एआई से संचालित खेल प्रौद्योगिकी मंच कबुनी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन को अपना 'सुपर कोच' नियुक्त किया। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने पिछले साल ब्रिटेन स्थित इस स्टार्टअप के साथ हाथ मिलाया था। वाटसन ने क्रिकेट में बहुत छोटे-छोटे बदलावों का महत्व होता है और उन एक प्रतिशत बदलावों की पहचान करके और उन पर अमल करने की क्षमता बहुत बड़ा फर्क ला सकती है। कबुनी प्रशिक्षण को इस तरह से स्पष्टता प्रदान करता है कि किसी भी स्तर के खिलाड़ी इसे समझ सकें और इसका फायदा उठा सकें। काबुनी के फाउंडर और सीईओ निमेश पटेल ने कहा, यह अनुबंध अत्याधुनिक तकनीक को वॉटसन की क्रिकेट की गहरी समझ के साथ जोड़ता है। कोचिंग का यह विशेष मंच खिलाड़ियों की गतिविधियों और सही समय पर गेंद का अनुमान लगाकर इसे सरल और उपयोगी फीडबैक में बदलकर पारंपरिक नेट अभ्यास को बदलने के लिए डिजाइन किया गया है।

### कनाडा का टी-20 विश्व कप मैच एंटी करप्शन यूनिट के जांच के घेरे में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आईसीसी क्रिकेट कनाडा के खिलाफ अपने भ्रष्टाचार रोधी संहिता के कथित उल्लंघन की जांच कर रहा है, जिसमें टी-20 विश्व कप में 17 फरवरी को चेन्नई में खेला गया मैच भी शामिल है, जिसमें उसकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था। एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। चेपॉक में खेले गए उस मैच में कनाडा आठ विकेट से हार गया था। हाल ही में प्रसारित एक डॉक्यूमेंट्री 'करप्शन, क्राइम एंड क्रिकेट' में भ्रष्टाचार के आरोपों को उजागर किए जाने के बाद आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) इसकी गहन जांच कर रही है। कनाडा ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 173 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य केवल 15.1 ओवर में हासिल कर लिया। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार एसीयू क्रिकेट कनाडा से जुड़े आरोपों की जांच कर रहा है। इसमें दो सक्रिय जांच शामिल हैं, जिनमें क्रिकेट कनाडा पर अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। यह डॉक्यूमेंट्री कनाडा के खोजी कार्यक्रम 'द फिफ्थ एस्टेट' ने किया था और जिसे सीबीसी ने शुक्रवार को प्रसारित किया था।

## एस्टन विला यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम, जेएनएन।** ओली वाटकिंस ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे एस्टन विला ने बोलोग्ना को 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका मुकाबला नॉटिंघम फॉरेस्ट से होगा। एस्टन विला ने इस तरह से 7-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल करते हुए तीन सत्र में दूसरी बार यूरोपीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। वाटकिंस ने पिछले सप्ताह इटली में एस्टन विला की क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-1 की जीत में दो गोल किए थे। उन्होंने दूसरे चरण में 16वें मिनट में गोल किया, जो इस क्लब की तरफ से उनका 100वां गोल था। एस्टन विला की तरफ से एमिलियानो बुएंडिया, मॉर्गन रोजर्स और एजरी कोंसा ने भी गोल किए। एक अन्य मैच में फॉरेस्ट ने पोर्टो को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पिछले हफ्ते पुर्तगाल में हुए दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर रही थी। इस तरह से फॉरेस्ट ने कुल मिलाकर 2-1 से जीत दर्ज की। फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी की टीम ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-0 की जीत के बाद 6-1 के कुल स्कोर के साथ पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनाई। फ्रीबर्ग का अगला मुकाबला ब्रागा से होगा, जिसने पहले चरण में 1-1 से बराबरी के बाद कुल 4-2 के अंतर से जीत हासिल की।



### रॉयल्स के मैनेजर ने किया डगआउट में फोन का उपयोग लगा एक लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बीसीसीआई ने राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल को लेकर भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है और बोर्ड के कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने पर उन्हें चेतावनी भी जारी की है। यह जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को दी। यह उल्लंघन 10 अप्रैल को गुवाहाटी में राजस्थान और आरसीबी के बीच खेले गए आईपीएल मैच के दौरान हुआ था। इसके बाद शरद कुमार के नेतृत्व वाली बीसीसीआई की एसीयू ने भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा।

## सिटी स्पोर्ट्स


### अंडर-15 क्रिकेट: मयंक चतुर्वेदी ने अभय गोस्वामी अकादमी को 87 रन से हराया

**भोपाल, खेप्र।** मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने प्रथम शहीद भगत सिंह अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट में अभय गोस्वामी अकादमी को 87 रन से शिकस्त दी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर मयंक अकादमी ने आर्यवीर (100) के शतक और रिषभ पांडेय (66) के अर्धशतक की बदौलत 215 रन बनाए। अभय के तेजस ने 8 ओवर में सिर्फ 9 रन देकर 6 विकेट लिए। जवाब में अभय अकादमी 37 ओवर में सभी विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। आर्यवीर और तेजस को संयुक्त रूप से प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।



### अंकुर को हराकर अरेरा क्रिकेट अकादमी फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** अरेरा क्रिकेट अकादमी अंडर-12 बीडीसीए टूर्नामेंट में अंकुर अकादमी को तीन विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंकुर अकादमी ने 30 ओवर में सात विकेट खोकर 126 रन बनाए। हिमांशु बघेल ने 28 और विवान डंग ने 22 रन बनाए। अरेरा के संस्कार रघुवंशी ने तीन विकेट, जबकि राज और रुद्र प्रताप ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में अरेरा ने सात विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। जय बैरागी ने 22 और अनिका ने 18 रन बनाए। अंकुर के विवान ने चार विकेट लिए।



### डीजीपी कप डे नाइट क्रिकेट: साइबर टेलिकॉम और एसएएफ फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** साइबर टेलिकॉम और एसएएफ ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर डीजीपी कप डे नाइट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुलिस क्रिकेट ग्राउंड पर भोपाल पुलिस ने हेमंत (85) और अंबिया (27) की शानदार पारियों की बदौलत 165 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। साइबर टेलिकॉम के भागवत ने 2 विकेट लिए। रियाज इकबाल, नरेंद्र और राम को 1-1 विकेट मिला। जवाब में साइबर ने आसानी से मुकाबला जीत लिया। अनुराग ने 59 और रियाज ने 43 रन बनाए। दोनों के बीच 104 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप हुई। भोपाल पुलिस के सुनील ने 4 विकेट झटके। अन्य मैच में एसबी ने 122 रन बनाए। रवेंद्र ने 20 और शशांक ने 19 रन की पारी खेली। एसएएफ के शुभम चौहान ने चार विकेट झटके। जवाब में एसएएफ ने 15 ओवर में केके (47) और शुभम (37) की पारियों की बदौलत मैच जीत लिया।



### एलएनसीटी की महिला टीम वॉलीबॉल में चैंपियन, बैडमिंटन में अनन्या को 3 खिताब

**भोपाल।** एलएनसीटी की महिला टीम ने 9वें इंजीनियर ओलंपिक्स के तहत आयोजित वॉलीबाल स्पर्धा में सेंट पॉल स्कूल को 2-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। एलएनसीटी में आयोजित ओलंपिक्स के तहत कई प्रतियोगिता आयोजित की गईं। ई-स्पोर्ट्स बीजीएमआई में एलएनसीटीई ने टीम हेंड्रा को हराकर खिताब जीता। पुरुष वर्ग कबड्डी में प्रेस्टीज टीम एलएनसीटी को 30-18 से हराकर चैंपियन बनी। बैडमिंटन पुरुष एकल में अनुराग मिश्रा को हराकर ध्रुव चौहान चैंपियन बने। युगल में अनुराग मिश्रा एवं अग्रिम राठौर की जोड़ी विजेता रही। महिला एकल में अनन्या शर्मा चैंपियन रहीं, जबकि मिक्स्ड डबल्स में उन्होंने यश दवे के साथ जोड़ी बनाकर खिताब जीता। महिला युगल में अनन्या ने संस्कृति के जोड़ी बनाकर खिताब अर्जित किया। पावर लिफ्टिंग में महिला वर्ग में पलक परिहार, श्रद्धा वर्मा, टीनू तिवारी एवं चारु चौरसिया अपने-अपने वर्ग में विजेता रहीं। पुरुष वर्ग में शिवम सिंह, कृष्णा प्रजापति, जितेंद्र कुशवाह एवं सूर्यांश सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।







### "ट्वीट ऑफ द डे"



**अभिषेक बनर्जी**
सांसद टीएमसी

जिन लोगों ने समाज सुधारक ईश्वरचंद्र विद्यासागर की प्रतिमा तोड़ी थी, वही अब मछली लेकर घूम रहे हैं ताकि राज्य, उसकी संस्कृति और खानपान के प्रति झूठा प्रेम दिखा सकें। चार मई के बाद भाजपा नेता, जिन्होंने हमारे खानपान पर पाबंदी लगाने, मछली-मांस की बिक्री रोकने की धमकी दी और हमारे नायकों का अपमान किया, उन्हें बाजारों में अन्य विक्रेताओं के साथ उसी जगह मछली और मांस बेचने के लिए मजबूर किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला के सीने में चाकू घोंपने वाला गिरफ्तार

**जागरण, खंडवा।** प्रदेश के खंडवा में दुष्कर्म करने में नाकाम रहने पर एक युवक ने महिला के सीने में चाकू घोंप दिया था। आरोपी आकाश पटेल को वारदात के हफ्तेभर बाद आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस केस में एफआईआर लिखने में देरी करने के आरोप में एक हेड कॉन्स्टेबल को सस्पेंड किया है। उधर, भाजपा मंडल बोरगांव मंडल अध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने आकाश को अपना भतीजा मानने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा- मेरा कोई भाई ही नहीं हैं, तो फिर भतीजा कहां से आया। आरोपी मेरे गांव का रहने वाला है। समाज का ही है लेकिन उसे मेरा कोई संरक्षण नहीं है। पुलिस को उसके खिलाफ एक्शन लेना चाहिए।

मालूम हो कि मामला पंधाना थाना इलाके में 11 अप्रैल की आधी रात का है। पीड़िता का पति बुरहानपुर गया था। इसी दौरान आकाश खिड़की की जाली तोड़कर घर में घुस गया था। वारदात के दौरान पति के आने पर आकाश भाग निकला। पीड़िता हफ्तेभर से खंडवा जिला अस्पताल में भर्ती है।

### सरपंच पति पर हमला करने वाले गिरफ्तार



**जागरण, बालाघाट।** जिले के हट्टा थाना क्षेत्र में सरपंच पति आतिश लिल्हारे पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने 10 दिन बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छह फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना 7 अप्रैल को कोहकाडीबर गांव में एक शादी समारोह के दौरान हुई थी। शादी समारोह में विवाद के बाद नौ लोगों ने मिलकर आतिश लिल्हारे पर हमला कर दिया था। हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनका इलाज गोंदिया अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने कोहकाडीबर निवासी महेश पिछोडे, राजेन्द्र मस्करे और सीताराम जामरे को गिरफ्तार किया है, उनके कब्जे से लोहे की रॉड और अन्य हथियार भी जब्त किये हैं।

### उज्जैन में बाइक भिड़ंत के बाद भारी बवाल, पुलिस छावनी में तब्दील हुआ इलाका

# थाने पर पथराव, टीआई व एएसआई समेत 5 कर्मी घायल, 20 पर केस

**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के महिदपुर रोड पर बाइक भिड़ने की मामूली घटना के बाद बड़ा बवाल हो गया। शुक्रवार को महिदपुर रोड स्थित ग्राम गोगापुर में दो बाइकों की टक्कर को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ उपद्रवी लोगों ने महिदपुर थाने के बाहर पथराव कर दिया। पथराव में मौके पर मौजूद टीआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक और आरक्षक घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए महिदपुर अस्पताल ले जाया गया। यहां टीआई के सिर और आंख के पास अधिक चोट होने और प्रधान आरक्षक को भी गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें भर्ती किया है। पुलिस ने मामले में एक महिला सहित आठ नामजद लोगों सहित 20 लोगों पर दस धाराओं में केस दर्ज किया है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि घटना के बाद कुछ लोगों पर शासकीय कार्य



में बाधा का केस दर्ज किया है। छह लोगों पर कार्रवाई की है। फिलहाल हालात सामान्य हैं।

पुलिस के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम गोगापुर में दो बाइकों की टक्कर हो गई थी। एक बाइक पर शिकारीखेड़ा के महिला और पुरुष बैठे थे। दुर्घटना को लेकर दोनों बाइक पर सवार आपस में विवाद कर रहे थे। इस दौरान बंजारा समाज के लोग भी एकत्र हो गए। विवाद की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को समझाइश दी गई थी। इस बीच एक पक्ष के लोग महिदपुर रोड थाने के समीप पोरवाल धर्मशाला के बाहर एकत्र हो गए थे, जहां वे हंगामा कर रहे थे। उन्हें समझाइश देने के लिए टीआई रामसिंह भाबोर, एएसआई सुरेशचंद्र सोनगरा, प्रधान आरक्षक समरथलाल और आरक्षक मदन पग्गी सहित अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे थे। इस दौरान बंजारा समाज के लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया था। टीआई भाबोर के सिर व आंख के समीप पत्थर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एएसआई सोनगरा की पीठ और हाथ पर चोट आई है।

#### इनके खिलाफ नामजद कार्रवाई

पुलिस ने घायल आरक्षक मदन पग्गी की शिकायत पर रतन बंजारा, भारत बंजारा, सरदार बंजारा, तोफान बंजारा, हाकम बंजारा, वकील बंजारा, गीताबाई बंजारा सभी निवासी शिकारीखेड़ा के खिलाफ नामजद सहित अन्य महिला, पुरुषों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, बलवा करने, पथराव करने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### हथियारों से लैस बदमाशों ने घरों में फेंके पत्थर गाड़ियां फोड़ी, पुलिस ने निकाला जुलूस

जागरण, उज्जैन। शहर के ढांचा भवन क्षेत्र में देर रात 10-12 अज्ञात बदमाशों ने घरों पर हमला कर पत्थरबाजी की और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। वारदात से इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुक्रवार शाम पुलिस ने तीन आरोपियों को मारते हुए जुलूस निकाला। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। चश्मदीदों के मुताबिक, हमलावर लाठी-डंडे, चाकू और तलवार जैसे हथियारों से लैस थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। बदमाशों ने पत्थरबाजी कर कई घरों की खिड़कियां तोड़ीं। बाहर खड़ी गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त किया। घटना की जानकारी 112 के जरिए पुलिस को दी। पुलिस करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची।

# दो लाख से अधिक सैलरी, ले रही थी 20 हजार की रिश्वत

### राजगढ़ सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल रंगे हाथों गिरफ्तार

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की भोपाल यूनिट ने शुक्रवार को राजगढ़ जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. शोभा पटेल को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए उनके सरकारी आवास पर ही रंगे हाथों दबोच लिया। हैरानी की बात यह है कि करीब 2 लाख रुपये मासिक वेतन पाने वाली क्लास-वन अधिकारी केवल कुछ हजार रुपयों के लिए भ्रष्टाचार के जाल में फंस गईं। पूरा मामला सोनोग्राफी सेंटर के अप्रूवल से जुड़ा है। गांधी नगर, भोपाल निवासी हरिओम अहिरवाल राजगढ़ में सुविधा डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित करते हैं। उन्हें अपने सेंटर के लिए डॉ. आकर्ष तनेजा का नाम रिकॉर्ड में जुड़वाना था, जिसके अप्रूवल के लिए सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने 50,000 रुपये की डिमांड की थी। टीम ने सीएमएचओ के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।



#### पहले वसूल चुकी थीं 30 हजार की घूस

सीएमएचओ पहले ही दो किश्तों में 30,000 रुपये ले चुकी थीं। लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार, डॉ. शोभा पटेल ने 11 अप्रैल को 10 हजार और 15 अप्रैल को 20 हजार रुपये लेने के बाद साफ कहा था कि बाकी के 20,000 रुपये नहीं मिलने तक फाइल आगे नहीं बढ़ेगी। इससे परेशान होकर हरिओम ने इसकी शिकायत लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर से की। शिकायत का सत्यापन होते ही शुक्रवार को ट्रैप का प्लान बना। जैसे ही आवेदक ने 20,000 रुपये राजगढ़ जिला अस्पताल परिसर में बने सीएमएचओ के सरकारी निवास पर जाकर डॉ. शोभा पटेल को दिए, वैसे ही टीम की महिला अफसरों ने डॉक्टर को रंगे हाथों पकड़ लिया। लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर के अनुसार कार्रवाई की सूचना स्वास्थ्य विभाग को भेजी जाएगी, ताकि विभागीय स्तर पर भी सख्त एक्शन लिया जा सके। उन्होंने कहा कि ट्रैप के बाद जिले में जारी परमिशन से जुड़ी अन्य फाइलें भी खंगाली जा रही हैं, ताकि यह भी सामने आ सके कि अन्य सेंटर्स से भी इस तरह की अवैध वसूली तो नहीं की गई।

## हाईकोर्ट ने कहा-क्या बिना पढ़े आंख बंद कर करते हैं काम

जबलपुर। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि बिना पढ़े आंखें मूंदकर कार्य किया जाता है। कोर्ट ने मंडला के पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि वे इस सिलसिले में अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें। मामला अस्थाई जमानत के लिए दायर आवेदन से संबंधित था। पुलिस द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में बताया गया था कि आवेदक अभियुक्त का विवाह है। मामले की सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत रूप उपस्थित पुलिस अधीक्षक मंडला ने गलती स्वीकार करते हुए क्षमा याचना की। दरअसल, मंडला जिले के घुघरी थानांतर्गत दर्ज पास्को व दुष्कर्म के आरोप में सजा से दंडित जेल में बंद आवेदक अन्नू वनवासी की ओर से भाई की शादी में शामिल होने के लिए अस्थाई जमानत प्रदान करने हाई कोर्ट की शरण ली गई। आवेदन में कहा गया कि उसके बड़े भाई अनिल वनवासी की 18 अप्रैल को शादी है। आवेदन की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने संबंधित थाना पुलिस को रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे।

#### पुलिस अधीक्षक को फटकार

### अधिवक्ता प्रशांत सिंह बने स्टेट बार कौंसिल के अध्यक्ष

**जबलपुर।** प्रदेश के सवा लाख से अधिक वकीलों का पंजीयन करने वाली सर्वोच्च संस्था एमपी स्टेट बार काउंसिल की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण हो गया है। जिसे ध्यान में रखते हुए बार काउंसिल आफ इंडिया, नई दिल्ली ने एक समिति गठित कर महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को स्टेट बार का नया अध्यक्ष व ग्वालियर के अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपेन्द्र कुशवाह व केंद्र सरकार के डिप्टी सालिसिटर जनरल सुयश मोहन गुरू को सदस्य नियुक्त किया गया है। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने तत्काल ही बार काउंसिल में अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर प्रदेश के अधिवक्ताओ के हितार्थ कार्य प्रारंभ कर दिया।

## सैन्य परिसर में नशे की सप्लाई, तीन पकड़ाए

**जागरण, महू।** नशे का काला कारोबार सैन्य परिसर तक फैल चुका है। महू में मिलिट्री इंटेलिजेंस और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सैन्य परिसर के भीतर नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वाले एक रैकेट का खुलासा हुआ है। कार्रवाई में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से संदिग्ध अफीम, गांजा और पांच मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पकड़ाए गये आरोपियों में से दो आरोपी महू सैन्य परिसर में सामान्य श्रमिक के रूप में काम भी कर रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने एक बड़े सप्लायर के लिए काम करने की बात कबूल की है। जानकारी के अनुसार, महू में सैन्य क्षेत्रों और स्थानीय बाजारों के आसपास नशीले पदार्थों की सप्लाई बढ़ रही थी। इसका असर वर्तमान में कार्यरत सैनिकों पर भी पड़ रहा था। आशंका थी कि कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जो सामान्य लेबर के रूप में सैन्य प्रतिष्ठानों तक पहुंच बना चुका है। मुखबिर से सूचना मिली कि सुमित सुरवाड़े नामक युवक इन्फेंट्री स्कूल के बाहर अफीम और गांजे की खेप पहुंचाने वाला है।

#### नेटवर्क खंगाल रही एजेंसियां

पूछताछ में सामने आया कि सुमित और प्रेम बीते दो साल से स्टेशन मुख्यालय महू में सामान्य श्रमिक के रूप में काम कर रहे थे। इस कारण उन्हें सैन्य प्रतिष्ठानों की कार्यप्रणाली और व्यवस्था की पूरी जानकारी थी। मोबाइल फोन की जांच और सख्त पूछताछ में तीनों ने कबूल किया कि वे यादव मोहल्ला निवासी कलू उर्फ मुख्य सप्लायर के लिए काम करते थे, जो सैन्य प्रतिष्ठानों में नशीले पदार्थों की सप्लाई करता है। फिलहाल तीनों आरोपियों को पीएस महू की हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस और मिलिट्री इंटेलिजेंस अब इस पूरे नेटवर्क की विस्तृत जांच कर रही है।

# एकात्म पर्व: एकात्मता के संदेश को साकार कर रहा है मध्यप्रदेश: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सुशासन के साथ सनातन संस्कृति और एकात्मता के संदेश को साकार कर रहा है। मध्य प्रदेश की धरती अद्भुत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता की व्यवस्था में सनातन-संस्कृति का गठबंधन किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति केवल लेने की नहीं है, बल्कि देने की है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को आचार्य शंकराचार्य की जयंती के अवसर पर ओंकारेश्वर के एकात्म धाम में आयोजित 5 दिवसीय प्रकटोत्सव के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य के कारण मध्यप्रदेश की धरा धन्य हुई। आदि शंकराचार्य का दर्शन भारतीय संस्कृति, धर्म और आध्यात्मिक एकता का आधार बना। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार सनातन संस्कृति के सिद्धांतों के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित होकर काम कर रही है। हमारी सनातन विरासत, शास्त्र और आध्यात्मिक परम्पराएं यदि आज जीवित एवं जागृत हैं तो यह आदिगुरू शंकराचार्य के प्रयास और आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। द्वारका शारदा पीठ के जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती एकात्म धाम की संकल्पना की सराहना करते हुए कहा कि प्राणी मात्र में परमात्मा का दर्शन करने वाला ही एकात्मता सिद्ध कर सकता है। व्यक्ति में एकात्म बोध होना आवश्यक है। ब्रह्म, भगवान और आत्मा तीनों एक हैं। प्राणी मात्र में विद्यमान आत्म तत्व का ज्ञान ही एकता का आधार है। सद्-चित-आनंद का भाव ही एकता है। इस जगत से जगदीश्वर को प्राप्त करना ही हमारा ध्येय है। उन्होंने कहा कि गौमाता, धरती माता और जन्म देने वाली माता का सम्मान होना आवश्यक है। गौमाता की सेवा और रक्षा को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, संस्कारों से समृद्ध होती है। व्यक्ति विश्व को जानना चाहता है, लेकिन अपनी आत्मा से साक्षात्कार नहीं करना चाहता है। प्राणी मात्र में आत्मा रूपी जो तत्व विद्यान है, वहीं एकात्म है। तत्व को समझते हुए हमें अपने लक्ष्य और उसकी प्राप्ति की जानकारी होनी चाहिए। शरीर केवल भोग-विलास के लिए नहीं है, इस दृश्य जगत से हमें अदृश्य ईश्वर को प्राप्त करना है। एकात्मा को सिद्ध करने के लिए वेदों की आवश्यकता है। वेदों में कही बातों का पालन करना चाहिए। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की उपाध्यक्ष निवेदिता भिड़े ने कहा कि हम सभी की आत्मा एक है, शरीर मात्र एक साधन है। मनुष्य शरीर, एकात्म का सबसे सुंदर उदाहरण है, शरीर में कई अंग है, लेकिन चेतना एक है। संपूर्ण विश्व में हम सभी ईश्वर की कोशिकाओं की तरह हैं, इन कोशिकाओं का प्राण ईश्वर ही है, जो सर्वथा एक है। हमारे वेदों में विद्यमान क्वांटम फिजिक्स और पर्यावरण के सिद्धांतों को विश्व आज समझ रहा है। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के प्रो. जयकिशोर एस. शास्त्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम के अंतर्गत आचार्य शंकर की 108 फीट एकात्म प्रतिमा का लोकार्पण 2023 में हो चुका है। ओंकारेश्वर में 2400 करोड़ की लागत से आचार्य शंकर का अद्वैत लोक संग्रहालय का कार्य प्रगति पर है।

#### अंत्योदय के लिए सरकार प्रतिबद्ध



सीएम ने कहा कि चिंतक एवं विचारक पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों में भी एकात्मता के भाव की अभिव्यक्ति होती है। राज्य सरकार अंत्योदय के सिद्धांतों के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उदारमना भारतीय सनातन संस्कृति में भक्षण को नहीं अपितु दूसरों के कल्याण को सर्वाधिक महत्व दिया गया है।

# भोजशाला सुनवाई: वसंत पंचमी-जुमे पर टकराव टालने मांगा आयोग, कोर्ट का तर्क... यह याचिका अलग है

**जागरण, इंदौर।** एक दिन के ब्रेक के बाद फिर शुरू हुई नियमित सुनवाई के पहले दिन हाईकोर्ट में सामाजिक सद्भाव का नजारा दिखा। जब दोनों ही पक्षों ने धार स्थित भोजशाला को ऐतिहासिक स्मारक बताते हुए वसंत पंचमी व शुक्रवार जुमां एक ही दिन पड़ने पर बनने वाले तनाव को रोकने पर जोर दिया। हिंदू-मुस्लिम सहित सभी पक्षों ने इस तनाव-टकराव को रोकने के लिए उच्च स्तरीय समिति या आयोग के गठन की मांग भी रखी। हालांकि अदालत ने साफ कर दिया कि यह याचिका अलग है।

धार के भोजशाला विवाद पर हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में शुक्रवार को फिर से सुनवाई शुरू हुई। धार निवासी अंतर सिंह यादव, अनवर हुसैन, मजरुल्ला खान, नंदराम परमार, पुरुषोत्तम हिरवले, रामनारायण धाकड़ और रियाज मोहम्मद खान की ओर से वरिष्ठ एडवोकेट अशोक चितले ने पक्ष रखा। एडवोकेट चितले ने कोर्ट को बताया कि भोजशाला का धार्मिक उपयोग हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों द्वारा किया जाता रहा है। मगर वसंत पंचमी और शुक्रवार एक ही दिन पड़ने की स्थिति में यहां बनने वाली तनाव की स्थिति को रोका जाना चाहिए। दोनों समुदायों के बीच आगे कभी टकराव की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उच्च स्तरीय समिति या आयोग गठित होना चाहिए। इसके लिए विधायी प्रावधान या नियम बनाने के निर्देश केंद्र व राज्य शासन को दिए जाएं। इन तर्कों पर अदालत ने कहाकि यह याचिका अलग है, जिसमें सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की मांग की गई है। हिंदू पक्ष की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हजार साल पहले धार में परमार वंश का शासन था। यहां 1000 से 1055 ईस्वी तक राजा भोज ने शासन किया। माना जाता है कि भोजशाला का निर्माण उन्होंने कराया था।

#### नियमित सुनवाई होगी

अदालत ने सुनवाई के दौरान कहाकि भारतीय संविधान के तहत हम सभी धर्मों को साथ लेकर चलते हैं। इस मामले में आगे की सुनवाई अगले दिन जारी रहेगी। अगले दिन भी एडवोकेट चितले के तर्क जारी रहेंगे। शुक्रवार को अदालत ने इंटरवीनर्स को भी सुनवाई में शामिल होने का मौका दिया था, लेकिन एक इंटरविनर द्वारा बहस की अनुमति मांगे जाने पर कोर्ट ने कहा कि कोर्ट ऐसा मंच नहीं है जहां हर कोई अपनी मांग लेकर उपस्थित हो। किसी याचिका में ठोस आधार (सब्सटेंस) नहीं हैं तो उसे नहीं सुना जाएगा। इस दौरान एएसआई के एडवोकेट सुनील जैन को कोर्ट ने पक्षकार बताते हुए रिपोर्ट या पक्ष प्रस्तुत करने की अनुमति दी।

### डिजिटल ट्विन — कंपनियां बना रही हैं कर्मचारी का एआई, काम में आएगी तेजी

# आपका एआई अवतार बना सकता है 'सुपरवर्कर'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बढ़ते दौर में अब एक नई अवधारणा चर्चा में है- 'डिजिटल ट्विन' यानी आपका डिजिटल प्रतिरूप। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह तकनीक भविष्य में काम करने के तरीके को पूरी तरह बदल सकती है और इंसान को 'सुपरवर्कर' बना सकती है। लेकिन इसके साथ कई गंभीर सवाल भी जुड़े हैं।

डिजिटल ट्विन एक टेक्स्ट-आधारित इंटरफेस में काम करता है, जिसमें यूजर सवाल पूछ सकता है और उसे जवाब मिलता है, ठीक उसी तरह जैसे वह व्यक्ति खुद जवाब देता। ब्रिटेन के टेक विशेषज्ञ रिचर्ड स्केलेट ने इसमें निजी जीवन के लिए भी अलग सेक्शन बनाए हैं- जैसे 'फैमिली' और 'एडमिन' जिन तक कंपनी के लोग नहीं पहुंच सकते। उनकी कंपनी ब्लोर रिसर्च ने अब अपने 50 कर्मचारियों के लिए भी डिजिटल ट्विन तैयार कर दिए हैं, जो यूके, यूरोप, अमेरिका और भारत में काम कर रहे हैं। अमेरिका के एचआर विशेषज्ञ जोश बर्सिन इसे 'सुपरवर्कर' का युग बताते हैं। उनके अनुसार, एआई किसी व्यक्ति की क्षमता को कई गुना बढ़ा देता है। वे कहते हैं, 'अब आपको हर बात के लिए मीटिंग नहीं करनी पड़ती।

#### क्या है डिजिटल ट्विन?



ब्रिटेन के टेक विशेषज्ञ रिचर्ड स्केलेट पिछले तीन साल से अपना डिजिटल ट्विन 'डिजिटल रिचर्ड' बना रहे हैं। यह कोई साधारण चैटबॉट नहीं, बल्कि ऐसा एआई मॉडल है जो स्केलेट की सोच, काम करने का तरीका और निर्णय लेने की शैली को समझता है। यह मॉडल उनके मीटिंग्स, कॉल्स, डॉक्यूमेंट्स और प्रेजेंटेशन का विश्लेषण करके तैयार किया गया है। अब स्केलेट इसे अपने काम में सलाहकार की तरह इस्तेमाल करते हैं-चाहे बिजनेस निर्णय लेना हो या क्लाइंट प्रेजेंटेशन तैयार करना।

#### क्या सच में 'सुपरवर्कर' बन सकता है इंसान

बर्सिन के अनुसार, डिजिटल ट्विन की मदद से कंपनियां तेजी से बढ़ रही हैं। उनकी कंपनी में हर साल 30 फीसदी की ग्रोथ हो रही है, जबकि नई भर्ती की जरूरत बहुत कम हो गई है।

#### कंपनियों को कैसे हो रहा फायदा

डिजिटल ट्विन का सबसे बड़ा फायदा उत्पादकता में वृद्धि है।

- एक कर्मचारी के रिटायर होने के बाद उसका डिजिटल ट्विन काम जारी रख सकता है
- मातृत्व अवकाश पर गई कर्मचारी की जगह डिजिटल ट्विन काम संभाल सकता है
- मीटिंग्स और ईमेल की जरूरत कम हो जाती है

#### उठ रहे हैं गंभीर सवाल

जहां एक तरफ यह तकनीक आकर्षक लगती है, वहीं दूसरी तरफ कई जटिल सवाल भी सामने आ रहे हैं।

- डिजिटल ट्विन का मालिक कौन होगा- कंपनी या कर्मचारी?
- क्या कर्मचारी को ज्यादा वेतन मिलेगा?
- अगर एआई गलती करे तो जिम्मेदार कौन होगा?


मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।